राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 354
लखनऊ, बुधवार 26 अगस्त, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





दलित छात्र को पीटने और बंधक बनाने का आरोप 10

यूपी में 8 से 15 सितम्बर तक मनाया जायेगा कजरी महोत्सवः जयवीर 03


**-: सर्राफा बाजार :-**

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,63,900/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,50,250/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,22,960/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,60,000/किग्रा |

## योगी कैबिनेट के फैसलेः गंगा एक्सप्रेसवे विस्तार समेत 24 प्रस्तावों को मंजूरी

# 60 साल से बड़ी महिलाओं का रोडवेज सफर फ्री

- 250 इलेक्ट्रिक बसों की खरीद के लिए 400 करोड़
- लखनऊ-हरदोई सीमा पर बनेगा 1000 एकड़ का टेक्सटाइल पार्क

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में 27 प्रस्तावों में से 24 को मंजूरी दी गई। सबसे बड़ा फैसला 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में आजीवन मुफ्त यात्रा की सुविधा देने का है। सरकार के मुताबिक इससे एक करोड़ से अधिक महिलाएं लाभान्वित होंगी। यह सुविधा 'लोकमाता अहिल्याबाई मातृ शक्ति योजना' के तहत दी जाएगी। उम्र के सत्यापन के लिए आधार कार्ड को आधार बनाया जाएगा।

योजना का औपचारिक शुभारंभ बुधवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाले कार्यक्रम में किया जाएगा। जिलों में प्रभारी मंत्री भी कार्यक्रमों के माध्यम से योजना की शुरुआत कराएंगे। सरकार का कहना है कि यह फैसला 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए उस संकल्प को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा का वादा किया गया था। 2001 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर एक करोड़ से अधिक महिलाओं के इसके दायरे में आने का अनुमान है। कैबिनेट ने प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन को आधुनिक बनाने की दिशा में भी बड़ा फैसला किया है। इलेक्ट्रिक बसों की खरीद के लिए 400 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। इसके तहत 42 और 52 सीटर श्रेणी की करीब 250 इलेक्ट्रिक बसें खरीदी जाएंगी। इससे शहरी और प्रमुख मार्गों पर सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने के साथ प्रदूषण कम करने में भी मदद मिलने की उम्मीद है।

कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश सूचना प्रौद्योगिकी नीति-2022 में भी संशोधन को मंजूरी दी है। इसके तहत आईटी सिटी स्थापित करने के लिए जमीन की आवश्यकता में बड़ा बदलाव किया गया है। पहले जहां इसके लिए 100 से 500 एकड़ तक का क्षेत्र निर्धारित था, उसे घटाकर 20 एकड़ किया गया है। 500 करोड़ रुपए से अधिक निवेश वाली परियोजनाओं में पूंजीगत प्रोत्साहन का प्रावधान भी रखा गया है। आईटी पार्क के लिए न्यूनतम क्षेत्रफल की शर्तों में भी बदलाव किया गया है। लखनऊ, आगरा, प्रयागराज और वाराणसी के लिए इसे 2500 वर्गमीटर तथा अन्य क्षेत्रों के लिए 1500 वर्गमीटर किया गया है। सरकार का मानना है कि जमीन की शर्तें आसान होने से प्रदेश में आईटी निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

कैबिनेट ने पीएम मित्र योजना के तहत लखनऊ-हरदोई सीमा पर विकसित किए जा रहे 1000 एकड़ के टेक्सटाइल पार्क के लिए फाइनल बिड दस्तावेज को मंजूरी दे दी है। परियोजना को सार्वजनिक-निजी भागीदारी यानी पीपीपी मॉडल पर विकसित किया जाएगा। कुल खर्च करीब 1950 करोड़ रुपए बताया गया है।

कैबिनेट ने प्रदेश के एक्सप्रेसवे नेटवर्क के विस्तार से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों को भी मंजूरी दी है। गंगा एक्सप्रेसवे को हरिद्वार तक विस्तार देने का निर्णय लिया गया है। इस परियोजना की अनुमानित लागत 10,761 करोड़ रुपए है।

प्रस्तावित विस्तार का करीब 100 किलोमीटर हिस्सा उत्तर प्रदेश में और लगभग 30 किलोमीटर हिस्सा उत्तराखंड में होगा।



लखनऊ में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### अन्य प्रमुख फैसले

- माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण की व्यवस्था और प्रभावी बनेगा। माता-पिता की देखभाल नहीं करने वाली संतान को संपत्ति से बेदखल करने की प्रक्रिया आसान होगी। वरिष्ठ नागरिकों की शिकायतों के लिए टोल फ्री व्यवस्था होगी। संतान द्वारा आदेश न मानने पर जिला प्रशासन 30 दिन में कार्रवाई कर सकेगा।
- वंचित विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति पोर्टल फिर खोला जाएगा। करीब 3.16 लाख विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के लिए आवेदन का अतिरिक्त अवसर मिलेगा। छात्रवृत्ति शुल्क प्रतिपूर्ति पर करीब 591 करोड़ रुपये खर्च होंगे।
- सुल्तानपुर में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर स्थापित किया जाएगा। सुल्तानपुर के आईएमएलसी पर 272.25 करोड़ रुपए खर्च होंगे।
- औद्योगिक विकास और रोजगार से जुड़े निवेश प्रस्तावों को मंजूरी।
- विदेशी प्रत्यक्ष निवेश, विदेशी पूंजी निवेश और फॉर्च्यून ग्लोबल-500 से जुड़े निवेश प्रस्तावों पर निर्णय।
- मुख्यमंत्री हथकरघा बुनकर समृद्धि योजना, जनसेवा केंद्र 4.0, पुलिस वाहनों की खरीद और रोजगार-औद्योगिक विकास से जुड़े प्रस्तावों को कैबिनेट के समक्ष रखे गए एजेंडे के अनुसार मंजूरी के दायरे में लिया गया।

## एक लाख को छह माह में सरकारी नौकरीः योगी

- 3446 प्राविधिक सहायकों व 126 मंडी सचिवों को मिला नियुक्ति पत्र
- राज्य में 9 साल में 9.30 लाख से अधिक को मिली सरकारी नौकरी

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार ने 9 साल में 9.30 लाख से अधिक युवाओं को पारदर्शी ढंग से बिना भेदभाव सरकारी नौकरियां दी हैं। यूपी में कभी एक लाख नौकरियां कल्पना होती थी, लेकिन हम छह महीने के भीतर एक लाख युवाओं को सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र देने जा रहे हैं। रिजल्ट की प्रक्रिया चल रही है।

मुख्यमंत्री मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मिशन रोजगार के तहत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा कृषि विभाग में नवचयनित 3446 प्राविधिक सहायकों (ग्रुप-सी) व 126 मंडी सचिवों को नियुक्ति पत्र सौंपने के उपरांत युवाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नवचयनितों से कहा कि सरकार ने पारदर्शी नियुक्ति दी है, तो आप भी इसका लाभ प्रदेश, भावी पीढ़ी और देश को दें। कर्तव्य का ईमानदारी से निर्वहन ही 'नेशन फर्स्ट' की थ्योरी है। सीएम ने कहा कि हमारे आयोग व बोर्ड पारदर्शी नियुक्ति प्रक्रिया से बिना भेदभाव, आरक्षण नियमों का पालन करते हुए योग्य अभ्यर्थियों को मेरिट के अनुसार सफलतापूर्वक नियुक्ति पत्र दिला रहे हैं। यह प्रशंसनीय है। योग्यतम अभ्यर्थियों के चयन से उनकी ऊर्जा का लाभ पूरे प्रदेश को मिलता है। उन्होंने आयोग व बोर्डों के अधिकारियों से कहा कि आपके कार्यों में सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं है। यदि हमने स्वतंत्रता दी है, तो समय से परिणाम लाइए।



लखनऊ में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में चयनित प्राविधिक सहायकों व मंडी सचिवों को नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद संबोधित करते मुख्यमंत्री।

### संक्षिप्त समाचार

**तरुण तेजपाल को सुप्रीम कोर्ट से झटका**

नई दिल्ली। दुष्कर्म मामले में दोषी ठहराए गए तहलका के पूर्व संपादक तरुण तेजपाल को सुप्रीम कोर्ट से मंगलवार को राहत नहीं मिली। शीर्ष अदालत ने उनकी सरेंडर से छूट की मांग खारिज करते हुए दो सप्ताह के भीतर आत्मसमर्पण करने और प्रमाणपत्र जमा करने का निर्देश दिया। बॉम्बे हाईकोर्ट ने उन्हें 10 साल की सजा सुनाई थी।

**सीटीईटी परीक्षा स्थगित एक सितंबर तक आवेदन**

नई दिल्ली। सीबीएसई ने छह सितंबर को प्रस्तावित केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) सितंबर 2026 को स्थगित कर दिया है। बोर्ड ने 25 अगस्त से एक सितंबर तक नए पात्र अभ्यर्थियों को आवेदन का अवसर दिया है। पहले आवेदन कर चुके अभ्यर्थियों को दोबारा फॉर्म भरने की जरूरत नहीं है।

**बांके बिहारी मंदिर के चढ़ावे पर सुप्रीम कोर्ट सख्त**

नई दिल्ली। वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में चढ़ावे की कथित हेराफेरी पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नाराजगी जताई। अदालत ने कहा कि श्रद्धालुओं का एक-एक पैसा दानपेटी या ऑनलाइन माध्यम से सीधे मंदिर के कोषागार में जमा होना चाहिए। सुनवाई के दौरान श्रद्धालुओं से नकद लेकर पॉलीथिन में जमा किए जाने का वीडियो भी अदालत में पेश किया गया।

## जाति जनगणना की प्रश्नावली वापस लेंः कांग्रेस

- पीएम मोदी को राहुल और खरगे ने पत्र लिखा
- कहा, सवालों में पिछड़ा वर्ग करें शामिल

**समृद्धि न्यूज, नई दिल्ली।**



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर आगामी जनगणना में जाति संबंधी जानकारी जुटाने के मौजूदा तरीके पर आपत्ति जताई है। दोनों नेताओं ने सरकार से मौजूदा प्रश्नावली को तत्काल वापस लेने और जाति की जानकारी दर्ज करने की प्रक्रिया में बदलाव करने की मांग की है।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि सामाजिक न्याय से जुड़ी नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए देश में जातियों की वास्तविक संख्या और सामाजिक स्थिति का सही आंकड़ा होना जरूरी है। यदि जाति संबंधी आंकड़े ही सही तरीके से एकत्र नहीं किए गए, तो इन आंकड़ों के आधार पर बनाई जाने वाली नीतियां भी प्रभावित हो सकती हैं। खरगे और राहुल गांधी ने जाति की जानकारी दर्ज करने के लिए 'ओपन-एंडेड सवाल' के इस्तेमाल पर विशेष आपत्ति जताई है। इस व्यवस्था में व्यक्ति अपनी जाति का नाम स्वयं बताता है और उसे उसी रूप में प्रश्नावली में दर्ज किया जाता है। कांग्रेस नेताओं का तर्क है कि भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में यह तरीका सही और एकरूप आंकड़े जुटाने में कठिनाई पैदा कर सकता है।

## बवालः पटना में छात्रों पर लाठीचार्ज पथराव में कई पुलिसकर्मी घायल

- टीआरई-4 परीक्षा में बदलाव की मांग को लेकर उग्र प्रदर्शन
- वाटर कैनन से भी नहीं माने छात्र, पुलिस व सीआरपीएफ से झड़प

**एजेंसी, पटना।**

बीपीएससी टीआरई-4 की परीक्षा में बदलाव समेत विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को पटना में छात्रों का प्रदर्शन उग्र हो गया। गांधी मैदान से डाकबंगला चौराहे की ओर बढ़ रहे प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने बैरिकेडिंग की, लेकिन छात्र उसे पार कर आगे बढ़ गए। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने वाटर कैनन चलाया और बाद में लाठीचार्ज किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हुई। पथराव में कई पुलिसकर्मी घायल हुए हैं।

प्रदर्शनकारी टीआरई-4 में एकल परीक्षा कराने, निगेटिव मार्किंग खत्म करने समेत परीक्षा प्रक्रिया में बदलाव की मांग कर रहे थे। जेपी गोलंबर के पास पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर छात्रों को रोकने का प्रयास किया। बड़ी संख्या में छात्र बैरिकेडिंग तोड़कर डाकबंगला चौराहे तक पहुंच गए।

भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन की बौछार की। इसके बावजूद प्रदर्शनकारी पीछे हटने को तैयार नहीं हुए। हालात बिगड़ने पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर करने का प्रयास किया।

डाकबंगला चौराहे पर प्रदर्शन के दौरान पथराव हुआ।

## बदायूं में आंबेडकर प्रतिमा के लिए तनाव, पथराव में सीओ समेत कई घायल

**समृद्धि न्यूज, बदायूं।** फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के राजा की सीकरी गांव में मंगलवार शाम डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा लगाने को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते मामला तनावपूर्ण हो गया और भीड़ ने पुलिस टीम पर पथराव शुरू कर दिया। पथराव में क्षेत्राधिकारी (सीओ) समेत कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। एक हेड कांस्टेबल के सिर में गंभीर चोट आई है। पथराव के दौरान पुलिस की कई गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। एक एंबुलेंस में भी तोड़फोड़ की गई। घटना के बाद मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया गया। जानकारी के अनुसार, राजा की सीकरी गांव में ग्राम समाज की जमीन पर आंबेडकर प्रतिमा लगाने को लेकर विवाद शुरू हुआ।

## चंपत के खिलाफ संतों की बैठक को पुलिस ने रोका

- ओम आश्रम में जुटे संतों को बाहर निकालकर ताला लगाने का आरोप
- चढ़ावे के मुद्दे पर हो रही थी चर्चा, नाराज संतों ने लगाए 'चंदा चोर' के नारे

**समृद्धि न्यूज, अयोध्या।**

राम मंदिर के चढ़ावे में कथित चोरी और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के खिलाफ संतों की ओर से बुलाई गई बैठक मंगलवार को पुलिस की कार्रवाई के बाद रोक दी गई। बैठक कारसेवकपुरम के पास स्थित ओम आश्रम में हो रही थी। संतों का आरोप है कि बैठक के दौरान पुलिस टीम आश्रम पहुंची और वहां मौजूद संतों को बाहर निकाल दिया। इसके बाद आश्रम में ताला लगा दिया गया।

संतों के मुताबिक, राम मंदिर से जुड़े चढ़ावे और चंपत राय के खिलाफ लगाए जा रहे आरोपों को लेकर आगे की रणनीति तय करने के लिए यह बैठक बुलाई गई थी। बैठक में अयोध्या के कई संतों के शामिल होने की बात कही गई। इसी दौरान पुलिस के पहुंचने से वहां मौजूद संतों में नाराजगी फैल गई।

संतों का आरोप है कि पुलिस ने बैठक को आगे नहीं बढ़ने दिया। आश्रम से बाहर निकाले जाने के बाद संतों ने पुलिस और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। इसी दौरान चंपत राय के खिलाफ 'चंदा चोर' के नारे भी लगाए गए। संतों ने कहा कि मंदिर और श्रद्धालुओं से जुड़े चढ़ावे के संबंध में उठ रहे सवालों पर चर्चा करना जरूरी है और इसे किसी दबाव में नहीं रोका जाना चाहिए।

पुलिस की ओर से बैठक रोके जाने और आश्रम में ताला लगाए जाने के आरोपों पर आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।




# छात्रों को परोसे जाने वाले भोजन के लिए गए नमूने

सप्लाई फर्म को नोटिस

समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।




आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के आदेश एवं जिलाधिकारी तथा सहायक खाद्य आयुक्त खाद्य-, बाराबंकी के निर्देशन में कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय निगरी विकास खण्ड बंकी, तहसील नवाबगंज, जनपद बाराबंकी एवं जहांगीराबाद एजुकेशनल ट्रस्ट के परिसर में स्थापित मेस/कैन्टीन का निरीक्षण छात्र-छात्राओं को परोसे जाने वाले भोजन निर्माण में प्रयुक्त होने वाले कच्चे खाद्य पदार्थों का भौतिक निरीक्षण किया गया साथ ही फूड सेफ्टी ऑन व्हील (सचल खाद्य पदार्थ जाँच प्रयोगशाला) के माध्यम से कुल 27 खाद्य पदार्थों की त्वरित जाँच की गयी, जिसमें लाल मिर्च पाउडर को मानक के विपरीत पाये जाने पर तत्काल विनष्ट करा दिया गया। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पर उपस्थित छात्राओं को सुरक्षित खाद्य, हाईजीन दशाओं, संक्रामक रोग, व्यक्तिगत स्वास्थ्य आदि बिन्दुओं पर जागरूक किया गया। जहांगीराबाद एजुकेशनल ट्रस्ट पर स्थापित मेस/कैन्टीन में निरीक्षण के समय पायी गयी कमियों पर सुधार करने हेतु नोटिस निर्गत की गयी। तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्रान्तर्गत टिकैतनगर स्थित सत्यम जनरल स्टोर से फ्रोजन डेजर्ट तथा बदोसरायं स्थित देव आइसक्रीम से आइसकैण्डी का नमूना जॉच हेतु लिया गया।

प्राथमिक विद्यालय ओबरी, बाराबंकी से मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता जॉच हेतु तैयार सब्जी व सरसो तेल का नमूना लिया गया। बाराबंकी नगर में प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान ग्लोब कैफे, पल्हरी चैराहा, दूध का नमूना लेते हुए कमियों के दृष्टिगत नोटिस जारी की गयी। निरीक्षण व कमियों के दृष्टिगत नोटिस जारी की गयी। एस0टी0एफ0 व खाद्य सुरक्षा टीम के साथ मो0 शकील पुत्र स्व0 मो0 यूनुस निवासी ग्राम शाहपुर, थाना बड्डूपुर, जनपद बाराबंकी के मिलावटी चाय की पत्ती के कारोबार का भण्डाफोड़ किया गया था, तथा कार्यवाही के दौरान गार्डेन फ्रेश तथा फास्ट टी ब्राण्ड की चाय की पत्ती का नमूना जॉच हेतु प्रेषित किया गया था। प्रयोगशाला द्वारा नमूनें में सिन्थेटिक रंग की पुष्टि करते हुए मानव उपभोग के लिए असुरक्षित बताया गया है।

प्रकरण में थाना बड्डूपुर में प्राथमिकी दर्ज करायी जा चुकी है। उक्त रिपोर्ट पुलिस थाना बड्डूपुर को भी उपलब्ध करायी जा रही है, ताकि अभियुक्त के विरूद्ध कठोर कार्यवाही सम्पादित की जा सके।

प्रकरण में खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम-2006 के अन्तर्गत सक्षम न्यायालय में परिवाद दाखिल करने की प्रक्रिया प्रचलन में है।

# बकाया नगरीय करों के निस्तारण के लिए लागू है 'एक मुश्त समाधान योजना': जिलाधिकारी

समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।

जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने जनपद के नगरीय निकायों के करदाताओं को जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में लंबित संपत्ति कर, जलकर एवं अन्य के प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए शासन द्वारा 'एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस)' लागू की गई है।

यह योजना 15 अगस्त 2026 से 15 दिसंबर 2026 तक संचालित की जा रही है, जिससे नागरिकों को अपने लंबित प्रकरणों के निस्तारण के लिए पर्याप्त समय उपलब्ध हो सकेगा। योजना के अंतर्गत पात्र करदाताओं को अपने लंबित नगरीय कर बकाये के निस्तारण का अवसर मिलेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि योजना अवधि में 15 अगस्त से 14 सितंबर 2026 तक नगरीय निकायों द्वारा हितबद्ध पक्षों को सूचित करने की अवधि निर्धारित है। इसके अतिरिक्त, हितबद्ध पक्षों द्वारा योजना के अंतर्गत आवेदन 15 अगस्त 2026 से 14 नवंबर 2026 तक किए जा सकेंगे। इस अवधि के बाद कोई नया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

प्राप्त सभी आवेदनों का नियमानुसार अंतिम रूप से निस्तारण 15 दिसंबर 2026 तक अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाएगा।

करदाताओं की सुविधा के लिए सम्बन्धित नगर निकाय कार्यालय में सहायता एवं पंजीकरण केंद्रों के माध्यम से आवेदन, पंजीकरण एवं भुगतान की प्रक्रिया में आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए पात्र करदाताओं तक इसकी जानकारी पहुंचाई जाए तथा सहायता एवं पंजीकरण केंद्रों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से बड़े बकायेदारों एवं पुराने कर बकाये वाले करदाताओं को योजना की निर्धारित समय-सीमा से अवगत कराया जाए।

योजना अवधि में प्राप्त सभी आवेदनों का नियमानुसार समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा 15 दिसंबर 2026 तक सभी प्रकरणों का अंतिम रूप से निस्तारण कराया जाए।

## खबरें एक नजर में

### रोड अतिक्रमण से टीकाराम धाम जाना हुआ मुहाल

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** कोतवाली हैदरगढ़ के नरौली गांव से बाबा टीकाराम धाम को जाने वाली रोड पर अतिक्रमण कर हुए अवैध निर्माण से बाबा टीकाराम धाम जाने वाले वाहनों को निकलने में परेशानी हो रही है। विदित हो कि प्रत्येक मंगलवार बाबा टीकाराम की तपोस्थली पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रसाद चढ़ाने व दर्शन के लिए आवागमन करते है। बारिश के कारण अतिक्रमण की गई भूमि पर लगे हुए ईटों से बालू और मिट्टी बह कर सड़क पर आ गई है जिसकी वजह से फिसलन हो गई है।इसी वजह से इस मार्ग से होकर वाहनों से आने जाने वाले श्रद्धालु व आम लोग आज दिन भर परेशान दिखाई दिए। ग्रामीणों द्वारा प्रशासन को सूचना देने पर भी प्रशासन चुप्पी साधे हुए है।

### लघुशंका गए प्रधान के भाई की छत से गिरकर मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत भियामऊ गांव में बीती रात लघुशंका के दौरान छत से नीचे गिरे प्रधान के बड़े भाई की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। युवक की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार गाँव निवासी मनोज गौतम 30 सोमवार की रात भीषण गर्मी के कारण अपने परिवार के साथ दो मंजिला मकान की छत पर सोने चले गए थे। बताते हैं कि रात्रि सवा एक बजे लघुशंका के लिए उठकर चहारदीवारी विहीन छत के किनारे गये थे तभी पैर फिसल जाने से सिर के बल नीचे पड़ी मौरंग पर गिर गए। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। परिजनों ने इसकी सूचना112 पुलिस को दी। बाद में पहुँची कोतवाली पुलिस शव को पीएम के लिए भेज जाँच पड़ताल शुरू कर दी। मृतक मनोज कुमार स्थानीय विकास खंड की रीठी सिकन्दरपुर ग्राम पंचायत के प्रधान दुर्गेश गौतम के बड़े भाई थे और ग्राम पंचायत के कार्यों में अपने छोटे भाई की भरपूर मदद करते थे।



### दहशत का पर्याय बना तेंदुआ पिंजड़े में हुआ कैद

**बहराइच।** मोतीपुर वन रेंज में पिछले कई दिनों से दहशत का कारण बना तेंदुआ आखिरकार वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजड़े में कैद हो गया। यह घटना जगतापुर गुलहरिया गांव के पास सोमवार देर रात करीब तीन बजे हुई। पिछले कई दिनों से जगतापुर गुलहरिया और आसपास के गांवों में तेंदुए की लगातार गतिविधियां देखी जा रही थीं। शाम होते ही ग्रामीणों को तेंदुए की आवाजाही का डर सताने लगता था, जिससे लोग अंधेरा होने के बाद घरों से बाहर निकलने में सावधानी बरत रहे थे।

### कांग्रेस एआईसीसी सचिव रितिक मकवाना बहराइच पहुंचे

**बहराइच।** कांग्रेस के अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) सचिव रितिक मकवाना मंगलवार को बहराइच पहुंचे। उन्होंने शहर के कांग्रेस भवन में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान संगठन को मजबूत करने और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की गई। मकवाना ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए अभी से तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। पार्टी किसानों के कर्ज माफी, विकास और रोजगार जैसे जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने प्रदेश और केंद्र की भाजपा सरकार पर भी निशाना साधा। मकवाना ने कहा कि गन्ने से एथनॉल बनने के कारण चीनी के दाम बढ़ रहे हैं, लेकिन डीजल सस्ता नहीं हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों से आम जनता प्रभावित हो रही है। गठबंधन के संबंध में पूछे जाने पर कांग्रेस नेता ने बताया कि यदि आगामी चुनाव में गठबंधन होता है, तो सीट बंटवारे पर सहयोगी दलों के साथ चर्चा की जाएगी। उन्होंने दोहराया कि कांग्रेस जनता के मुद्दों को लेकर मजबूती से चुनाव लड़ेगी।मकवाना ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि देश चलाने का काम भाजपा का नहीं है। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से काम करने का संकल्प लिया। इस बैठक में कांग्रेस नेता जितेंद्र प्रताप सिंह, तारिक बेग सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मेडिकल स्टोर में लगी आग, दवाईयां जली

**बहराइच।** शहर के मेडिकल कॉलेज के सामने स्थित न्यू किरण मेडिकल स्टोर में सोमवार को आग लग गई। आग लगने के बाद दुकान से धुआं और लपटें उठने लगीं, जिससे आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। पुलिस टीम सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और स्थिति का आकलन किया। पुलिस ने तत्काल दमकल विभाग को सूचित किया, जिसके बाद दमकल की गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझाए जाने से आसपास की अन्य दुकानों और प्रतिष्ठानों तक आग फैलने से रोक दिया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग लगने से मेडिकल स्टोर में रखे सामान और दवाइयों को भारी नुकसान हुआ है। हालांकि, इस अग्निकांड में किसी प्रकार की जनहानि की कोई सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# दिव्यांगों के लिए मेडिकल कैंप का आयोजन

समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।



दिव्यांग जनों की सेवा एक पुनीत कार्य है इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा बलरामपुर एवं इनर व्हील क्लब बलरामपुर इस तरह कार्यो को बराबर करता रहता है प्रधानमंत्री मोदी जी ने विकलांग नाम बदलकर दिव्यांगजन नाम दिया जिससे दिव्यांग बच्चों के अंदर दिव्यता का आभास हो उक्त बात बात सदर विधायक पलटू राम ने बलरामपुर नील कोठी अचलपुर स्थित बचपन डे केयर सेंटर समेकित दिव्यांगजन केंद्र में आयोजित मेडिकल कैंप के दौरान उद्घाटन सत्र में कहीं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा बलरामपुर एवं इनर व्हील क्लब के संयुक्त प्रावधान में एक मेडिकल कैंप का आयोजन अचलापुर नील कोठी स्थित बचपन डे सेंटर केयर सेंटर पर किया गया उक्त अवसर पर आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डा प्रजापति ऑर्थोपेडिक वरिष्ठ सर्जन एवं चिकित्सक डॉ एके भट्ट वीटीएम के चिकित्सक डॉक्टर प्रांजल त्रिपाठी नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर कौशल्या गुप्ता डॉक्टर महेश वर्मा बाल रोग विशेषज्ञ एवं डॉ एस के वर्मा लायंस क्लब से नेत्र परीक्षक जिला संयुक्त चिकित्सालय से ब्लड जांच हेतू एलटी अखिलेश तिवारी ने अपनी सेवाएं प्रदान की दिव्यांग बच्चों का नेत्र परीक्षण एवं सभी प्रकार की बच्चों में स्टाफ को जांच कर दवाऐ प्रदान की गई मेडिकल कैंप को सफल बनाने में सीएमएस महिला सीएमएस जिला संयुक्त चिकित्सालय लायंस क्लब बलरामपुर वृष चिकित्सक डॉक्टर एक भट्ट डॉक्टर कौशल्या गुप्ता डॉक्टर प्रांजल त्रिपाठी जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय से डॉक्टर प्रजापति जी सहित सभी चिकित्सकों का सराहनीय सहयोग रहा।

# वीपी मंडल की जयंती पर सपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।

समाज में हाशिये पर पड़े लोगों के हक अधिकार के लिए गांव से लेकर सरकार तक हर किसी से संघर्ष करने के लिए प्रसिद्ध स्वर्गीय बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल वी.पी. मण्डल की आज जयंती के अवसर पर जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय में जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मंडल आयोग के निर्माता पूर्व सांसद बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री बी.पी. मंडल के चित्र पर पदाधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप जिला महासचिव हिमांशु यादव हुमायूं नईम खान, सुरेश चंद्र गौतम इलाहाबाद उपाध्यक्ष कामता प्रसाद यादव अजय वर्मा बबलू राजेश वर्मा जसवंत सिंह यादव जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, प्रिंस वर्मा समीम चौधरी आदि प्रमुख पदाधिकारियों ने बी.पी. मंडल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय नगर में आत्मरक्षा जागरूकता व प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।** बालिकाओं को आत्मनिर्भर, जागरूक एवं आत्मविश्वासी बनाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय नगर, बलरामपुर में बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं को दैनिक जीवन में अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहने के साथ ही विपरीत परिस्थितियों में स्वयं की रक्षा करने के व्यावहारिक तरीके बताए गए। प्रशिक्षण के दौरान मार्शल आर्ट प्रशिक्षक नागेंद्र गिरी द्वारा बालिकाओं को महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए उपयोगी विभिन्न सेल्फ डिफेंस तकनीकों की जानकारी दी गई। उन्होंने बालिकाओं को बताया कि किसी आकस्मिक अथवा असुरक्षित परिस्थिति में घबराने के बजाय सतर्कता, सूझबूझ और आत्मविश्वास के साथ परिस्थितियों का सामना करना बेहद महत्वपूर्ण है।

इस दौरान बालिकाओं को अपनी सुरक्षा के लिए उपयोगी विभिन्न व्यावहारिक तकनीकों का प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रशिक्षक द्वारा बालिकाओं को आसपास के वातावरण के प्रति सतर्क रहने, संभावित खतरे को समय रहते पहचानने तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सहायता प्राप्त करने के संबंध में भी जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा का उद्देश्य केवल शारीरिक तकनीक सीखना नहीं, बल्कि बालिकाओं में आत्मविश्वास, सतर्कता, त्वरित निर्णय क्षमता एवं साहस विकसित करना भी है। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलरामपुर के सचिव यशपाल वर्मा ने बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बालिका को अपने अधिकारों की जानकारी होने के साथ-साथ अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति भी सजग रहना चाहिए।

# गौरा थाना के त्वरित कार्रवाई से साइबर ठगी को किया गया नाकाम



समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।

वादी व्यक्ति द्वारा थाना गौरा चौराहा पर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अवगत कराया गया की संदिग्ध व्यक्ति द्वारा उसके खाते से 50000 की धनराशि स्थानांतरित कर लिया गया था । इस प्रकार आरोपी द्वारा 50000 की साइबर धोखाधड़ी की घटना की जानकारी होते ही पीड़ित द्वारा तत्काल नेशनल साइबर क्राईम रिर्पोटिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई शिकायत प्राप्त होने पर थाना गौरा चौराहा की साइबर हेल्थ डेस्क द्वारा तत्काल तकनीकी जांच प्रारंभ करते हुए संबंधित बैंक के नोडल अधिकारी से समन्वय स्थापित कर आवश्यक विधि कार्रवाई की गई कार्यवाही के दौरान वादी का 23140 रुपए होल्ड कराया गया धनराशि वापसी का विवरण , प्रकरण की जांच के दौरान समस्त आवश्यक विधि कार्रवाई पूर्ण करते हुए न्यायालय से आवश्यक आदेश प्राप्त किए गए न्यायालय के आदेश के अनुपालन में संबंधित बैंक के नोडल अधिकारी को समन्वय स्थापित करोल की धनराशि पीड़ित के बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस कराई गई।

# पंजीकरण में पारदर्शिता व शासन के राजस्व हितों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकताः डीएम

समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।



जनपद में स्टाम्प एवं पंजीकरण प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा स्टाम्प शुल्क के संभावित करापवंचन पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन द्वारा उपनिबंधक कार्यालय सदर से संबंधित उच्च मूल्य के विलेखों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने अभिलेखों में अंकित संपत्तियों की प्रकृति, उपयोग एवं मौके की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया।

जिलाधिकारी द्वारा सदर उपनिबंधक कार्यालय के अर्द्धनगरीय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महादेव मिश्र में पंजीकृत दो उच्च मूल्य के विलेखों की जांच की गई। इनमें लेखपत्र संख्या-6395/2026, जिसकी मालियत 3,21,57,000 है तथा संपत्ति की प्रकृति आवासीय दर्ज है, का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

इसके साथ ही लेखपत्र संख्या-6396/2026, जिसकी मालियत 10,27,02,000 है, की भी जांच की गई। मौके पर स्थापित इंडियन ऑयल पेट्रोल पम्प एवं व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स की स्थिति का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने अभिलेखों में दर्ज विवरण एवं संपत्ति के वास्तविक उपयोग का जायजा लिया। इसी क्रम में उक्त व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स से लगे नगरीय क्षेत्र के रिहायशी मकान का भी निरीक्षण किया गया। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा नगरीय क्षेत्र के मोहल्ला अचलापुर, सिविल लाइन स्थित लेखपत्र संख्या-5995/2026, जिसकी मालियत 4,73,83,000 है, का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उक्त संपत्ति में दो मंजिला रिहायशी मकान एवं खाली भूमि शामिल है। जिलाधिकारी ने मौके की स्थिति का अवलोकन करते हुए संबंधित अभिलेखों एवं संपत्ति के वास्तविक स्वरूप के आधार पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

# मेडिकल कॉलेज में नशामुक्ति केंद्र शुरू

समृद्धि न्यूज़, अम्बेडकरनगर।



महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को एडिक्शन ट्रीटमेंट फैसिलिटी विंग यानी नशामुक्ति केंद्र का शुभारंभ किया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. मुकेश यादव ने फीता काटकर केंद्र का उद्घाटन किया। इसके साथ ही गंभीर मानसिक रोगियों के उपचार के लिए इलेक्ट्रोकन्वल्सिव थेरेपी तथा यौन स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के उपचार में उपयोगी मल्टी बिहेवियरल सेक्स थेरेपी मशीन की सुविधा भी शुरू की गई। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ब्रजेश कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। नवीन सुविधाओं के शुरू होने से नशे की लत, गंभीर मानसिक रोगों और यौन स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे मरीजों को अब जिले में ही विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार की सुविधा मिल सकेगी। एटीएफ विंग का शुभारंभ एनडीडीटीसी, एम्स नई दिल्ली के सहयोग और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के समर्थन से किया गया है। केंद्र में शराब, तंबाकू, सिगरेट, स्मैक, भांग, गांजा समेत विभिन्न प्रकार के नशे की निर्भरता से प्रभावित मरीजों को वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित उपचार, काउंसलिंग और चिकित्सकीय सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

मेडिकल कॉलेज में शुरू की गई यौन स्वास्थ्य संबंधी उपचार सुविधा के माध्यम से स्वप्नदोष और अन्य यौन समस्याओं से परेशान लोगों को वैज्ञानिक चिकित्सा परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। इससे मरीजों को अप्रमाणित इलाज अथवा झोलाछाप चिकित्सकों के चक्कर में पड़ने से बचाने में मदद मिलेगी।

प्रधानाचार्य डॉ. मुकेश यादव ने बताया कि एनडीडीटीसी एम्स दिल्ली से प्रशिक्षित काउंसलर विनोद कनौजिया, डॉ. प्रियम खरे, स्टाफ नर्स अनुराग त्रिपाठी और डाटा मैनेजर स्वीटी शर्मा ने कार्यभार संभालने के बाद एटीएफ विंग को शुरू करने के लिए आवश्यक तैयारियों को गति दी। विभागीय समन्वय और व्यवस्थाओं को पूरा कर केंद्र को संचालन के लिए तैयार किया गया। नशे की समस्या व्यक्ति ही नहीं, पूरे परिवार को प्रभावित करती है

# कतर्नियाघाट में मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने को गोष्ठी

समृद्धि न्यूज़, बहराइच।

कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के कतर्नियाघाट रेंज में सोमवार को मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने के लिए एक जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई। गुलरा गांव में हुई इस गोष्ठी का नेतृत्व वन क्षेत्राधिकारी आशीष गौड़ ने किया। गुलरा गांव कतर्नियाघाट के जंगल से सटा हुआ है, जहां अक्सर तेंदुआ और बाघ जैसे वन्यजीवों की आवाजाही देखी जाती है। इससे ग्रामीणों और किसानों में भय का माहौल रहता है। इसी स्थिति को देखते हुए वन विभाग ने ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया। गोष्ठी में ग्राम प्रधान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। वन विभाग की टीम में वन दरोगा राधेश्याम, डिप्टी रेंजर आशीष गौड़ और बीट के वनरक्षक भी शामिल रहे। वन क्षेत्राधिकारी आशीष गौड़ ने ग्रामीणों को मानव-वन्यजीव संघर्ष से बचने के कई महत्वपूर्ण उपाय सुझाए। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे सतर्क रहें और इन निर्देशों का पालन करें। उन्होंने बताया कि खेतों में अकेले जाने से बचें, खासकर सुबह-शाम समूह में जाएं और शोर करते हुए चलें ताकि जंगली जानवर दूर रहें। ग्रामीणों को जंगल के अंदर जलाऊ लकड़ी या पशुओं के लिए चारा लेने जाने से मना किया गया, क्योंकि इससे वन्यजीवों से आमना-सामना होने का खतरा बढ़ जाता है। गर्मी के दिनों में खेतों या घर के बाहर खुले में सोने से बचने की सलाह दी गई।

# महिलाओं को अधिकारों की जानकारी होना जरूरीः नीलम वर्मा

समृद्धि न्यूज़, अम्बेडकरनगर।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जन शिक्षण केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को अकबरपुर ब्लॉक के बीएलवाई इंटर कॉलेज, गौहन्ना में महिलाओं एवं छात्राओं के अधिकारों, महिला सुरक्षा, सरकारी योजनाओं और स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं और महिलाओं को कानून द्वारा दिए गए अधिकारों के साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर जिला जज एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीलम वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। जन शिक्षण केंद्र की सचिव पुष्पा पाल ने जेंडर भेदभाव पर चर्चा करते हुए कहा कि महिलाओं के साथ भेदभाव कई बार जन्म से ही शुरू हो जाता है। कानून की नजर में महिला और पुरुष समान हैं। उन्होंने महिलाओं से अपने अधिकारों की जानकारी हासिल कर आत्मनिर्भर बनने तथा अन्य महिलाओं को भी जागरूक करने का आह्वान किया। महिला थाना एवं मिशन शक्ति टीम की रोहिणी सिंह ने महिला सुरक्षा से जुड़ी हेल्पलाइन की जानकारी देते हुए 1090, 181 और 112 के उपयोग के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न अथवा किसी प्रकार की परेशानी होने पर महिलाएं इन सेवाओं की मदद ले सकती हैं। प्रोबेशन विभाग की मंजू ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की पात्रता और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी। साथ ही मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के बारे में बताते हुए कहा कि माता-पिता अथवा उनमें से किसी एक की मृत्यु के बाद बच्चों की शिक्षा जारी रखने में यह योजना महत्वपूर्ण सहारा प्रदान करती है।

# 17 मार्च से लापता सुनील का नहीं मिला सुराग, बीमार पिता धरने पर

कांग्रेस ने प्रशासन को घेरा

समृद्धि न्यूज़, अम्बेडकरनगर।




टांडा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हसनपुर सुनथर निवासी सुनील वर्मा बीते 17 मार्च से लापता हैं, लेकिन महीनों बाद भी पुलिस और प्रशासन उनके बारे में किसी ठोस नतीजे तक नहीं पहुंच सका है। बेटे की तलाश में गंभीर बीमारी से जूझ रहे पिता भी धरने पर बैठे हैं। मंगलवार को धरने का सातवां दिन रहा। पीड़ित परिवार का आरोप है कि सुनील के लापता होने के बावजूद पुलिस की कार्रवाई संतोषजनक नहीं है। परिवार का कहना है कि एक तरफ बेटे का कोई पता नहीं चल रहा, वहीं गंभीर रूप से बीमार पिता न्याय और बेटे की बरामदगी की मांग को लेकर धरने पर बैठने को मजबूर हैं। मामले को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष केके यादव ने धरना स्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और प्रशासन से सुनील वर्मा की तत्काल तलाश एवं बरामदगी की मांग की। उन्होंने कहा कि 'जब तक सुनील वर्मा बरामद नहीं होते, कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती के साथ परिवार के साथ खड़ी रहेगी। केके यादव ने कहा कि गंभीर बीमारी के बावजूद सुनील के पिता धरने पर बैठे हैं। यदि धरने के दौरान उनके स्वास्थ्य के साथ कोई अप्रिय स्थिति होती है तो इसकी पूरी जवाबदेही प्रशासन की होगी। उन्होंने प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द ठोस कार्रवाई करने की मांग की। परिवार का आरोप है कि पुलिस लापता युवक की तलाश में प्रभावी कार्रवाई करने के बजाय धरना समाप्त कराने का दबाव बना रही है। परिजनों का कहना है कि उनका एक ही सवाल है–सुनील कहां है? सातवें दिन भी धरना जारी रहने से प्रशासन के सामने मामले को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। परिवार बेटे की सकुशल बरामदगी की मांग पर अड़ा है, जबकि कांग्रेस ने भी स्पष्ट कर दिया है कि सुनील की बरामदगी तक पीड़ित परिवार की आवाज उठाई जाती रहेगी। अब सवाल सिर्फ सुनील की तलाश का नहीं, बल्कि उस परिवार को न्याय और जवाब मिलने का है, जो महीनों से अपने बेटे की राह देख रहा है।

## प्रोजेक्ट अलंकार के तहत 23 जिलों के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों को मिलेगी राशि

# यूपी के 51 विद्यालयों का होगा कायाकल्प, 6.71 करोड़ मंजूर

- भवनों की मरम्मत से लेकर जरूरी सुविधाओं का होगा विकास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।



प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में जर्जर भवनों की मरम्मत और विद्यार्थियों के लिए जरूरी सुविधाओं के विकास का रास्ता साफ हो गया है। शासन ने प्रोजेक्ट अलंकार के तहत 23 जिलों के 51 विद्यालयों के कायाकल्प के लिए 6.71 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। स्वीकृत राशि से विद्यालयों में पुराने भवनों की मरम्मत, पुनर्निर्माण और आवश्यकता के अनुसार अन्य बुनियादी सुविधाओं का विकास कराया जाएगा। शासन की ओर से धनराशि जारी किए जाने के बाद संबंधित विद्यालयों में काम शुरू कराने की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। माध्यमिक शिक्षा विभाग के आदेश के अनुसार, स्वीकृत धनराशि को दो चरणों में विद्यालयों को उपलब्ध कराया जाएगा। 14 जिलों के 32 विद्यालयों को दूसरी किस्त के रूप में करीब 5.52 करोड़ रुपये दिए गए हैं। वहीं, नौ जिलों के 19 विद्यालयों को तीसरी किस्त के रूप में करीब 1.18 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस तरह कुल 51 विद्यालयों के लिए करीब 6.71 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है।

**पुराने भवनों की मरम्मत पर जोर**

प्रोजेक्ट अलंकार का उद्देश्य सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में उपलब्ध आधारभूत ढांचे को बेहतर बनाना है। लंबे समय से मरम्मत की जरूरत वाले भवनों में आवश्यक कार्य कराए जाने से विद्यार्थियों को सुरक्षित और बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। भवनों की स्थिति के आधार पर मरम्मत, पुनर्निर्माण और जरूरी निर्माण कार्य कराए जा सकेंगे। शासन की ओर से स्वीकृत धनराशि संबंधित विद्यालयों के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि सहायता प्राप्त विद्यालयों में कई जगह पुराने भवन और सीमित संसाधन शिक्षा व्यवस्था के लिए चुनौती बने हुए हैं। प्रोजेक्ट के तहत मिलने वाली राशि से इन कमियों को दूर करने की कोशिश की जाएगी।

**दो किस्तों में जारी हुई धनराशि**

विभागीय आदेश के मुताबिक, दूसरी किस्त पाने वाले 32 विद्यालयों के लिए करीब 5.52 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इन विद्यालयों को पहले स्वीकृत धनराशि के बाद अब अगली किस्त मिलने से अधूरे निर्माण अथवा मरम्मत कार्यों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। इसी तरह तीसरी किस्त के लिए चयनित नौ जिलों के 19 विद्यालयों को करीब 1.18 करोड़ रुपये मिलेंगे। तीसरी किस्त का आवंटन उन विद्यालयों में चल रहे कार्यों को पूरा करने की दिशा में अहम कदम है। विभाग की ओर से धनराशि के उपयोग और निर्माण कार्यों की प्रगति पर नजर रखी जाएगी।

**23 जिलों में पहुंचेगा लाभ**

प्रोजेक्ट अलंकार के इस चरण का लाभ प्रदेश के 23 जिलों के विद्यालयों को मिलेगा। अलग-अलग जिलों में चयनित 51 विद्यालयों में भवन और आधारभूत सुविधाओं की आवश्यकता के अनुसार कार्य कराए जाएंगे। इससे इन विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के साथ विद्यालयों की आधारभूत संरचना मजबूत करने में मदद मिलेगी।

**गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए जरूरी है बेहतर ढांचा**

शिक्षा व्यवस्था में केवल शिक्षकों और पाठ्यक्रम की भूमिका ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि विद्यालय का सुरक्षित और सुविधायुक्त भवन भी उतना ही जरूरी है। पुराने भवनों में मरम्मत न होने से विद्यार्थियों और शिक्षकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में प्रोजेक्ट अलंकार के तहत धनराशि जारी होने से विद्यालयों के बुनियादी ढांचे में सुधार की उम्मीद बढ़ी है।

शासन का फोकस विद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों को बेहतर करने के साथ जरूरी निर्माण और मरम्मत कार्यों को पूरा कराने पर है। अब संबंधित विद्यालयों में स्वीकृत धनराशि के अनुरूप काम की गति और गुणवत्ता पर विशेष नजर रहेगी।

23 जिलों के 51 विद्यालयों में होने वाले ये कार्य पूरे होने के बाद विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक माहौल मिलने की उम्मीद है।

## धोखाधड़ी से पासपोर्ट बनवाने वाले दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** थाना रहीमाबाद थाना प्रभारी रहीमाबाद अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि थाना क्षेत्र के ससपन निवासी मोहित कुमार ने 8 फरवरी 2016 को पहले पासपोर्ट बनवाया था इसमें पिता का नाम रामदीन माता का नाम गंगा देवी और जन्मतिथि 1 जनवरी 1995 दर्ज थी मोहित ने पहले पासपोर्ट को छुपाते हुए 4 मार्च 2021 को दूसरा पासपोर्ट जारी कराया इस दूसरे पासपोर्ट में पिता का नाम रामदीन माता का नाम सरला और जन्मतिथि 6 जुलाई 1999 अंकित की कराई गई इसी प्रकार कहला निवासी मोहम्मद अशफाक ने 27 नवंबर 2014 को अपना पहला पासपोर्ट बनवाया था उन्होंने भी 10 सितंबर 2022 में दूसरा पासपोर्ट जारी कर लिया अशफाक के पहले और दूसरे पासपोर्ट में दर्ज कराई गई जानकारियां अलग-अलग मिली है दोनों आरोपियो के खिलाफ रहीमाबाद थाने के दरोगा रामसेवक राणा इंद्रजीत सिंह की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

## मुख्यमंत्री आवास योजना में असहाय महिलाओं दिव्यांगों और वंचितों को प्राथमिकता: केशव

- डबल इंजन सरकार में 5 लाख परिवारों को मिला पक्का आवास
- ग्राम विकास अधिकारियों को पारदर्शी आवंटन का फरमान

समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।



उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में असहाय विधवा महिलाओं, दिव्यांगजनों, दैवीय आपदा एवं गंभीर बीमारी से प्रभावित परिवारों, अनुसूचित जाति-जनजाति तथा अन्य पात्र वंचित परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर पक्का आवास उपलब्ध कराया जाए। पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराना डबल इंजन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सरकार का संकल्प है कि कोई भी पात्र गरीब परिवार कच्चे मकान में रहने के लिए मजबूर न हो और उसे सुरक्षित एवं सम्मानजनक जीवन का अवसर मिले। मुख्यमंत्री आवास योजना के माध्यम से अब तक लगभग 5 लाख परिवारों को सुरक्षा, सम्मान और बेहतर जीवन जीने का अवसर मिला है। गत वर्ष मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत 1.16 लाख नए पक्के मकानों की कार्ययोजना तैयार की गई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लक्ष्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करते हुए वास्तविक जरूरतमंद परिवारों तक योजना का लाभ पहुंचाया जाए। पात्र लाभार्थियों की जिलेवार सूची संकलित की जाए और पात्रता के आधार पर योजना का लाभ पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ दिया जाए। लाभार्थियों के चयन में लापरवाही, अनियमितता अथवा पक्षपात स्वीकार नहीं किया जाएगा। गांव-गांव जाकर वास्तविक पात्र परिवारों का चिन्हांकन किया जाए तथा विशेष रूप से विधवा, दिव्यांग, आपदा एवं गंभीर बीमारी से प्रभावित और सामाजिक रूप से वंचित परिवारों की स्थिति का संवेदनशीलता के साथ आकलन किया जाए।

## खबरें एक नजर में

### राजनंदिनी तिवारी ने टीम के साथ जीती नेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता

**लखनऊ।** वनस्थली विद्यापीठ में कानून की पढ़ायी कर रही लखनऊ की राजनन्दिनी तिवारी ने अपनी टीम की सदस्यों चार्वी शर्मा व विशाखा लक्ष्मी ने आयोजित की गयी प्रथम एसजीवीयू रांका नेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया है। वनस्थली की इस टीम ने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी को पराजित कर यह सफलता हासिल की। इस उपलब्धि के लिये प्रथम पुरस्कार के रूप में टीम को 21 हजार रुपये नगर, ट्राफी और प्रमाण दिया गया। जबकि दूसरे स्थान पर रही कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी की टीम को 11 हजार रुपये के साथ ट्राफी व प्रमाण पत्र दिया गया। इसी तरह बेस्ट मेंटर और रिसर्चर को पांच-पांच हजार रुपये पुरस्कार स्वरूप प्रदान किये गये। इस प्रतियोगिता में देशभर की प्रमुख संस्थानों में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, जीएमएलयू, सिम्बोसिस लॉ स्कूल पुणे, नेशनल यूनिवर्सिटी आफ स्टडी एण्ड रिसर्च आदि की टीमों ने हिस्सा लिया। स्कूल ऑफ लॉ सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी जयपुर द्वारा आयोजित की गयी इस प्रतियोगिता का उद्देश्य कानून की शिक्षा ले रहे छात्रों को एडवोकेसी डेवलपमेंट स्किल, लीगल रिसर्च एप्टीट्यूड, ड्राफ्टिंग, कोर्टरूम के एटीट्यूड के क्षेत्र में तैयार करना है।

### विश्व मच्छर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**लखनऊ।** नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेन्द्र नगर, लखनऊ के प्राणी विज्ञान विभाग द्वारा 25 अगस्त 2026 को विश्व मच्छर दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्व मच्छर दिवस प्रत्येक वर्ष 20 अगस्त को मनाया जाता है। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मच्छर जनित रोगों, उनके संचरण, रोकथाम एवं नियंत्रण के प्रति जागरूक करना था। प्रो. पुष्पा विश्वकर्मा, प्राणी विज्ञान विभाग, श्री जय नारायण मिश्रा पी.जी. कॉलेज, लखनऊ, कार्यक्रम की अतिथि वक्ता एवं पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता की निर्णायक थीं। उन्होंने विद्यार्थियों को मच्छरों की जीवविज्ञान, मच्छर जनित रोगों, उनके संचरण के माध्यमों तथा बचाव एवं रोकथाम के उपायों के बारे में जानकारी दी।

### बिजली ठीक करते समय करंट की चपेट में आया युवक, मौत

**मलिहाबाद लखनऊ।** कसमंडी कलां चौकी क्षेत्र के मीठे नगर गांव में एक दर्दनाक हादसे में 25 वर्षीय युवक की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक परिवार का इकलौता कमाने वाला था परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। ज्ञात हो कि मलिहाबाद क्षेत्र के मीठे नगर गांव निवासी मुरलीधर लोधी (25) रोजाना की तरह प्राइवेट कंपनी में ड्यूटी जाने की तैयारी कर रहा था।ड्यूटी के लिए उसे देर से ही जाना था। इसी बीच घर की लाइट खराब हो गई। दोपहर मुरलीधर लोहे की सीढ़ी पर चढ़कर लाइट ठीक करने लगा, तभी अचानक वह करंट की चपेट में आ गया और सीढ़ी से ही चिपक गया। हादसे के समय मौके पर कोई मौजूद नहीं था। पड़ोसी के घर में पूरा परिवार था, लेकिन किसी को भनक नहीं लगी। काफी देर बाद जब वह अचेत होकर नीचे गिरा तो छोटे भाई सुधांशु राजपूत ने देखा और शोर मचाया। परिजन तुरंत उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया मंगलवार परिजनों ने रीति-रिवाज के साथ उसका अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक के पिता कमलू, माता पद्मिनी और भाई सुधांशु व बड़ी बहन है।पिता ने बताया कि मुरलीधर ही पूरे परिवार का भरण-पोषण करता था।

### भर्ती निकालने की मांग को लेकर घेरा डिप्टी सीएम आवास

**लखनऊ।** राजधानी में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के आवास का मंगलवार को बड़ी संख्या में युवाओं ने घेरावकिया। अलग-अलग जिलों से पहुंचे युवाओं ने लाइब्रेरियन के पदों पर भर्ती निकालने की मांग की। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने घर से बाहर निकलकर उनसे मुलाकात की। इस दौरान छात्रों ने उनके सामने हाथ जोड़े और कुछ ने पैर भी छुए। कहा सर नौकरी चाहिए। इसके बाद डिप्टी सीएम ने तुरंत यूपीएसएसएससी अध्यक्ष से बात की है और अभ्यर्थियों की मांग पर समाधान निकालने के लिए कहा है। इससे पहले भी युवा उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) के मुख्यालय के बाहर कई बार प्रदर्शन कर चुके हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि 2016 के बाद से लाइब्रेरियन की भर्ती नहीं हुई है। कई जगह बिना लाइब्रेरी साइंस की डिग्री वाले लोगों से काम कराया जा रहा है।

## स्कूलों की वास्तविक स्थिति सामने लाने वाले आप कार्यकर्ताओं पर मुकदमे दर्ज किए जा रहे: संजय सिंह

समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।



आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि सरकार ने सरकारी स्कूलों को ठीक करने के लिए 604 करोड़ रुपये खर्च करने की घोषणा की है। लेकिन सिर्फ घोषणा पर भरोसा नहीं किया जाएगा। संजय सिंह ने ये बातें मंगलवार को लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि कहा कि पार्टी के जिलाध्यक्ष, कार्यकर्ता और नेता 1 महीने तक अपने-अपने क्षेत्रों के बदहाल स्कूलों की जानकारी जुटाएंगे। उसे बेसिक शिक्षा अधिकारी, शिक्षा निदेशक और मुख्यमंत्री कार्यालय को देंगे। इनमें जर्जर भवन, खराब शौचालय, बाउंड्रीवॉल की कमी, बिजली और पंखों की कमी, डेस्क-बेंच की कमी और मिड-डे मील की खराब गुणवत्ता जैसी समस्याएं शामिल होंगी। संजय सिंह ने कहा कि सरकार को स्कूलों में निर्माण और सुधार कार्य शुरू करना होगा। अगर एक महीने के भीतर काम शुरू नहीं हुआ तो आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता दोबारा स्कूलों में जाएंगे और वीडियो बनाकर वहां की बदहाली जनता के सामने रखेंगे। संजय सिंह ने कहा कि स्कूलों की खराब स्थिति के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई करने के बजाय सरकार आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर मुकदमे दर्ज कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन स्कूलों में बच्चों के लिए शौचालय, बिजली, पंखे, बैठने की व्यवस्था और बाउंड्री तक नहीं है, उनकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। मिड-डे मील की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए कहा कि बच्चों को खराब खाना मिलने की शिकायतों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि संसदीय समिति पूरे मामले की जांच करे और अधिकारियों को बुलाकर यह पता लगाए कि केंद्र से मिली धनराशि का कितना इस्तेमाल हुआ और कहीं वित्तीय अनियमितता तो नहीं हुई। संजय सिंह ने महंगाई को लेकर वीडियो बनाने वाले लेखपाल अशोक यादव के निलंबन के मुद्दे को भी उठाया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी अशोक यादव के साथ खड़ी है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सरकार को खुश करने के लिए अपने सिद्धांतों और ईमानदारी से समझौता न करें। संजय सिंह ने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में पद खाली हैं। शिक्षक भर्ती समेत कई भर्तियों की स्थिति स्पष्ट नहीं है। सरकार के कार्यकाल के कुछ ही महीने बचे हैं, ऐसे में एक लाख रोजगार देने का दावा कितना पूरा होगा, यह देखना होगा। संजय सिंह ने कहा कि आरक्षण संविधान से मिला अधिकार है और इसे छीनने का अधिकार किसी को नहीं है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि आरक्षण के मुद्दे पर पिछड़े, दलित और सवर्ण वर्गों को आपस में लड़ाने की कोशिश की जा रही है। आम आदमी पार्टी संवैधानिक आरक्षण के अधिकार के पक्ष में है।

## यूपी-उत्तराखंड के बाद पंजाब में भी अकेले लड़ेगी चुनाव बसपा

- मायावती का ऐलान

समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।



बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने मंगलवार को घोषणा की कि उनकी पार्टी पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव बिना किसी गठबंधन के अपने दम पर लड़ेगी। लखनऊ स्थित केंद्रीय कार्यालय में पंजाब इकाई की समीक्षा बैठक के बाद जारी बयान में मायावती ने कहा कि पंजाब में पार्टी के जनाधार को बढ़ाने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। बसपा प्रमुख ने कहा, बसपा पंजाब का चुनाव भी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की तरह बिना किसी से कोई गठबंधन एवं समझौता किए हुए अकेले अपने बलबूते पर ही लड़ेगी। मायावती ने कहा कि चुनावी गठबंधन से पार्टी को सीट और वोट प्रतिशत दोनों में नुकसान होने की आशंका रहती है, जिससे कार्यकर्ताओं का मनोबल प्रभावित होता है। उन्होंने आगामी चुनाव में कर्मठ और ईमानदार लोगों को ही पार्टी का उम्मीदवार बनाए जाने की बात कही। बसपा प्रमुख ने कहा कि बेहतर चुनाव परिणाम हासिल कर पंजाब की सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के साथ-साथ कांग्रेस और भाजपा की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त जनता को राहत दिलाने का प्रयास किया जाएगा। मायावती ने कार्यकर्ताओं से 9 अक्टूबर को बसपा संस्थापक मान्यवर कांशीराम की पुण्यतिथि पूरी तैयारी के साथ मनाने तथा 15 जनवरी 2027 को जनकल्याणकारी दिवसश् के अवसर पर पार्टी के आर्थिक सहयोग को पिछली बार से बेहतर बनाने का आह्वान किया। मायावती ने कहा कि पिछली अखिल भारतीय बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों पर मिले फीडबैक के आधार पर कमियों को समयबद्ध तरीके से दूर किया जाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से विरोधियों के साम, दाम, दंड, भेद जैसे हथकंडों का डटकर मुकाबला करते हुए आगामी चुनावों में बेहतर परिणाम के लिए पूरी तैयारी करने को कहा है।

## पुरानी पेंशन की मांग को लेकर लखनऊ में सार्थक पैरवी

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** सदस्य विधान परिषद देवेंद्र प्रताप सिंह से मुलाकात के बाद सचिवालय में अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा से सार्थक मुलाकात कर शिक्षामित्र से बने सहायक अध्यापकों को पुरानी पेंशन योजना से लाभान्वित करने के विषय पर विस्तार से चर्चा की तथा एमएलसी के पत्र एवं आवश्यक साक्ष्य सौंपे। इसके पश्चात उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मिलकर शीघ्र ही बेसिक शिक्षा अधिकारियों के साथ बैठक कर 28 जनपदों में विकल्प पत्र भरवाने का आदेश जारी करवाने हेतु निवेदन किया गया।

## भारतीय लोकतंत्र की आधारशिला हैं बूथ लेबल अधिकारी: ज्ञानेश कुमार

- मुख्य चुनाव आयुक्त ने बूथ लेबल अधिकारियों से किया सीधे संवाद
- सुने सुझाव व दूर की शंकाये

समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।



मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने अपने लखनऊ दौरे के दूसरे दिन बूथ लेवल अधिकारियों के साथ सीधे संवाद किया। इंदिरा प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में बीएलओ को सीईसी से सीधे बातचीत के माध्यम से अपनी शंकाओं को स्पष्ट करने का अवसर मिला।मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि बूथ लेवल अधिकारी भारतीय लोकतंत्र की आधारशिला हैं।उन्होंने कहा कि ये बूथ लेबल अधिकारी अपनी पारदर्शिता और कर्मठता के लिए न केवल अपने बूथ के मतदाताओं के बीच जाने जाते हैं बल्कि पूरे भारत और विश्व में भी उनकी पहचान है। सीईसी बोले,बूथ लेवल अधिकारी अपनी कर्मठता से कार्य करते हैं, इसलिए उनके साथ संवाद कर उनके सुझाव सुने और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।चीफ इलेक्शन कमिश्नर ज्ञानेश कुमार ने बीएलओ के साथ बातचीत की। राज्य के विभिन्न हिस्सों से 500 से अधिक बीएलओ और 30 बीएलओ पर्यवेक्षकों ने बातचीत में भाग लिया। सीईसी ने बीएलओ को दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का मूलभूत स्तंभ बताया। भारत में मतदाता सूचियों की तैयारी और चुनावों का संचालन भारत के संविधान, कानून और ईसीआई द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार सख्ती से किया जाता है। बीएलओ चुनावी प्रक्रियाओं के विश्वास और पारदर्शिता के भंडार हैं और नागरिकों के साथ भारत के चुनाव आयोग का पहला इंटरफेस हैं।

## आयुष्मान योजना को लेकर सरकार सख्त, उल्लंघन पर कार्रवाई तय

समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।

**बिना इलाज बिल लगाने व गलत लाभार्थी पर कार्रवाई**

योगी सरकार ने आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से जुड़े अस्पतालों को योजना के नियमों और आपत्तिजनक कार्यप्रणाली विरोधी दिशानिर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से करने के सख्त निर्देश दिये हैं ताकि लाभार्थियों को बेहतर और पारदर्शी इलाज मिले। सीएम योगी के निर्देश पर स्टेट हेल्थ एजेंसी साचीज अस्पतालों को लगातार इन नियमों की जानकारी दे रही है। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने बताया कि इसके बाद भी नियमों का उल्लंघ करने, लाभार्थी से अवैध वसूली, बिना इलाज के बिल लगाना, गलत लाभार्थी के नाम पर इलाज दर्ज करना, अनावश्यक इलाज या तय मानकों का पालन नहीं करने पर अस्पतालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर आयुष्मान योजना से जुड़े अस्पतालों को आपत्तिजनक कार्यप्रणाली विरोधी दिशानिर्देशों की जानकारी दी जा रही है। योगी सरकार का प्रयास है कि अस्पताल पहले से ही नियमों को समझें और अपने स्तर पर कमियों को दूर करें, ताकि मरीजों को परेशानी न हो और योजना में किसी तरह की गड़बड़ी न हो। उन्होंने बताया कि सभी सूचीबद्ध अस्पताल आपत्तिजनक कार्यप्रणाली संबंधी दिशानिर्देश साचीज की आधिकारिक वेबसाइट पर देख और डाउनलोड कर सकते हैं।

## 24 घंटे मिलेगा जरूरत का सामान

- हुसड़िया चौराहे पर 'एनीथिंग एनीटाइम एनीव्हेयर' का शुभारंभ

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** गोमतीनगर के हुसड़िया चौराहे पर मंगलवार को 'एनीथिंग एनीटाइम एनीव्हेयर' न्यू शॉप की ग्रैंड ओपनिंग हुई। उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी डॉ. सूर्यकुमार शुक्ला ने फीता काटकर शॉप का उद्घाटन किया। इस मौके पर यश तवर, समीर राय, अभिषेक रस्तोगी रानू राय हैरिश खान सहित अन्य लोग मौजूद रहे। शॉप की ऑनर निकिता तवर ने बताया कि 'एनीथिंग एनीटाइम एनीव्हेयर' को लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए शुरू किया गया है। शॉप 24 घंटे और सातों दिन खुली रहेगी। यहां ग्रॉसरी के साथ खाने-पीने की विभिन्न वस्तुएं उपलब्ध होंगी। शॉप में कैफे की सुविधा भी है, जहां पिज्जा, कोल्ड ड्रिंक, हॉट कॉफी, कोल्ड कॉफी, डेयरी उत्पाद, स्वीट्स और आइसक्रीम सहित कई चीजें मिलेंगी।

**तैयारी**

## महोत्सव में प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता और विरासत का होगा व्यापक संगम

# यूपी में 8 से 15 सितम्बर तक मनाया जायेगा कजरी महोत्सव: जयवीर

समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।



संस्कृति विभाग के तत्वावधान में मिर्जापुर, वाराणसी, आजमगढ़, गोरखपुर तथा मुरादाबाद में 8 से 15 सितम्बर तक कजरी महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। भाद्रपद में महोत्सव के लिए जिला प्रशासन का सहयोग भी प्राप्त किया जायेगा। संस्कृति विभाग इसके भव्य आयोजन के लिए जोर-शोर से तैयारियां कर रहा है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि कजरी महोत्सव-2026 के आयोजन का उद्देश्य लोक परम्पराओं और सांस्कृतिक धरोहर को सहेज कर नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। इस महोत्सव में कजरी गायन की प्राचीन परम्परा को आधुनिक मंच पर प्रस्तुत किया जायेगा। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये लोक कलाकार कला का प्रदर्शन करेंगे। कजरी गायन हमारी लोक परम्परा तथा लोक जीवन के साथ प्रकृति के समन्वय का प्रतीक है। भाद्रपद मास में धरती चारो ओर हरियाली ओढ़े रिमझिम बूदों के साथ एक नया आकर्षण पैदा करती है। कजरी गायन में भादो मास की प्राकृतिक हरीतिमा की विविधिता की झलक मिलती है। साथ ही झूला झूलने की भी परम्परा है। महोत्सव में सांस्कृतिक गायन, पारम्परिक वाद्ययंत्रों की प्रस्तुति और लोकनृत्य शामिल होंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण संस्कृति और लोक परम्पराओं को प्रोत्साहित करने के साथ ही स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करना है तथा इस विरासत से युवा पीढ़ी को भी जोड़ना है, जिससे प्रदेश की विविधता और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का व्यापक प्रदर्शन हो सके। यह आयोजन न केवल लोक कला को संरक्षण प्रदान करेगा। पर्यटन और सामाजिक सद्भाव को भी बढ़ावा देगा। प्रदेश की कजरी जैसी लोक कलाओं को संवर्द्धन हेतु संस्कृति विभाग द्वारा निरन्तर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। आयोजन का उद्देश्य स्थानीय कलाकारों को मंच देकर उनकी प्रतिभा को निखारने के साथ ही लोक जीवन से संवाद भी स्थापित करना है। जनपदों में संस्कृति के क्षेत्र में कार्य कर रही स्थानीय संस्थाओं को भी कार्यक्रम में सहभागिता हेतु आमंत्रित किया जायेगा। कजरी का महत्व पूर्वांचल में ज्यादा है लेकिन संस्कृति विभाग का उद्देश्य प्रदेश की इस प्राचीन धरोहर से युवा पीढ़ी को जोड़ते हुए अपनी संस्कृति के प्रति जागरूकता एवं लगाव पैदा करना है, साथ ही इसका प्रचार प्रसार करना भी है।

### प्राचीन भारतीय समाज में व्यावहारिक अनुभवों से जुड़ा था ज्ञान

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व निदेशालय द्वारा आयोजित पुरातत्व अभिरुचि पाठ्यक्रम, 2026 के छठवें दिन मुख्य वक्ता डॉ. नरेंद्र परमार एसोसिएट प्रोफेसर इतिहास एवं पुरातत्व विभाग केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा, उपनिदेशक संग्रहालय एवं पुरातत्व विभाग चंडीगढ़ ने सरस्वती-सिंधु सभ्यतारू भारतीय ज्ञान परंपरा के नए आयाम विषय तथा प्रारंभिक भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न आयामों पर अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं सारगर्भित विचार मंथन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विषय से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्यों एवं ज्ञान-पद्धतियों का डेमोंस्ट्रेशन प्रायोगिक प्रदर्शन भी किया, जिससे प्रतिभागियों को विषय की अवधारणाओं को अधिक व्यावहारिक एवं सरल रूप में समझने का अवसर प्राप्त हुआ।

## सपा कार्यकर्ताओं ने चीनी के बढ़ते दामों के विरोध में किया प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।




राजधानी में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को चीनी के बढ़ते दामों के विरोध में प्रदर्शन किया। सपा कार्यकर्ता 1-1 किलो चीनी के पैकेट लेकर बापू भवन से विधानसभा के बीच पहुंचे और राहगीरों को मुफ्त में चीनी बांटी। इस दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। प्रदर्शन कर रहे रामप्रकाश मौर्य ने कहा, हम इस महंगाई के बीच लोगों को मोहब्बत बांट रहे हैं। पीडीए की चीनी बांट रहे हैं। चीनी के दाम 75 किलो तक पहुंच गए हैं। हम चाहते हैं कि कीमतें कम हों और आम लोगों को राहत मिले। ई20 की वजह से चीनी महंगी हो रही है। पेट्रोल में चीनी मिलाई जा रही है और इसका बोझ आम जनता पर पड़ रहा है। जब तक ई20 बंद नहीं होगा, चीनी के दाम बढ़ते रहेंगे। रक्षाबंधन साल में एक बार आता है, लेकिन महंगाई चरम पर है। आम आदमी की रसोई का बजट बिगड़ गया है। समाजवादी पार्टी लगातार महंगाई के खिलाफ आवाज उठाती रही है और आगे भी लड़ती रहेगी। कार्यकर्ताओं ने सड़क किनारे बोरा बिछाकर चीनी के पैकेट रखे और आओ पीडीए की चीनी ले लो की आवाज लगाई। कई राहगीर गाड़ियों से उतरकर पैकेट लेने पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने कुछ लोगों के पास जाकर भी चीनी बांटी। कार्यकर्ताओं ने राहगीरों को बताया कि मौजूदा सरकार में चीनी के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे अब्दुल अजीम ने कहा कि त्योहारों के समय चीनी के दाम बढ़ना बेहद अफसोस की बात है। 26 सितंबर को ईद मिलादुन्नबी और 28 सितंबर को रक्षाबंधन है। दोनों त्योहारों पर हिंदू और मुस्लिम परिवार मिठाइयां खरीदते और बांटते हैं। ऐसे में महंगी चीनी का सीधा असर लोगों की जेब पर पड़ेगा। उन्होंने कहा, योगी जी कहते हैं कि चीनी पर्याप्त है, लेकिन इसके बावजूद बाजार में चीनी 70 से 75 रुपए किलो बिक रही है। अगर यही हाल रहा तो दिवाली तक चीनी 150 रुपए किलो पहुंच सकती है।

# 3700 रुपये की 25 किग्रा लौज नष्ट रक्षाबंधन से पहले बड़ी कार्रवाई


- डीएम के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग चला रहा छापेमारी अभियान

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



रक्षाबन्धन अभियान के अंतर्गत खाद्य सचल दलों द्वारा जमालपुर पर स्थित संजीव कुमार गुप्ता ऑयल मर्चेन्ट से कच्ची घानी मस्टर्ड ऑयल का 1 नमूना संग्रहित किया गया। प्रतिष्ठान पर रखा रिफाइण्ड सोयाबीन ऑयल, रिफाइण्ड राइस ब्रान ऑयल एवं मस्टर्ड ऑयल के पैकेट, बोतल पर उपभोक्ताओं की जानकारी के लिए सूचनाएं सही ढंग से नहीं लिखी गयी थी जिस कारण निर्माता को नोटिस देते हुए पैकट, बोतल पर सूचनाओं हेतु नये रैपर छपवाकर लगवाये जाने को निर्देश दिया गया। उक्त फर्म संजीव कुमार गुप्ता ऑयल मर्चेन्ट से मोहम्मदी लखीमपुर खीरी पर स्थित मैसर्स राघव इण्टरप्राइजेज द्वारा 80 टीन राइस ब्रान ऑयल ले जाने के लिए लोड किया गया था, जिसका 1 नमूना पिकअप वाहन से संग्रहित किया गया। पिकअप वाहन में 15 लीटर के 80 टीन ले जाने को लोड किये गये थे, जोकि अत्यन्त गन्दे, जंग लगे एवं पुराने थे उक्त परिस्थित में तेल भरे होने के कारण तेल को जांच रिपार्ट आने तक सीज कर दिया गया है। सीज तेल की मात्रा 1200 लीटर एंव अनुमानित मूल्य 1,56,000 रूपये है। खाद्य सचल द्वारा जलालाबाद कलान रोड सहबंगापुर पर स्थित अनिल लॉज विक्रेता के कारखाने पर छापामार कर लौज का 1 नमूना जांच को संग्रहित किया गया। प्रतिष्ठान में अस्वच्छकर दशा में रखे 6 ट्रे में लगभग 18 किग्रा, लॉज, जिसका मूल्य 2700 रूपये है को मौके पर ही नष्ट करा दिया गया। प्रतिष्ठान पर खाद्य लाइसेन्स नहीं पाया गया, जिस कारण प्रतिष्ठान को तत्काल प्रभाव से बन्द करा दिया गया है एवं धाराओं में परिवाद दायर करने की कार्यवाही की जा रही है। महुआ डांडी स्थित चन्द्रकिशोर के मिठाई कारखाने का निरीक्षण किया गया तथा स्वच्छता सम्बन्धी कमियों पाए जाने के कारण कारोबारकर्ता को सुधार नोटिस जारी की जा रही है। एक अन्य खाद्य सचल द्वारा पुवायां में स्थित श्याम स्वीट नामक दुकान से बर्फी का 1 नमूना जॉच को लिया गया। निगोही रोड पर स्थित राजेन्द्र प्रसाद के लॉज बनाने वाले कारखाने पर छापामार कर लौज का 1 नमूना जांच हेतु संग्रहित किया गया। प्रतिष्ठान में अस्वच्छकर दशा में रखे 8 ट्रे में लगभग 25 किग्रा लौज, जिसका अनुमानित मूल्य 3700 रूपये है, को मौके पर ही नष्ट करा दिया गया। प्रतिष्ठान पर एक ड्रम में गन्दी अवस्था में लौज बनाने हेतु रखे घोल को भी मौके पर ही नष्ट करा दिया गया तथा स्वच्छता सम्बन्धी कमियों पाए जाने के कारण कारोबारकर्ता को सुधार नोटिस जारी की जा रही है। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय विनीत कुमार ने बताया कि उक्त सभी 5 नमूनों को जांच के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है, जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण कार्यवाही में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुभाष तिवारी, के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनय कुमार यादव, मानवेन्द्र कुमार, वरुण कुमार, सौरभ सोनी, अजीत कुमार, मनोज कुमार आदि शामिल रहे।

## जलाभिषेक के लिए जा रही 14 वर्षीय किशोरी की सड़क हादसे में मौत



**जैतीपुर, शाहजहांपुर।** थाना जैतीपुर क्षेत्र के गांव शिकारपुर निवासी ओमवीर अपनी 14 वर्षीय पुत्री हिमांशी के साथ बेला डांडी स्थित रामनगरिया गंगा घाट से जल भरकर मदनापुर क्षेत्र के फिरोजपुर में जलाभिषेक करने जा रहे थे। इसी दौरान सोमवार, 24 अगस्त 2026 को शाम करीब 5.30 बजे मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव हैदलपुर के पास हिमांशी ट्रैक्टर–ट्रॉली से उतरकर पानी पीने के लिए जा रही थी। तभी अचानक एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में हिमांशी गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे तत्काल मदनापुर स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर चिकित्सकों ने हिमांशी को मृत घोषित कर दिया। हिमांशी चार भाई–बहनों में सबसे बड़ी थी। उसके बाद दो बहनें प्रियांशी और अलका तथा एक भाई प्रियांशु है। उसकी माता का नाम सुषमा देवी है। बेटी की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। मंगलवार को हिमांशी का अंतिम संस्कार रामनगरिया के बेला डांडी गंगा घाट पर किया गया। इस दर्दनाक हादसे से परिवार के साथ–साथ पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

## निशुल्क कैम्प लगाकर बच्चों के दांतों व मसूड़ों की जांच कर किया जागरूक

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



बच्चों के स्वस्थ दांत और सुंदर मुस्कान के उद्देश्य से इंडियन डेंटल एसोसिएशन और एहसास सोशल वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में दून इंटरनेशनल स्कूल में निःशुल्क डेंटल चेक-अप कैम्प आयोजित किया गया। जिसमें डाक्टरों ने छात्र-छात्राओं के दांतों एवं मसूड़ों की जांच की। साथ ही उन्हें सही ब्रशिंग, ओरल हाइजीन एवं दांतों की देखभाल के प्रति जागरूक किया। कैम्प में इंडियन डेंटल एसोसिएशन शाहजहांपुर शाखा-2026 के अध्यक्ष डॉ. रजत अग्रवाल, सचिव डॉ. अंकित अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष डॉ. हर्ष विजय सिंह के साथ डॉ. अमित वर्मा, डॉ. आशीष अग्रवाल, डॉ. अफरोज, डॉ. विजयदीप, डॉ. इमरान, डॉ. समर अख्तर, डॉ. समृद्धि माहेश्वरी, डॉ. रीतिका, डॉ. पूजा भल्ला, डॉ. पुनीत जैन, डॉ. आदिल एवं डॉ. मदीहा ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। वहीं, एहसास सोशल वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक एवं प्रबंधक असलम खान, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद आमिर, प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद शहजाद, जिला उपाध्यक्ष कमरान अहमद एवं जिला सचिव निसार अली ने कैम्प के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। जबकि दून इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक डॉ. जस्मीत साहनी, प्रधानाचार्या शमा जैदी एवं स्कूल स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान इंडियन डेंटल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ रजत अग्रवाल ने कहा कि स्वस्थ दांत, सुंदर मुस्कान और स्वस्थ भविष्य के संदेश के साथ भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## बंदरों और छुट्टा गोवंश से जानमाल की सुरक्षा की मांग को लेकर व्यापारियों ने ग्रामीणों के साथ एसडीएम को दिया ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर, शाहजहांपुर।**



कस्बे छुट्टा गोवंश और बंदरों के आतंक से परेशान व्यापारियों ने ग्रामीणों के साथ एसडीएम को ज्ञापन देकर छुट्टा सांडों और बंदरों से जानमाल की सुरक्षा किए जाने की मांग की है। एसडीएम ने समस्या निदान का आश्वासन दिया है। व्यापारी आर्येंद्र गुप्ता,अखिलेश गुप्ता,हंस गुप्ता, अजय वर्मा, रजत गुप्ता,अतुल गुप्ता, जितेन्द्र शर्मा आदि ने एसडीएम आशुतोष कुमार सिंह को दिए ज्ञापन में कहा है कि कस्बे के मुख्य मार्गों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले गौवंश आते जाते लोगों पर हमलाकर घायल कर देते हैं। बीते बृहस्पतिवार की सांय दुकान बंद कर घर जा रहे आवारा सांड ने कस्बे के दिनेशचंद्र गुप्ता पर हमलाकर मरणासन्न कर दिया। उनका बरेली के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है,जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। इससे पहले छुट्टा गोवंश ने राकेश कुशवाहा के घर में घुसकर उनकी पत्नी ओर हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इलेक्ट्रॉनिक व्यापारी प्रेमशंकर पांडेय,रामहरी गुप्ता और हरिपाल भोजवाल पर भी सांड हमला करके चोटिल कर चुके हैं। इसी तरह कस्बे में हजारों की संख्या में उत्पाती बंदरों ने लोगों का जीना हराम कर दिया है। बंदरों और छुट्टा गोवंश खेतों में फसलों को नुकसान करने से कस्बे के आसपास की सैकड़ों बीघा कृषि भूमि बंजर पड़ी हुई है। बंदर घरों से खाने पीने की वस्तुएं उठा ले जाते हैं। दुकानों और जरा सी चूक में बंदर खाने पीने की ही नहीं कपड़े और जूता चप्पल तक उठा ले जाते हैं। बंदरों के भगाने पर यह हमला कर देते हैं।

## टॉवरों से अजना कार्ड चोरी मामले में छह आरोपी गिरफ्तार

- तीन अजना कार्ड व हुंडई कार बरामद

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।**



मोबाइल टावरों से इंडस कंपनी के अजना कार्ड चोरी के मामले में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छह आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन अजना कार्ड बरामद कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। रविवार-सोमवार की रात करीब दो बजे मुखबिर की सूचना पर नगरिया मोड़ चैकी इंचार्ज सौरभ शुक्ला ने टीम के साथ कपसेड़ा गांव से घुसवारी गांव के मार्ग पर छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जिनके कब्जे से तीन अजना कार्ड बरामद किए गए । पकड़े गए आरोपियों में बरेली के फरीदपुर थाना क्षेत्र के गाँव परसपुर मगनपुर निवासी सुशील कुमार उर्फ सोनू पुत्र नंदराम, जनपद कासगंज के अमापुर थाना क्षेत्र के गाँव हरहर पुर निवासी शिशुपाल पुत्र शिवराम, विमल पुत्र ओमप्रकाश, सोमदत्त पुत्र प्यारेलाल व विनोद पुत्र विष्णुलाल, जनपद बदायूं के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मोहल्ला पटेल नगर निवासी अमित पुत्र प्रेमचंद शामिल हैं। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे मोबाइल टावरों से अजना कार्ड चोरी कर दिल्ली ले जाकर कबाड़ की दुकान पर बेच देते हैं।

## सरकार की सवर्ण विरोधी नीतियों का ब्राह्मण समाज करेगा विरोध: केशव चंद्र मिश्र



**शाहजहांपुर।** ब्राह्मण समाज उत्तर प्रदेश की महत्वपूर्ण बैठक संरक्षक केशव चंद्र मिश्र की अध्यक्षता में परशुराम धाम शाहजहांपुर में सम्पन्न हुई। जिसमें केंद्र में बीजेपी सरकार की सवर्ण विशेष रूप से ब्राह्मण विरोधी नीतियों की सामूहिक रूप घोर निंदा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए केशव चंद्र मिश्र ने कहा कि ब्राह्मण समाज ने केंद्र और प्रदेश में बीजेपी सरकार बनवाने में एकजुटता के साथ प्रयास किया जिससे आज उत्तर प्रदेश के साथ देश के अधिकांश राज्यों और केंद्र में बीजेपी सरकार स्थापित हुई है लेकिन केंद्र की बीजेपी सरकार में सवर्णों के प्रति लगातार बन रही दमन कारी नीतियों से ब्राह्मण समाज में भयंकर आक्रोश पनपा है, ब्राह्मण समाज अपने बच्चों के साथ संपूर्ण समाज के भविष्य को लेकर आशंकित और डरा हुआ है जिस सवर्ण समाज ने देश और समाज की उन्नति में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई आज वह उसी देश में दोयम दर्जे का नागरिक होने का अहसास कर रहा है जो कतई बर्दाशत नहीं होगा। डॉ सत्य प्रकाश मिश्र ने कहा आज आरक्षण के कारण देश में प्रतिभाओं का हनन हो रहा प्रतिभाएं पलायन करने या आत्म हत्या करने के लिए मजबूर हैं क्या ऐसी स्थिति में में देश को किस प्रकार का विश्व गुरु बनाने की कल्पना कर रहे हैं, आज सभी सर्वणों को तुरंत सोचने की आवश्यकता है कि हम अपने बच्चों का भविष्य कैसे बचाएं। डॉ विजय पाठक ने कहा आरक्षण हो या यूजीसी सभी एक प्रकार से ब्राह्मण समाज के साथ संपूर्ण सवर्ण समाज को शिक्षा से वंचित करने रहा जन्मजात अपराधी होने का सर्टिफिकेट सरकार हमको दे रही है, आज जहां दुनियां मंगल और चंद्रमा पर दुनिया बसाने की तैयारी में है वहीं हमारे देश के तथाकथित कर्णधार जातीय राजनीति और जातीय आरक्षण को बढ़ावा देकर समाज में अराजकता और वैमनस्यता का वातावरण पैदा कर रहे हैं जिसकी घोर निंदा की जाती, हम बीजेपी सरकार को सचेत करना चाहते हैं कि अभी समय है भूल सुधार लो नहीं करोगे तो ब्राह्मण चाणक्य की भूमिका भी निभाना जानता है। बैठक में प्रमुख रूप से आशु दीक्षित, आशुतोष शुक्ल, आलोक मिश्र, आरेंद्र मिश्र, रवि मिश्र बंटू, राकेश पांडेय, डॉ संजय पाठक, डॉ राकेश दीक्षित, अशोक मिश्र, सत्यदेव द्विवेदी, संजीव अग्निहोत्री, प्रमोद शुक्ल, प्रमोद मिश्र, मनोज त्रिपाठी, गौरव पांडेय, प्रदीप पांडेय आदि मौजूद रहे।

## पार्षदों का वीडियो वायरल..., निगम से आमदनी के बंटवारे को लेकर ली शपथ

- हाथ में गंगाजल और खा रहे कसम, मां के पवित्र रिश्ते पर बोल रहे घिनौने शब्द
- पार्षदों के वायरल वीडियो ने नगर निगम की कार्यशैली पर उठाए सवाल

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



रक्षक ही भक्षक जैसी कहावतें तब बेहद गंभीर हो जाती हैं, जब जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधियों पर ही सार्वजनिक धन और विकास कार्य में कथित अनियमितताओं के सवाल उठने लगें। ऐसा ही एक मामला शाहजहांपुर नगर निगम से सामने आया है। नगर निगम के पार्षदों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, यह वीडियो कब का है और किस स्थान है, इसमें क्या सच्चाई है इसकी समृद्धि न्यूज पुष्टि नही करता हैं। लेकिन नगर निगम के पार्षदों का वायरल वीडियो अगर वास्तव में वही दिखता है, जो उसमें दिखाई देने का दावा किया जा रहा है, तो यह सिर्फ कुछ लोगों की बातचीत का मामला नहीं है। यह जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही, नगर निगम की पारदर्शिता और जनता के भरोसे से जुड़ा गंभीर सवाल है। जनता पार्षद को इसलिए चुनती है कि वह उसके वार्ड की सड़क, नाली, सफाई, पानी, स्ट्रीट लाइट और विकास से जुड़े मुद्दों को निगम तक पहुंचाए। लेकिन अगर कोई जनप्रतिनिधि जनसेवा के बजाय कथित हिस्सेदारी और निजी लाभ की भाषा बोलता नजर आए, तो सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर चुनाव जीतने का उद्देश्य सेवा है या सत्ता के जरिए अपना हित साधना है। विडंबना देखिए जिस गंगाजल को हाथ में लेकर ईमानदारी और पवित्रता का संकल्प लिया जाता है, उसी गंगाजल को हाथ में लेकर कथित तौर पर भ्रष्टाचार की हिस्सेदारी की बातें सामने आएं, तो यह केवल राजनीतिक नैतिकता का नहीं, बल्कि जनविश्वास का भी मजाक बन जाता है। हालांकि हम यह पुष्टि नही करते है कि इन्होंने हथेली में लेकर जिससे यह शपथ खाई है वह गंगाजल है या सादा जल हैं। हालांकि वायरल वीडियो को अंतिम सत्य मान लेना उचित नहीं होगा। वीडियो की प्रामाणिकता, संदर्भ और उसमें दिखाई दे रहे लोगों की भूमिका की निष्पक्ष जांच जरूरी है। लेकिन यदि जांच में आरोप सही साबित होते हैं, तो केवल बयानबाजी या खानापूर्ति नहीं, बल्कि कानून के तहत कठोर कार्रवाई और जनप्रतिनिधि पद की पात्रता,सदस्यता पर नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए।

क्योंकि जनता का पैसा किसी पार्षद, अधिकारी या ठेकेदार की निजी संपत्ति नहीं है। विकास के नाम पर खर्च होने वाला प्रत्येक रुपया जनता की मेहनत की कमाई है और उसका हिसाब देना जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों की जिम्मेदारी है। लेकिन इस वीडियो के लास्ट में जो शब्द बोले जा रहें है वह अत्यंत्र निदंनीय हैं।

### वायरल वीडियो: जो भी निगम की आमदनी होगी साठों में बंटेंगी बराबर से

मैं कसम खाकर कहते हैं जो भी निगम की आमदनी होगी, वह साठों में बंटेगी बराबर से। और हम जितने लोग हैं हमारे ग्रुप के यदि इसमें किसी पर आंच आती हैं तो सभी इकट्ठे होगें, वह भी हमेशा, हमेशा। और जो गद्दारी करेगा वह अपनी....चढेगा। इसके अलावा वीडियो में अन्य शब्द बोले गए है वह स्पष्ट रूप से समझ में नही आने के कारण लिखे नही जा सके। लेकिन इस तरह से सामूहिक रूप से निगम की हिस्सेदारी बांटने के लिए जो शपथ खाई है वह अपने आप में बहुत बड़ा सवाल खड़े करती हैं आखिर ऐसी नौबत क्यों आई कि पार्षदों पर शपथ खानी पड़ी। इसके अलावा मां के लिए भी इतने अभद्रत भाषा शैली का इस्तेमाल किया गया। जोकि अपने आप में बहुत ही निदंनीय हैं।

## बाइक और साइकिल में भिड़ंत, दो युवक घायल

**समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।**




मंगलवार को नगरिया मोड़ के पास बाइक और साइकिल की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद शाहजहांपुर के उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया गया। गांव भट्पूरा निवासी 60 वर्षीय बिल्लू मंगलवार को खेत में काम करने के बाद साइकिल से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान, थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव बसंतपुर नौगवां निवासी विपिन सक्सेना (पुत्र नन्हे) बाइक से निगोही की ओर से अपने गांव जा रहे थे। नगरिया मोड़ के पास तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल सवार बिल्लू और बाइक चालक विपिन सक्सेना सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल रहा। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों को सीएचसी पुवायां पहुंचाया। चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें उच्च चिकित्सा केंद्र शाहजहांपुर रेफर कर दिया।

## परशुरामपुरी में उमड़ा आस्था का सैलाब, हजारों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

- 12वीं परंपरागत बाइक जलाभिषेक यात्रा में गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे

**समृद्धि न्यूज, परशुरामपुरी, शाहजहांपुर।**



आस्था, श्रद्धा और सनातन परंपरा का अद्भुत संगम मंगलवार को परशुरामपुरी में देखने को मिला। राष्ट्रीय बजरंग दल के हिंदू नेता एडवोकेट अर्पित भामाशाह के नेतृत्व में आयोजित 12वीं परंपरागत बाइक जलाभिषेक यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूरे क्षेत्र को भगवामय कर दिया। बाइक, चार पहिया वाहनों और पैदल श्रद्धालुओं के विशाल काफिले से परशुरामपुरी से लेकर भैंसठा कलां तक धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा। यात्रा का शुभारंभ परशुरामपुरी स्थित बाबा हरदेव थान से हुआ। यहां सुबह से ही श्रद्धालुओं का जुटना शुरू हो गया था। डीजे की धार्मिक धुनों, भगवा ध्वजों और हर-हर महादेव, जय श्री परशुराम के जयघोष के बीच श्रद्धालु यात्रा में शामिल हुए। देखते ही देखते यात्रा ने विशाल रूप धारण कर लिया और हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए भैंसठा कलां स्थित प्राचीन शिव मंदिर की ओर रवाना हुए। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। युवाओं के साथ महिलाएं और बुजुर्ग भी यात्रा में शामिल रहे। पूरे मार्ग में धार्मिक जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। यात्रा में बड़ी संख्या में बाइक और चार पहिया वाहन शामिल रहे, जिससे नगर में आस्था और उत्साह का अनूठा नजारा देखने को मिला। यात्रा में हरिओम कौशल, वीरेंद्र प्रताप सिंह, वीर प्रताप कुशवाहा, अभितेश सिंह, कल्लू यादव, राहुल पांडे, सचिन पांडे, अमित वाल्मीकि, भूपेंद्र सिंह राणा, अभिषेक सिंह, सनी गुप्ता, सत्यम गुप्ता, शालू पाठक, श्यामू गुप्ता, रामू राठौर, विशाल समर्थ, सत्येंद्र गुप्ता, सोनू राठौर, ईश्वर पाल राठौर, राजीव बाबू शर्मा, धर्मपाल सिंह, पंकज यादव, राम तीरथ यादव, धीरज शर्मा, सानू गुप्ता, नरेश शर्मा, संकेत, अभय परमार, अनुज सिंह, विपिन सिंह, अभिषेक सिंह प्रधान, सकटे सक्सेना, रोहित गुप्ता, ब्रजेश कठेरिया, रक्षपाल कुशवाहा, राहुल मिश्रा, आनंद सिंह परमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## जश्ने ईद मिलादुन्नबी को लेकर जगमगाया खुदागंज, नई नवेली दुल्हन की तरह सजा नगर

**समृद्धि न्यूज, खुदागंज, शाहजहांपुर।**



जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर खुदागंज नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह और उल्लास का माहौल है। पर्व को लेकर नगर और गांवों में आकर्षक सजावट की गई है। शाम होते ही रंग-बिरंगी रोशनी से गलियां और प्रमुख मार्ग जगमगा उठते हैं। वहीं मस्जिदों की खूबसूरत सजावट देखते ही बन रही है। रोशनी से सजी मस्जिदें ऐसी नजर आ रही हैं, मानो नई नवेली दुल्हन की तरह सज-संवरकर तैयार हुई हों। जश्ने ईद मिलादुन्नबी को पैगंबर हजरत मोहम्मद ﷺ के जन्म की याद में मनाया जाता है। इसी को लेकर खुदागंज के साथ ही जलालपुर, रामपुर नवदिया दीपपुर, नई बस्ती और आलमनगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पूरा क्षेत्र पर्व के स्वागत के लिए साज-सज्जा के साथ तैयार नजर आ रहा है। पर्व को लेकर विभिन्न अंजुमन कमेटियों की ओर से भी तैयारियां की जा रही हैं। जलालपुर में अंजुमन गुलाम-ए-पंजतन पाक की ओर से भी कार्यक्रम को लेकर तैयारियां की गई हैं। अंजुमन के सदर ताजबर उमर खां के साथ मोहम्मद, तसीम, आफताब, समीर, फैज, तौसीब और फकीर सहित अन्य सदस्य व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं। वहीं नईम, इसरान, दानिश और मुर्शद सहित अन्य लोग भी तैयारियों में सहयोग कर रहे हैं। सैयद आदिल भी आयोजन की व्यवस्थाओं में सक्रिय रूप से जुटे हैं। अंजुमन से जुड़े सदस्यों ने बताया कि जश्ने ईद मिलादुन्नबी को लेकर क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह है और सभी लोग पर्व के दिन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जगमगाती रोशनी, सजी मस्जिदें और आकर्षक सजावट के बीच खुदागंज क्षेत्र का नजारा देखते ही बन रहा है। नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक पर्व को लेकर उत्साह और भाईचारे का माहौल दिखाई दे रहा है।

### हजरत मैकूशाह मिया रहमतुल्लाह अलैह का कुल के साथ सालाना उर्स संपन्न



**तिलहर - शाहजहांपुर।** हजरत मैकूशाह मियां रहमतुल्लाह अलैह का दो दिनी सालाना उर्स कुल शरीफ के साथ संपन्न हो गया । रविवार सुबह कुरआन खवानी के साथ उर्स शुरू हुआ। दोपहर में अकीदतमंदों की मौजूदगी में चादरपोशी की गई। शाम को लंगर का इंतजाम किया गया । जबकि रात में एक भव्य जलसे में दूर–दराज से उलमा–ए–कराम ने शिरकत की। सोमवार सुबह 10 बजे कुल शरीफ हुआ। जिसमें मौजूद तमाम उलमा–ए–कराम ने अपने–अपने खिताब पेश किए। शायरों और नातख्वानों ने नात–ए–मुस्तफा पेश कर महफिल को पुरनूर कर दिया। बिलग्राम शरीफ से तशरीफ लाए सोहेल मियां वहीदी ने तकरीर की जिसमें शिक्षा की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि आधी रोटी खाएंगे, बच्चों को पढ़ाएंगे। उन्होंने लोगों से अपने बच्चों को हर हाल में शिक्षित करने और उन्हें आगे बढ़ाने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में मुल्क व कौम की तरक्की, अमन–ओ–शांति और खुशहाली के लिए विशेष दुआ की गई। इस मौके पर हाजी तसव्वर हुसैन साहब, सदर सगीर अहमद, नायब सदर कदीर अहमद साबरी तथा दरगाह के खादिम खलील अहमद कादरी उर्फ शब्बू मियां सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।उर्स में हजारों की तादाद में अकीदतमंद एहतराम के साथ शामिल हुए शिरकत की। कार्यक्रम के समापन के बाद सभी के लिए लंगर का इंतजाम किया गया। महफिल में लोग बड़ी तादाद में अकीदत एहतराम के साथ शामिल हुए।

# तीन जनपदों के औषधि निरीक्षकों की टीम ने मेडिकल स्टोरों पर की छापेमारी

- विभिन्न दवाओं के 11 नमूने किए गए सील

**समृद्धि न्यूज़, तिलहर-शाहजहांपुर।**



औषधि आयुक्त के निर्देश पर तीन जनपदों के औषधि निरीक्षकों की टीम ने संयुक्त रूप से नगर के मेडिकल स्टोरों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान आठ मेडिकल स्टोरों की जांच कर विभिन्न दवाओं के 11 नमूने सील किए गए। जिन्हें लखनऊ स्थित प्रयोगशाला भेजा जाएगा। अभियान की भनक लगते ही मेडिकल स्टोरों के धड़ाधड़ शटर गिरते नजर आए। टीम के जाने के बाद रहते मेडिकल संचालकों ने राहत की सांस ली।

मंगलवार पूर्वान्ह 11 बजे बरेली के औषधि निरीक्षक राजेश कुमार, पीलीभीत की औषधि निरीक्षक उर्मिला वर्मा तथा बदायूं के औषधि निरीक्षक लवकुश प्रसाद की संयुक्त टीम यहां पहुंची। सर्व प्रथम टीम ने बिरियागंज बाजार स्थित मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण अभियान शुरू किया। इस दौरान एक मेडिकल स्टोर संचालक दुकान बंद कर जाने लगा। टीम ने दुकान खुलवाकर उसका सघन निरीक्षण किया। इसी क्रम में टीम ने क्षेत्र के अन्य मेडिकल स्टोरों कर दवाओं की गुणवत्ता व बिक्री संबंधी अभिलेख और आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। टीम आने की भनक लगते बिरियागंज, रेलवे रोड, अस्पताल रोड स्थित तमाम मेडिकल स्टोरों के धड़ाधड़ शटर गिरते नजर आए। अपरान्ह दो बजे टीम अस्पताल के समीप स्थित कुछ मेडिकल स्टोरों पहुंची और दवाओं का निरीक्षण किया। औषधि निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि अपरान्ह तीन बजे तक बिरियागंज में पांच तथा अस्पताल के समीप तीन यानि कुल आठ मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान विभिन्न दवाओं के 11 नमूने भी सील किए गए हैं। जिन्हें जांच के लिए लखनऊ प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट के मुताबिक कार्यवाही की जाएगी।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**बंडा, शाहजहांपुर।** बंडा बाजार से अपने घर वापस लौट रहे युवक की बाइक अनियंत्रित होकर खम्भे से जा टकराई, जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में ग्रामीण उसे बंडा के सरकारी अस्पताल लेकर आए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बंडा के गांव पड़रिया दलेलपुर निवासी राजाराम का पुत्र दिलीप जायसवाल उर्फ दीपू (35) अपने घर से बंडा बाजार आया था। बंडा से अपने घर वापस जाते समय गांव सैदापुर में अचानक उसकी बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई जिससे गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे बंडा के सरकारी अस्पताल में लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए उसके शव को लेकर अपने घर चले गए, जहां उसकी मौत से घर में चीख पुकार मची हुई है। भाई संतोष, राजकुमार, रामनिवास, पत्नी अनीता देवी का रो रो कर बुरा हाल है।

# अखंड हिंदू वाहिनी ने प्रतिबंधित गो मांस को पकड़ा

- मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच-पड़ताल की
- पदाधिकारियो ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग

**समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।**

अखंड हिंदू वाहिनी के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली कि एक घर में प्रतिबंधित मांस बिक्री किया जा रहा है। मौके पर पहुंचे कार्यकर्ताओं को देखकर मांस की बिक्री करने वाले मौके से भाग निकले।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल की वही नगर अध्यक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर मांस बिक्री करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। मंगलवार को नगर के मोहल्ला तकिया जो खुटार रोड से बंडा रोड की तरफ जाता है। एक मकान में प्रतिबंधित गो मांस होने की जानकारी हुई। तभी अखंड हिंदू वाहिनी के कार्यकर्ता वहां पहुंचे और दरवाजे के बाहर कमरे को खुलवाकर देखा तो उसमें मांस था। और उसकी उन्होंने वीडियो बनाई। तभी घटना में संलिप्पत कुछ लोग मांस को थैले में भरकर छत से कूद कर फरार हो गये। उसके बाद पुलिस ने फरार लोगों की तलाश करने की कोशिश की लेकिन वह नहीं मिल सके। वहीं कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी भी की उसके बाद कोतवाली जाकर पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि पवित्र श्रावण मास में मांस बिक्री करने वाले तथा धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### कोतवाली में कार्यकर्ताओं की पुलिस से हुई झड़प

अखंड हिंदू वाहिनी के कार्यकर्ता कोतवाली में पहुंचे तो उनकी पुलिस से काफी तीखी नोक झोंक हुई। इसके बाद उन्होंने कोतवाली के बाहर गेट पर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। इस संबंध में कोतवाल आरके रावत ने बताया है। तहरीर आई है जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इस मौके पर विमल मिश्रा, प्रशांत मिश्रा, विशाल पांडे, विपुल मिश्रा, उदय प्रताप, विजय कुमार, संजीव कुमार सौरभ मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### व्यापारी की करंट लगने से मौत



**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं परमा बटन हाउस के संचालक श्री परमा धवन का करंट लगने से असामयिक निधन हो गया। अवधेश घी वाली गली स्थित दुकान पर करंट उतरने से हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि परमा धवन की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की खबर से परिजनों, मित्रों और व्यापारियों, नागरिकों में शोक की लहर है।

### सात वारंटी गिरफ्तार, न्यायालय में किया पेश

**सीतापुर।** अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सीतापुर पुलिस ने मंगलवार को सात वांछित/वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार इमलिया सुल्तानपुर, तालगांव, रामपुर मथुरा, रामपुर कलां और महोली थाना पुलिस ने कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपियों में चार वारंटी और तीन वांछित अभियुक्त शामिल हैं। रामपुर मथुरा पुलिस ने पॉक्सो एक्ट समेत संबंधित धाराओं में वांछित उमेश को गिरफ्तार किया, जबकि रामपुर कलां पुलिस ने दो वारंटी व एक वांछित को पकड़ा। सभी आरोपियों को आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने एसडीएम को ज्ञापन दिया

**समृद्धि न्यूज़, पुवायां, शाहजहांपुर।**

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक गुट के मंडल अध्यक्ष मनजीत सिंह धालीवाल के नेतृत्व में यूनियन ने मुख्यमंत्री से संबोधित ज्ञापन एसडीएम को देकर समस्याओं के निस्तारण की मांग की है।

उन्होंने कहा है कि मकसूदापुर चीनी मिल पर किसानों का गन्ना का बकाया रुपया नहीं मिल रहा है जिसको दिलाया जाए। और चीनी का रेट 65 से 70 किलो हो गया है। जिसके अनुसार गन्ने का रेट 700 किया जाए। तथा चीनी के रेट पर कंट्रोल किया जाए। गांव खानपुर कुरैया में स्थित चकरोड गाटा संख्या 130 गांव के ही व्यक्ति ने अपने खेत में मिल लिया है लेकिन लेखपाल प्रधान से मिला हुआ है जिस कारण उसकी नाप नहीं हो रही है। तथा क्षेत्र में घूम रहे आवारा पशुओं को पकड़वाया जाए जिस कारण गो वंशों से होने वाली दुर्घटनाओं से निजात मिल सके। यदि समस्याओंको जल्द समाधान न किया गया तो यूनियन धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगी। इस दौरान रजनीश पाल, सुखविंदर सिंह, निरंकार, रक्षपाल , गौरव शुक्ला, अमृत कुमार, रीता देवी, खुशबू देवी सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 'दृष्टि' की बैठक, विधायक रोमी साहनी ने की अध्यक्षता

- दृष्टि की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा, गुणवत्ता और समयबद्धता पर जोर

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**



जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति 'दृष्टि' की बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में पलिया विधायक एवं समिति अध्यक्ष रोमी साहनी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जनपद में संचालित विकास एवं निर्माण कार्यों तथा राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विभागवार समीक्षा की गई। समिति अध्यक्ष ने अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में सदर विधायक योगेश वर्मा, ब्लॉक प्रमुख लखीमपुर दिव्या सिंह, नकहा पवन गुप्ता, मोहम्मदी महेंद्र बाजपेई एवं बेहजम बीना राज, सीडीओ अभिषेक कुमार, डीएफओ तापस मिहिर, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता,डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, पीडी सतीश कुमार पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। परियोजना निदेशक (डीआरडीए) सतीश कुमार पाण्डेय ने जनप्रतिनिधियों को आवंटित धनराशि के सापेक्ष कराए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी दी।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए समिति अध्यक्ष रोमी साहनी ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंचाया जाए। विकास कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जनहित से जुड़े कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समयसीमा में पूरा कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। सड़क एवं सेतु निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान लंबित कार्यों की स्थिति जानी गई। समिति अध्यक्ष ने लंबित परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। कृषि विभाग की समीक्षा में पीएम किसान सम्मान निधि और फसल बीमा योजना की प्रगति की जानकारी ली गई। गन्ना विभाग से किसानों के गन्ना मूल्य भुगतान की स्थिति जानी गई। संबंधित अधिकारियों को चीनी मिल प्रतिनिधियों के साथ समन्वय कर किसानों का शत-प्रतिशत गन्ना भुगतान सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय निर्माण की समीक्षा करते हुए सभी पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाने तथा ग्राम पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया। मुख्यमंत्री आवास योजना, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, समाज कल्याण विभाग की सामूहिक विवाह योजना तथा डॉ.भीमराव आंबेडकर पार्कों के निर्माण एवं जीर्णोद्धार की भी समीक्षा हुई। समिति अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि विकास कार्यों की टेंडर प्रक्रिया में ऐसी संस्था अथवा कंपनी का चयन न किया जाए, जिसका पूर्व कार्य संतोषजनक न रहा हो। उन्होंने सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

# जिला संयोजक बने दीपक जाटव



**लखीमपुर खीरी।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन के संगठन विस्तार के तहत जिला लखीमपुर खीरी में नई जिम्मेदारियों की घोषणा की गई है। प्रदेश सचिव एवं मंडल प्रभारी रवि डेविड की संस्तुति पर एड. दीपक जाटव जी को भीम आर्मी का जिला संयोजक (अध्यक्ष) नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त जिला संयोजक एड. दीपक जाटव जी ने इस मनोनयन पर शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ दी गई जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। ?अपने बयान में एड. दीपक जाटव ने संकल्प लिया कि वे लखीमपुर खीरी जिले में संगठन का विस्तार कर भीम आर्मी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएंगे। इसके साथ ही वे भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह तथा आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के संस्थापक एवं सांसद भाई एड. चंद्रशेखर आजाद के हाथों और भीम आर्मी संगठन को जिले में पूरी ताकत से मजबूत करेंगे। इस मनोनयन के बाद स्थानीय कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी उत्साह है और सभी ने नवनियुक्त जिला संयोजक को शुभकामनाएं दी हैं।

## दस फिट गहरी खाई में गिरी कार, दोस्तों ने सुरक्षित निकाला



**लखीमपुर खीरी।** निघासन पलिया हाईवे पर बाइक सवार को बचाने के चक्कर में 10 फीट गहरी खाई में कार गिर गयी।कार सवार लोगों को डूबता देख फरिश्ते बनकर लोग खाई में कूदे। पांच दोस्तों सबकी जान बचाई। वीडियो वायरल होते ही क्षेत्र के लोग सराहना कर रहे हैं। इंसानियत अभी भी जिंदा है इंसानियत के नाम पर लोग अपनी जान की परवाह किए बिना गहरे पानी में कपड़े उतार कर कूद गए। सभी को सुरक्षित निकाला गया गया।

# ओयल जिला अस्पताल में अव्यवस्थाओं का अंबार, एक महीने से लिफ्ट बंद

- रैंप के भरोसे बुजुर्ग और दिव्यांग, प्राचार्य के पास सुध लेने का समय नहीं

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**

स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के सरकारी दावों को जिला अस्पताल मोतीपुर (ओयल) पूरी तरह मुंह चिढ़ा रहा है। अस्पताल इस समय खुद %बीमार% नजर आ रहा है। पिछले एक महीने से अधिक समय से अस्पताल की लिफ्ट खराब पड़ी है, जिसे ठीक कराने वाला कोई नहीं है। इस घोर लापरवाही के कारण इलाज कराने आ रहे बुजुर्ग, गंभीर बीमार, वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांग मरीज दो मंजिल ऊपर ओपीडी तक जाने के लिए सीढ़ियां चढ़ने या बेहद कठिन रैंप का सहारा लेने को मजबूर हैं।रैम्प के पास बनी नाली पर पड़ी जाली टूटी पड़ी है जिससे स्ट्रेचर उस जाली में फंस जाता है और ऑपरेशन किए हुए मरीज को एकदम का झटका लगता है।

**ऊपरी मंजिलों पर ओपीडी और वार्ड, मरीज बेहाल:** हैरानी की बात यह है कि मरीजों से सीधे जुड़े मुख्य विभाग जैसे नाक-कान-गला,बाल रोग,त्वचा रोग, नेत्र रोग और दंत रोग के साथ फिजिओ थैरेपी के डॉक्टर ऊपरी मंजिल पर ही बैठते हैं। इसके अलावा पुरुष वार्ड, महिला वार्ड और प्राइवेट वार्ड भी सबसे ऊपर स्थित हैं। लिफ्ट बंद होने से तीमारदार अपने गंभीर मरीजों को गोद में या स्ट्रेचर के सहारे रैंप पर खींचकर ले जाने को विवश हैं, जिससे मरीजों को असहनीय दर्द और भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तीमारदारों



का आरोप है कि जिला अस्पताल की प्राचार्य डॉ. वाणी गुप्ता को इन बुनियादी समस्याओं को देखने और मरीजों का दर्द समझने का समय ही नहीं है।

**सूखे पेड़ों से हादसे का डर, जनहानि की आशंका:** अस्पताल परिसर में सुरक्षा के लिहाज से भी बड़ा खतरा मंडरा रहा है। परिसर में कई सूखे पेड़ खड़े हैं, जो बेहद जर्जर हो चुके हैं और कभी भी गिर सकते हैं। अस्पताल में रोजाना सैकड़ों मरीजों और तीमारदारों का आना जाना लगा रहता है। जनहित में इन सूखे पेड़ों को तुरंत कटवाना बेहद जरूरी है, क्योंकि इनके गिरने से कभी भी कोई बड़ी जनहानि या बड़ा हादसा हो सकता है।

**इमरजेंसी के पास गंदगी का अंबार, पनप रहे जहरीले जीव और मच्छर:** अस्पताल की इमरजेंसी, जहां हर पल मरीजों की जिंदगी बचाने का काम होता है, उसके ठीक पास स्वास्थ्य को बीमार करने वाले हालात बने हुए हैं। इमरजेंसी के पास लगे वाटर कूलर के चारों तरफ भीषण गंदगी फैली हुई है, जिससे मरीज साफ पानी पीने को भी तरस रहे हैं। अस्पताल परिसर के चारों ओर गंदा पानी भरा हुआ है। इमरजेंसी के बगल में बड़ी-बड़ी घास उगी हुई है, जिसमें न सिर्फ मलेरिया और डेंगू के मच्छर पनप रहे हैं, बल्कि जहरीले जीव-जंतुओं के छिपे होने का खतरा भी बना हुआ है।

**अव्यवस्थाओं का गढ़ बना अस्पताल:** परिसर में फैली इन बड़ी समस्याओं के साथ-साथ अस्पताल के भीतर और भी कई तरह की प्रशासनिक अव्यवस्थाएं फैली हुई हैं। सफाई व्यवस्था से लेकर मरीजों की बुनियादी सुविधाओं तक, हर मोर्चे पर अस्पताल प्रबंधन पूरी तरह फेल नजर आ रहा है। स्थानीय नागरिकों और मरीजों ने जिलाधिकारी से इस मामले का तत्काल संज्ञान लेने और अस्पताल की व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने की मांग की है।

# हिंदू महासभा ने डीएम को सौंपे दो ज्ञापन, खाद्य मिलावट व बैंकिंग अनियमितताओं की जांच की मांग

- खाद्य पदार्थों में मिलावट पर अभियान और करोड़ों के बैंकिंग मामले में स्वतंत्र जांच की मांग

**समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।**




अखिल भारत हिंदू महासभा, जिला पीलीभीत की ओर से मंगलवार को जिलाधिकारी को दो ज्ञापन सौंपे गए। पहले ज्ञापन में जिले में खाद्य पदार्थों में कथित मिलावट पर चिंता जताते हुए व्यापक जांच अभियान चलाने और खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई की समीक्षा कराने की मांग की गई। महासभा ने दूध, पनीर, घी, तेल, मसाले, मिठाई, ब्रेड, बिस्कुट और नमकीन समेत खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच कराने, बाजारों, डेयरियों, होटल-ढाबों और खाद्य निर्माण इकाइयों के नियमित निरीक्षण तथा मिलावट मिलने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की मांग की। संगठन ने जांच एवं कार्रवाई की रिपोर्ट सार्वजनिक किए जाने का भी अनुरोध किया। दूसरे ज्ञापन में इंडियन बैंक और पंजाब एंड सिंध बैंक से जुड़े करोड़ों रुपये के कथित वित्तीय अनियमितता मामले का उल्लेख करते हुए स्वतंत्र उच्चस्तरीय जांच की मांग की गई। ज्ञापन में थाना सुनगढ़ी में दर्ज FIR संख्या 0368/2026 का हवाला देते हुए करीब 19 करोड़ रुपये की कैश क्रेडिट लिमिट, 13.61 करोड़ रुपये के कथित RTGS लेनदेन, करीब 7 करोड़ रुपये के कथित अंतरण और लगभग 13.20 करोड़ रुपये की कथित नकद निकासी समेत अन्य आरोपों की गहन जांच की मांग की गई है। महासभा ने बैंक रिकॉर्ड, CCTV फुटेज, डिजिटल लॉग और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को सुरक्षित रखने तथा मामले की गंभीरता को देखते हुए सीबीआई अथवा किसी अन्य स्वतंत्र उच्चस्तरीय जांच एजेंसी से जांच कराने की संस्तुति शासन को भेजने का आग्रह किया। संगठन ने कहा कि जांच निष्पक्ष हो और आरोप सही पाए जाने पर संबंधित दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। दोनों ज्ञापनों के माध्यम से हिंदू महासभा ने प्रशासन से मामलों को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच, आवश्यक साक्ष्यों को सुरक्षित रखने तथा जांच में आरोप सही पाए जाने पर संबंधित दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। ज्ञापनों पर संगठन के जिलाध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा समेत अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के हस्ताक्षर दर्ज हैं।

# सीताराम मंदिर में सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन

- जूही जायसवाल ने लिया 12 ज्योतिर्लिंगों में हर वर्ष रुद्राभिषेक का संकल्प

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।**



जनपद सीतापुर स्थित सीताराम मंदिर में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जूही जायसवाल द्वारा धर्मगुरु आशीष शास्त्री जी के संरक्षण में सामूहिक रुद्राभिषेक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान और आस्था के साथ भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक कर सुख-शांति, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खैराबाद चेयरमैन प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, बिसवां विधायक निर्मल वर्मा एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख मुनींद्र अवस्थी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने एक ही प्रांगण में भगवान शिव का अभिषेक कर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम की आयोजक जूही जायसवाल ने बताया कि भगवान शिव के प्रति आस्था और सनातन संस्कृति के संरक्षण के उद्देश्य से वह देश के सभी 12 ज्योतिर्लिंगों में प्रत्येक वर्ष सामूहिक रुद्राभिषेक कराने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रही हैं। उनका उद्देश्य अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को भगवान शिव की भक्ति एवं सनातन परंपराओं से जोड़ना है। जूही जायसवाल ने कहा कि रुद्राभिषेक केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आस्था, सेवा और लोककल्याण की भावना का प्रतीक है। 12 ज्योतिर्लिंगों में प्रतिवर्ष रुद्राभिषेक के माध्यम से देश में सुख-शांति, समृद्धि और जनकल्याण की कामना की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान पूरा मंदिर परिसर हर-हर महादेव और ॐ नमः शिवाय के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने इस आयोजन को आध्यात्मिक एवं भक्तिमय अनुभव बताया।

# न्यूरिया में पुलिस-बदमाश मुठभेड़, पैर में लगी गोली, गिरफ्तार

- क्षेत्र में हड़कंप, 13 मुकदमों वाले आरोपी से चोरी का माल, बाइक व तमंचा बरामद

**समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।**



सोमवार की रात न्यूरिया में संदिग्ध बाइक सवारों को रोकने की कोशिश उस वक्त मुठभेड़ में बदल गई, जब पुलिस के मुताबिक बदमाशों ने पीछा कर रही पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी और उसे गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। घटना रात करीब 9:30 बजे की बताई जा रही है। चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने और वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए एसपी सुकीर्ति माधव के निर्देशन में पुलिस अभियान चला रही थी। एएसपी/सीओ सदर नताशा गोयल के नेतृत्व में न्यूरिया पुलिस और एसओजी की टीम मझोला-धनकुना मार्ग पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी बीच दो बाइक सवार पुलिस के निशाने पर आए। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन दोनों ने बाइक दौड़ा दी। पुलिस टीम ने पीछा किया तो दोनों भुजिया मजार लिंक रोड की तरफ निकल गए। घेराबंदी के दौरान पुलिस के अनुसार बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश के बाएं पैर में गोली जा लगी। गोली लगते ही बदमाश मौके पर गिर पड़ा और पुलिस ने उसे दबोच लिया। घायल आरोपी की पहचान जैनुल आबदीन पुत्र सगीर अहमद, निवासी मोहल्ला अब्दुल रहीम, न्यूरिया के रूप में हुई। उसे उपचार के लिए सीएचसी भेजा गया। उसका साथी रमन पुत्र दिलीप सिंह, निवासी रामपुर काजी, थाना केलाखेड़ा, ऊधमसिंहनगर, उत्तराखंड, रात के अंधेरे में पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से पुलिस को बड़ी मात्रा में आभूषण मिले। बरामदगी में 1950 ग्राम चांदी के जेवर और 12.93 ग्राम सोने के आभूषण शामिल हैं। पुलिस ने चोरी की स्प्लेंडर प्लस बाइक UP26AN8266, 315 बोर का तमंचा और दो कारतूस भी बरामद किए हैं।

## राख और गंदगी से परेशान ग्रामीण बुल्डोजर लेकर हाईवे पर उतरे, लगाया जाम



**पीलीभीत (पूरनपुर)।** घरों में उड़ती राख, खाने-पीने की चीजों पर जमती गंदगी और कीड़ों की समस्या से परेशान ग्रामीण मंगलवार को सड़क पर उतर आए। रामपुर तालुके महाराजपुर के पास ग्रामीणों ने बुलडोजर लगाकर मैगलगंज हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। सुबह करीब नौ बजे शुरू हुआ जाम करीब आधे घंटे तक रहा। ग्रामीणों का कहना है कि घनी आबादी के बीच संचालित गर्ग रोलर फ्लोर मिल से दिन-रात राख और धूल उड़ती रहती है। इसका असर रामपुर तालुके महाराजपुर, सुआबोझ, कपूर, रानीखेड़ा समेत आसपास के करीब आधा दर्जन गांवों पर पड़ रहा है। आरोप है कि राख घरों में रखे भोजन, कपड़ों और बर्तनों तक पहुंच रही है, जबकि लगातार धूल-कण उड़ने से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि मिल से हो रही परेशानी को लेकर पहले भी प्रशासन से शिकायत की गई, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ। इसी नाराजगी में ग्रामीणों ने हाईवे जाम कर प्रशासन का ध्यान अपनी समस्या की ओर खींचा। जाम की सूचना पर डायल 112 पीआरवी और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों से बातचीत कर उचित समाधान का आश्वासन दिया, जिसके बाद बुलडोजर हटाकर हाईवे पर यातायात बहाल कराया गया। प्रदर्शन में ग्राम प्रधान विक्रांत शर्मा सहित दाताराम वर्मा, विरेन्द्र वर्मा, रंगीले खान, दीपक वर्मा, शिव कुमार, रविन्द्र कुमार, किष्णपाल और राकेश शर्मा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# तालाब, नदी और पोखरों में बच्चों को अकेले न जाने दें: जिलाधिकारी

**सीतापुर।** तालाब, पोखर और नदी में डूबने की घटनाओं को देखते हुए जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर ने जनपदवासियों से जल स्रोतों के आसपास विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि बच्चों को तालाब, पोखर और नदी में स्नान करने से रोकें। यदि बच्चे जल स्रोत के समीप हों तो उनकी निगरानी जरूर करें, ताकि अप्रिय घटनाओं से बचा जा सके। डीएम ने कहा कि जर्जर या टूटी-फूटी नाव पर सवारी न करें। नाव में यात्रा करने से पहले उसकी क्षमता और लाइफ जैकेट की उपलब्धता जरूर जांच लें। छोटे बच्चों को अकेले नाव पर यात्रा न करने दें। नाव साफ और सूखी होने के साथ सुरक्षित स्थिति में होनी चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि मादक पदार्थों का सेवन कर नदी, तालाब या पोखर में प्रवेश न करें। जल में लगे सुरक्षा संकेतों के आगे न जाएं और घाट पर तैनात सुरक्षा दल के निर्देशों का पालन करें। पानी में किसी प्रकार का खेल न करें तथा तैरना न आने पर गहरे पानी से दूर रहें। एक नाव से दूसरी नाव में कूदने और पानी में सेल्फी लेने से भी बचें। डीएम ने कहा कि किसी व्यक्ति के डूबने की स्थिति में तत्काल आसपास मौजूद लोग मदद करें और एंबुलेंस को बुलाएं। व्यक्ति के सांस न लेने पर नब्ज जांचकर सीपीआर देने तथा उसे तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाने की कोशिश करें। उन्होंने डूब रहे व्यक्ति से घबराने के बजाय शांत रहने, सिर को पानी से ऊपर रखने और भारी सामान हटाने की अपील की। आपात स्थिति में जिला कंट्रोल रूम/इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर के नंबर 05862-245753 अथवा टोल फ्री नंबर 1077 पर संपर्क किया जा सकता है।

## एथनॉल नीति पर फिर विचार जरूरी

ऊर्जा सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण के लिए जैव ईंधन को बढ़ावा देना समय की जरूरत हो सकती है, लेकिन इसकी कीमत खाद्य सुरक्षा चुकाकर नहीं दी जा सकती। भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश में यह सवाल बेहद गंभीर है कि जिन फसलों का इस्तेमाल लोगों का पेट भरने के लिए होना चाहिए, उनका कितना हिस्सा ईंधन बनाने में लगाया जाए। एथनॉल मिश्रित पेट्रोल को बढ़ावा देने की मौजूदा नीति अब इसी कसौटी पर पुनर्विचार की मांग कर रही है। केंद्र सरकार ने करीब एक दशक बाद चीनी आयात का फैसला किया है। घरेलू बाजार में चीनी का भंडार पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 20 प्रतिशत कम बताया जा रहा है और बीते दो महीनों में चीनी की कीमतों में करीब 40 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। सरकार का तर्क है कि खराब मौसम और गन्ने की कम पैदावार से चीनी उत्पादन प्रभावित हुआ है। अंतरराष्ट्रीय बाजार की कीमतों का भी दबाव है। इन कारणों से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन गन्ने के बढ़ते एथनॉल उपयोग को भी पूरी तरह नजरअंदाज करना उचित नहीं होगा। भारत ने पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण बढ़ाने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए हैं। ई-20 पेट्रोल की बिक्री 2025 से शुरू हो चुकी है। दूसरी ओर एथनॉल उत्पादन क्षमता भी लगातार बढ़ रही है। केयरएज रेटिंग्स के अनुमान के अनुसार चालू वित्त वर्ष के अंत तक देश की एथनॉल उत्पादन क्षमता करीब 2,400 करोड़ लीटर तक पहुंच सकती है। वर्ष 2014 में यह क्षमता लगभग 421 करोड़ लीटर थी। यानी एक दशक से कुछ अधिक समय में इसमें कई गुना वृद्धि हुई है। यह विस्तार अपने आप में गलत नहीं है। एथनॉल जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने, आयातित पेट्रोलियम पर खर्च घटाने और कार्बन उत्सर्जन नियंत्रित करने में मदद कर सकता है। किसानों को गन्ना, मक्का और अन्य फसलों के लिए वैकल्पिक बाजार भी मिलता है। समस्या तब पैदा होती है, जब ईंधन की जरूरत और भोजन की जरूरत के बीच संतुलन बिगड़ने लगे। देश में पेट्रोल ब्लेंडिंग के लिए बड़ी मात्रा में एथनॉल की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त फार्मा, रसायन और अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में भी इसकी मांग है। एथनॉल उद्योग में भारी निवेश हो चुका है और बैंकों का बड़ा कर्ज भी लगा हुआ है। ऐसे में सरकार के सामने यह दुविधा स्वाभाविक है कि मिश्रण घटाने पर निवेश और बैंक ऋण की वापसी प्रभावित हो सकती है। लेकिन किसी नीति का मूल्यांकन केवल उसमें लगे निवेश से नहीं, बल्कि उसके व्यापक सामाजिक प्रभाव से होना चाहिए। सबसे बड़ा प्रश्न खाद्य सुरक्षा का है। गन्ने से एथनॉल बनने का अर्थ यह नहीं कि हर लीटर एथनॉल सीधे खाद्य संकट पैदा करता है। किंतु जब खेती योग्य संसाधनों का बड़ा हिस्सा ईंधन उत्पादन की ओर जाता है तो चीनी, अनाज और अन्य खाद्य वस्तुओं की उपलब्धता तथा कीमतों पर दबाव पड़ सकता है। इसलिए सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि ऊर्जा नीति खाद्य नीति के खिलाफ न खड़ी हो। विशेष रूप से अनाज से एथनॉल उत्पादन को लेकर अधिक सावधानी जरूरी है। मक्का और अन्य खाद्यान्नों का इस्तेमाल यदि बड़े पैमाने पर ईंधन के लिए होने लगे तो बाजार में खाद्य अनाज की उपलब्धता प्रभावित हो सकती है। गरीब और निम्न आय वर्ग पर इसका असर सबसे अधिक पड़ेगा। भोजन की कीमत बढ़ने का सीधा संबंध करोड़ों परिवारों की जीवन-स्थितियों से है। आने वाले त्योहारों को देखते हुए भी चीनी की कीमतों पर निगाह रखना जरूरी है। रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, गणेशोत्सव, नवरात्र, दशहरा और दीपावली के दौरान मिठाई, प्रसाद और अन्य खाद्य पदार्थों में चीनी की मांग बढ़ती है। ऐसे समय में यदि घरेलू उत्पादन और भंडार पर दबाव बना रहा तो आयात के बावजूद खुदरा बाजार में कीमतों को नियंत्रित करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। सरकार को एथनॉल नीति को समाप्त करने की नहीं, बल्कि इसे संतुलित और अधिक विवेकपूर्ण बनाने की जरूरत है। कृषि अवशेष, बायोमास और गैर-खाद्य स्रोतों से एथनॉल उत्पादन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। खाद्यान्न आधारित एथनॉल के लिए स्पष्ट सीमा और आपातकालीन समीक्षा व्यवस्था बनाई जा सकती है। साथ ही चीनी और अनाज के पर्याप्त बफर स्टॉक को नीति का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाना चाहिए। ऊर्जा आत्मनिर्भरता महत्वपूर्ण है, लेकिन भूख से बड़ी कोई ऊर्जा जरूरत नहीं हो सकती। यदि देश पेट्रोल की खपत घटाने के बजाय केवल उसमें अधिक एथनॉल मिलाने की दिशा में बढ़ता रहा तो समस्या का मूल समाधान नहीं होगा। सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करना, ईंधन दक्षता बढ़ाना और इलेक्ट्रिक तथा अन्य वैकल्पिक परिवहन साधनों को बढ़ावा देना भी समानांतर नीति का हिस्सा होना चाहिए। भारत को ऐसी एथनॉल नीति चाहिए जो किसान, उपभोक्ता, उद्योग और पर्यावरण–चारों के हितों में संतुलन बनाए। खाद्य सुरक्षा से समझौता कर हासिल की गई ऊर्जा आत्मनिर्भरता अंततः महंगी साबित होगी। इसलिए समय आ गया है कि सरकार एथनॉल मिश्रण के लक्ष्य, कच्चे माल के इस्तेमाल और उत्पादन क्षमता विस्तार की पूरी नीति की व्यापक समीक्षा करे।

### दो टूक




# गड़बड़ा जाएंगे सभी राजनीतिक दलों के समीकरण


नीरज कुमार दुबे



मौजूदा विधेयकों की मूल रूपरेखा के अनुसार देश में लोकसभा और विधानसभा चुनावों को एक चक्र में लाने की पहली वास्तविक संभावना 2034 से बनती है। संसद की संयुक्त समिति संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्रशासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 की जांच कर रही है। भले ही देश की तमाम राजनीतिक पार्टियां आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों के लिए अपनी-अपनी बिसात बिछाने में जुटी हों, लेकिन भारतीय राजनीति की इस शतरंज पर जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक और बड़ा 'मास्टरस्ट्रोक' चलने की संभावना जोर पकड़ रही है। हम आपको बता दें कि 'एक देश, एक चुनाव' का विचार अब महज बहस या चुनावी नारा नहीं रह गया है, भारत इसके क्रियान्वयन से कुछ ही कदम दूर दिखाई दे रहा है। एक ओर भाजपा देशभर में विभिन्न सामाजिक और पेशेवर वर्गों के बीच इस विचार के समर्थन में अभियान चलाकर जनमत तैयार करने में जुटी है, वहीं इस मुद्दे पर विचार कर रही संयुक्त संसदीय समिति भी राज्यों, विधायिकाओं, शिक्षाविदों, कानूनी विशेषज्ञों और अन्य हितधारकों से व्यापक चर्चा के बाद अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप देने के चरण में पहुंच रही है। ऐसे में सियासी हलकों में यह सवाल तेजी से उठ रहा है कि क्या चुनावी राजनीति की मौजूदा बिसात बदलने वाली है और क्या 'एक देश, एक चुनाव' मोदी सरकार की अगली बड़ी राजनीतिक चाल साबित होगी। हम आपको बता दें कि मौजूदा विधेयकों की मूल रूपरेखा के अनुसार देश में लोकसभा और विधानसभा चुनावों को एक चक्र में लाने की पहली वास्तविक संभावना 2034 से बनती है। संसद की संयुक्त समिति संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्रशासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 की जांच कर रही है। इन प्रावधानों का उद्देश्य अगले चुनाव चक्र में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ लाना है। लेकिन राजनीतिक सत्ता का गणित शायद अब 2034 तक इंतजार करने के मूड में नहीं है एनडीए के शासन वाले 22 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में से 11 में अगले दो वर्षों के भीतर विधानसभा चुनाव होने हैं। यदि इन राज्यों में एनडीए अपनी सरकारें बरकरार रखता है, तो 2029 में लोकसभा चुनाव के साथ इन्हें चुनावी चक्र में लाने के लिए जनवरी 2029 तक विधानसभाएं भंग करने का विकल्प सामने आ सकता है। आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और ओडिशा में विधानसभा चुनाव पहले से ही लोकसभा चुनाव के साथ होते रहे हैं। इस प्रकार इन चार राज्यों को समन्वित चुनावी चक्र में लाना अपेक्षाकृत आसान होगा। इसके अलावा, संवैधानिक रास्ता भी राजनीतिक चर्चा के केंद्र में है। संविधान का अनुच्छेद 174(2)(b) राज्यपाल को विधानसभा भंग करने का अधिकार देता है, हालांकि सामान्य परिस्थितियों में यह फैसला मंत्रिपरिषद की सलाह पर होता है। विधानसभा भंग होने के बाद जनप्रतिनिधित्व कानून के तहत निर्धारित समय सीमा में चुनाव कराना आवश्यक होता है। यही वह संवैधानिक खिड़की है, जिसके जरिए 2029 के साथ चुनावों का समन्वय करने की राजनीतिक संभावना तलाशी जा रही है। यहीं से 'एक देश, एक चुनाव' का प्रशासनिक तर्क सीधे राजनीतिक रणनीति में बदल जाता है। सवाल यह है कि क्या किसी निर्वाचित विधानसभा का कार्यकाल तीन या चार वर्ष तक घटाकर चुनावी चक्र को एक साथ लाना महज चुनाव सुधार होगा, या फिर यह सत्ता की सुविधानुसार राजनीतिक कैलेंडर को पुनर्गठित करने की शुरुआत होगी? एनडीए के लिए यह योजना चुनावी संसाधनों, संगठनात्मक ताकत और राष्ट्रीय नेतृत्व की लोकप्रियता को एक साथ मैदान में उतारने का अवसर बन सकती है। एक ही समय में लोकसभा और विधानसभा चुनाव होने पर राष्ट्रीय मुद्दों की लहर राज्य-स्तरीय समीकरणों को प्रभावित कर सकती है। राजनीतिक दृष्टि से यह विपक्ष के लिए बड़ी चुनौती होगी। पंजाब में 2027 और हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मिजोरम तथा तेलंगाना में 2028 में चुनाव प्रस्तावित हैं। इनके बाद चुनी जाने वाली विधानसभाओं का कार्यकाल 2029 के लोकसभा चुनाव तक केवल एक या दो वर्ष पुराना होगा, जबकि यदि भविष्य में उन्हें लोकसभा चुनाव के चक्र से जोड़ा जाता है तो उनकी अवधि को लेकर अलग संवैधानिक और राजनीतिक बहस खड़ी होगी। दूसरी ओर, 2028 में मध्य प्रदेश, मेघालय, नागालैंड, राजस्थान और त्रिपुरा जैसे राज्यों के चुनाव तथा 2029 के आसपास विभिन्न राज्यों के अलग-अलग चुनावी कार्यक्रम देश के मौजूदा बिखरे हुए चुनाव चक्र की जटिलता को दिखाते हैं। संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष पी.पी. चौधरी ने इस संभावना पर साफ कहा है कि 2029 में चुनावों को आगे बढ़ाकर एक साथ कराने का फैसला समिति के अधिकार क्षेत्र से बाहर है और यह संबंधित एनडीए मुख्यमंत्रियों पर निर्भर करेगा। हम आपको याद दिला दें कि यह समिति दिसंबर 2024 में गठित हुई थी और राज्यों में सरकारों, विधायिकाओं, शिक्षाविदों, विधि विशेषज्ञों और अन्य हितधारकों से संवाद कर रही है। उसकी रिपोर्ट इस वर्ष संसद के शीतकालीन सत्र में आने की उम्मीद है। लेकिन राजनीतिक मोर्चे पर विपक्ष पहले ही अपनी तलवारें खींच चुका है। कांग्रेस का तर्क है कि 'एक देश, एक चुनाव' असंवैधानिक, अलोकतांत्रिक और जवाबदेही की भावना के विरुद्ध है। विपक्ष का सवाल यह भी है कि यदि विधानसभा का जनादेश पांच वर्ष के लिए है, तो उसे राजनीतिक सुविधा के लिए बीच में समाप्त करना मतदाता के अधिकारों और संघीय ढांचे के साथ किस हद तक न्याय करेगा। यह विवाद उस समय और तीखा हो सकता है, जब परिसीमन को लेकर केंद्र और विपक्षी दलों के बीच पहले से ही अविश्वास मौजूद है। दरअसल, 2029 का संभावित प्रयोग केवल चुनावी तारीखें मिलाने की कवायद नहीं होगा। यह भारतीय राजनीति में केंद्र बनाम राज्यों, राष्ट्रीय नेतृत्व बनाम क्षेत्रीय मुद्दों और चुनावी दक्षता बनाम लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व की नई लड़ाई छेड़ सकता है। एनडीए इसे स्थिरता, कम खर्च और बार-बार लगने वाली आचार संहिता से मुक्ति के रूप में पेश कर रहा है, जबकि विपक्ष इसे राज्यों की राजनीतिक स्वायत्तता और अलग जनादेशों को राष्ट्रीय चुनाव की छाया में समेटने की कोशिश बता कर इसका विरोध कर रहा है। बहरहाल, 2029 का सवाल सिर्फ इतना नहीं है कि लोकसभा और 22 राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होंगे या नहीं। असली सियासी पहेली यह है कि क्या 'एक देश, एक चुनाव' के बहाने भारतीय राजनीति का चुनावी कैलेंडर बदलेगा, या फिर सत्ता के खेल का पूरा बोर्ड ही नए सिरे से सजाया जाएगा? वैसे यह स्पष्ट नजर आ रहा है कि 2029 की लड़ाई सिर्फ वोटों की नहीं बल्कि चुनाव की टाइमिंग को लेकर भी होगी। कौन अपनी सरकार बचाएगा, किसकी विधानसभा का कार्यकाल घटेगा और किसे राष्ट्रीय लहर का सहारा मिलेगा, यह तो आने वाला समय ही बतायेगा।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# महिलाएं लिख रहीं हैं विकास की इबारत

डॉ. लोकेश कुमार



भारत में सल्तनत काल से पहले महिलाओं को पुरुषों के समान कई अधिकार प्राप्त थे। वे सभा और समितियों में अपने विचार रखती थीं लेकिन बाद के दौर में महिलाओं की स्थिति कमजोर होती गई और उन्हें धीरे-धीरे पुरुष प्रधान समाज में वस्तु के समान समझा जाने लगा। आजादी के बाद महिला को भी पुरूष के समान अधिकार दिए जा रहे हैं। ऐसा पहले नहीं था क्योंकि महिला को पुरूष के समान दर्जा नहीं देकर उसे केवल दासी के रूप में देखा जाता था। सन 1920 में अमेरिकी संविधान के 19वें संशोधन को लागू किए जाने के बाद ही महिला को पुरूष के समान दर्जा देते हुए उन्हें वोट देने का अधिकार प्रदान किया गया। इसी की याद में 26 अगस्त को महिला समानता दिवस मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं को उनके नागरिक अधिकार और वोट देने की कानूनी ताकत मिलने की ऐतिहासिक सफलता का जश्न मनाया जाता है। यह उन सभी साहसी महिलाओं और उनके संघर्षों को सम्मान देता है, जिन्होंने दशकों तक समानता की लड़ाई लड़ी। यह दिन हमें यह सोचने को मजबूर करता है कि समाज में महिलाओं को और कौन-से अधिकार मिलने बाकी हैं। यह कार्यस्थल, शिक्षा और राजनीति में महिलाओं के खिलाफ भेदभाव को खत्म करने और आगे की प्रगति के लिए प्रेरित करता है। भारतीय संविधान में 73वां, 74वां संविधान संशोधन करके महिलाओं को पंचायती राज और नगर निकाय में 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया गया। जिससे पंचायत राज और नगर निकाय में महिलाओं को जनप्रतिनिधि होने का मौका मिला। वह पुरूष समाज के सामने महिलाओं का प्रतिनिधित्व होना बहुत मुश्किल है। इसलिए पंचायती राज और नगर निकाय में आरक्षण व्यवस्था महिलाओं के लिए ऐतिहासिक कदम रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया है। महिला आरक्षण (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) के तहत यह कानून लोकसभा और सभी राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देता है। सितंबर, 2023 में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' (128वां संविधान संशोधन विधेयक) संसद के दोनों सदनों से ऐतिहासिक बहुमत के साथ पारित कराया गया। यह प्रावधान आगामी परिसीमन और चुनावों की प्रक्रिया के अनुसार लागू होने की दिशा में आगे बढ़ाया गया है। महिलाओं को सशक्त और सुरक्षित बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण कानूनी अधिकार प्रदान किए गए हैं। जिनमें महिलाओं को 10 महत्वपूर्ण अधिकार प्रदान किए गए हैं। समान वेतन का अधिकार समान पारिश्रमिक अधिनियम के अनुसार, महिलाओं को पुरुषों के समान काम के लिए समान वेतन पाने का अधिकार प्रदान किया गया है लेकिन आज भी निजी कम्पनियों में महिलाओं को पुरूष से कम ही वेतन दिया जाता है। मातृत्व लाभ का अधिकारः मातृत्व लाभ अधिनियम के तहत गर्भवती महिलाओं को बच्चे के जन्म से पहले और बाद में 26 सप्ताह तक के सवैतनिक (पेड) अवकाश का भी अधिकार प्रदान किया गया है। कार्यस्थल पर सुरक्षा कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम महिलाओं को कार्यालयों या कार्यस्थलों पर किसी भी प्रकार के यौन उत्पीड़न से बचाने के लिए कार्यस्थल पर सुरक्षा प्रदान की गई है। लेकिन कानून बनने के बाद भी महिलाओं कार्यालयों में यौन उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। घरेलू हिंसा के खिलाफ अधिकारघरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम महिलाओं को शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और मौखिक हिंसा से सुरक्षा प्रदान करता है। घरेलू हिंसा में महिलाओं को शिकार बनाया जाता है। पैतृक सम्पत्ति में अधिकार हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम के संशोधन के अनुसार, बेटियों को भी बेटों की तरह पैतृक संपत्ति में समान अधिकार प्रदान किया गया है लेकिन महिलाएं अपना हक मांग लेती हैं तो भाइयों द्वारा उनके सम्मान में कमी कर दी जाती है। मुफ्त कानूनी सहायता महिलाओं को अपनी न्याय की लड़ाई के लिए बिना किसी आर्थिक बाधा के मुफ्त वकील और कानूनी सहायता पाने का अधिकार प्रदान किया गया है। महिलाओं को गिरफ्तारी से जुड़े विशेष संरक्षणः कानून के अनुसार, किसी भी महिला को सूर्यास्त के बाद और सूर्योदय से पहले गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है। जीरो एफआईआर दर्ज कराने का अधिकारकोई भी महिला किसी भी पुलिस स्टेशन में अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है, भले घटना किसी अन्य क्षेत्र में क्यों न हुई हो। क्योंकि महिला को यह अधिकार दिया गया है कि जहां उसके साथ घटना घटी है, वह उस थाना क्षेत्र में अधिकार में रिपोर्ट दर्ज कराने से मुक्ति मिल गई है। वहीं, कहीं अपनी शिकायत दर्ज करवा सकती है। पहचान गुप्त रखने का अधिकारयौन उत्पीड़न या बलात्कार पीड़ित महिला की पहचान को कानूनी रूप से पूरी तरह गुप्त रखने का अधिकार प्रदान किया गया है। उसका नाम और फोटो मीडिया में प्रकाशित नहीं कर सकते हैं। पुलिस थाने में पूछताछ के लिए नहीं बुलाया जाना आपराधिक प्रक्रिया के तहत पुलिस किसी महिला को पूछताछ के लिए थाने में हाजिर होने के लिए बाध्य नहीं कर सकती, पूछताछ उसके निवास स्थान पर होगी। महिलाओं को समानता के लिए निरंतर संघर्ष अमेरिकी महिलाओं को वोट देने का अधिकार तो मिल गया था लेकिन उन्हें रोजगार और शिक्षा के साथ-साथ अन्य विषयों पर कई तरह की असमानताओं का सामना करना पड़ा। 26 अगस्त, 1970 को राष्ट्रीय महिला संगठन की सह-संस्थापक, कार्यकर्ता बेट्टी फ्रीडन ने समानता के लिए देशभर में महिलाओं के समूह बनाकर हड़ताल को अंजाम दिया। उस समय, महिलाओं की समानता हड़ताल संयुक्त राज्य अमेरिका में लैंगिक समानता के लिए सबसे बड़ा विरोध प्रदर्शन माना जाता है।

**महिला समानता दिवस (26 अगस्त) पर विशेष**

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

### कोरस


संजय एम तराणेकर

## विधायक की कार, भत्ता और सत्ता

**हर विधायक को कार मिले, साथ में मिलता भत्ता,**
**जनता पूछे- 'हमको कब?' नेता बोले- 'बस सत्ता!'**

**पचहत्तर हजार 'कार' के, पच्चीस हजार सहायक,**
**गाँव-गाँव अब घूमिए साहब, बन जनसेवा-नायक।**

**कहते हैं-जनता की सुनना, हर मुश्किल हल करना,**
**तीन माह में रिपोर्ट बनाना, हरेक वादा पूरा करना।**

**ये कार नई है, राह पुरानी, जनता फिर भी पैदल है, साहब की गाड़ी दौड़ रही, गाँव अब भी दलदल है।**

**किसान कहे- 'मेरी सुन लो,' युवा कहे- 'रोजगार दो,'**
**गुरु बोले- 'स्कूल सँवारो,' मजूर कहे- 'अधिकार दो।'**

**कार मिले तो ठीक साब, जनता को भी याद रखिए,**
**सरकारी सुविधा सहित जनता का दुख साथ रखिए।**

# आधुनिक युग में संस्कृत सबसे अधिक सरल व प्रासंगिक

प्रशान्त कुमार मिश्र

प्रायः जनमानस में यह भ्रांत धारणा है कि संस्कृत एक अत्यंत कठिन और क्लिष्ट भाषा है। सामान्य व्यक्ति संस्कृत का नाम सुनते ही जटिल व्याकरण, कठिन शब्दों और लंबे-लंबे श्लोकों की कल्पना करने लगता है। वास्तव में यह धारणा पूरी तरह सही नहीं है। संस्कृत को यदि उसके सहज और व्यवहारिक रूप में सीखा जाए तो यह अत्यंत सरल, वैज्ञानिक, व्यवस्थित एवं सर्वग्राह्य भाषा है। आवश्यकता केवल इसे पढ़ाने और सीखने की पद्धति में परिवर्तन करने की है। वस्तुतः किसी भी भाषा के दो प्रमुख रूप होते हैं–बोलचाल की भाषा और साहित्यिक भाषा। हिंदी तथा अंग्रेजी भी इसका उदाहरण हैं। इन दोनों भाषाओं में सामान्य बातचीत सहज होती है, लेकिन जब हम साहित्यिक रचनाओं की ओर बढ़ते हैं तो भाषा अपेक्षाकृत कठिन हो जाती है। जयशंकर प्रसाद, सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' अथवा अन्य साहित्यकारों की रचनाओं में प्रयुक्त हिंदी सामान्य बोलचाल की हिंदी से अलग और कई बार दुरूह प्रतीत होती है। इसका अर्थ यह नहीं कि हिंदी कठिन भाषा है। इसी प्रकार संस्कृत के साहित्यिक रूप की कठिनता को संस्कृत भाषा की कठिनता मान लेना भी उचित नहीं है। उदाहरण के रूप में 'बालक जल पीता है' वाक्य को लिया जा सकता है। यदि इसका अनुवाद अत्यधिक साहित्यिक शैली में किया जाए तो सामान्य व्यक्ति के लिए उसे समझना कठिन हो सकता है। इसके विपरीत 'बालकः जलं पिबति' जैसे सरल वाक्य का अर्थ आसानी से समझा जा सकता है। इसी तरह दैनिक जीवन के छोटे-छोटे वाक्यों के माध्यम से संस्कृत को सीखा और बोला जा सकता है। 'भवान् कुत्र गच्छति?', 'अहं विद्यालयं गच्छामि', 'त्वं किं करोषि?' जैसे वाक्य बोलचाल की संस्कृत को सहज बनाते हैं। वस्तुतः लंबे समय तक संस्कृत के अध्ययन में साहित्यिक और शास्त्रीय स्वरूप पर अधिक जोर दिया गया। संस्कृतज्ञों और शिक्षण संस्थानों में व्याकरण, काव्य, दर्शन तथा शास्त्रीय ग्रंथों के अध्ययन को प्राथमिकता मिली, जो निस्संदेह संस्कृत की समृद्ध परंपरा को समझने के लिए आवश्यक है। लेकिन इसके साथ बोलचाल की संस्कृत को पर्याप्त महत्व नहीं मिला। परिणामस्वरूप आम लोगों के मन में यह धारणा मजबूत होती गई कि संस्कृत केवल विद्वानों और पंडितों की भाषा है। यदि संस्कृत को बोलचाल से जोड़ा जाए तो यह धारणा तेजी से बदल सकती है। आज देश के विभिन्न हिस्सों में संस्कृत संभाषण के प्रयास किए जा रहे हैं। सरल पाठ्यक्रम, संवाद आधारित शिक्षा, संस्कृत संभाषण केंद्र और ऑनलाइन प्रशिक्षण के माध्यम से लोगों को संस्कृत बोलने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसका सकारात्मक परिणाम भी दिखाई दे रहा है। कर्नाटक के मत्तूरु, मध्य प्रदेश के मोहद एवं झिरी तथा राजस्थान के गनोड़ा जैसे गांवों में संस्कृत के व्यवहार और प्रयोग के उदाहरण अक्सर सामने आते हैं। इन प्रयासों से यह साबित होता है कि संस्कृत को यदि जीवन से जोड़ा जाए तो यह केवल पुस्तकों की भाषा बनकर नहीं रह जाती। संस्कृत के प्रति हमारी निकटता का एक बड़ा कारण यह भी है कि भारतीय भाषाओं पर इसका गहरा प्रभाव है। हिंदी सहित अनेक भारतीय भाषाओं में संस्कृत के असंख्य तत्सम और तद्भव शब्द प्रचलित हैं। हमारे दैनिक जीवन में भी ऐसे अनेक शब्द आते हैं जिनकी जड़ें संस्कृत में हैं। माता, पिता, विद्यालय, पुस्तक, जल, सूर्य, चंद्र, पृथ्वी, आकाश, मित्र, समाज, परिवार, धर्म, कर्म और ज्ञान जैसे अनेक शब्द हमारे सामान्य व्यवहार का हिस्सा हैं। इसलिए संस्कृत हमारे लिए पूरी तरह अपरिचित भाषा नहीं है। हम जाने-अनजाने प्रतिदिन संस्कृत से जुड़े अनेक शब्दों का प्रयोग करते हैं। संस्कृत की एक विशेषता इसकी व्यवस्थित व्याकरणिक संरचना है। पाणिनि की 'अष्टाध्यायी' विश्व के महानतम व्याकरण ग्रंथों में मानी जाती है। इसमें भाषा के नियमों को जिस वैज्ञानिक और व्यवस्थित ढंग से प्रस्तुत किया गया है, वह भाषाविज्ञान के विद्यार्थियों के लिए आज भी अध्ययन का विषय है। संस्कृत की संरचना, शब्द निर्माण की प्रक्रिया और व्याकरणिक नियम इसे भाषावैज्ञानिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बनाते हैं। आधुनिक विज्ञान और तकनीक के दौर में भी संस्कृत की प्रासंगिकता पर चर्चा होती रही है। कंप्यूटर विज्ञान और प्राकृतिक भाषा संसाधन के क्षेत्र में संस्कृत की संरचना को लेकर विभिन्न स्तरों पर अध्ययन हुए हैं। इसकी व्यवस्थित व्याकरणिक प्रणाली के कारण शोधकर्ताओं ने इसे कंप्यूटर आधारित भाषा-प्रसंस्करण की दृष्टि से भी अध्ययन योग्य माना है। हालांकि संस्कृत को लेकर इंटरनेट और सोशल मीडिया पर कई ऐसे दावे भी किए जाते हैं कि भविष्य के सुपर कंप्यूटर या अंतरिक्ष संचार के लिए संस्कृत को ही सर्वश्रेष्ठ भाषा माना गया है। ऐसे दावों को प्रमाणित तथ्य मानने से पहले वैज्ञानिक और आधिकारिक स्रोतों से उनकी पुष्टि आवश्यक है। संस्कृत की वास्तविक शक्ति को स्थापित करने के लिए अतिशयोक्तिपूर्ण दावों के बजाय इसके प्रमाणित भाषावैज्ञानिक और साहित्यिक गुणों पर जोर देना अधिक उपयोगी होगा। संस्कृत का महत्व केवल भाषा तक सीमित नहीं है। भारतीय ज्ञान परंपरा का एक विशाल हिस्सा संस्कृत में उपलब्ध है। वेद, उपनिषद, पुराण, रामायण, महाभारत, दर्शन, आयुर्वेद, योग, नीतिशास्त्र, व्याकरण, गणित, ज्योतिष और अर्थशास्त्र जैसे अनेक विषयों का महत्वपूर्ण साहित्य संस्कृत में रचा गया। चरक और सुश्रुत की चिकित्सा परंपरा से लेकर कौटिल्य के अर्थशास्त्र और पतंजलि के योगदर्शन तक संस्कृत में ज्ञान की एक विशाल परंपरा मौजूद है। गणित और विज्ञान के इतिहास को समझने में भी संस्कृत ग्रंथों का महत्व है। प्राचीन भारतीय गणितज्ञों ने संख्या पद्धति, गणितीय गणना और खगोल संबंधी विषयों पर महत्वपूर्ण कार्य किए। आर्यभट, भास्कराचार्य आदि विद्वानों के ग्रंथ भारतीय वैज्ञानिक परंपरा की समृद्धि को दर्शाते हैं। इन ग्रंथों का आधुनिक संदर्भों में अध्ययन न केवल हमारी विरासत को समझने में सहायक है, बल्कि ज्ञान के विकास की ऐतिहासिक यात्रा को समझने का अवसर भी देता है। संस्कृत की प्रासंगिकता का एक अन्य महत्वपूर्ण पक्ष भारतीय संस्कृति से जुड़ा है। देश के अनेक धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक अनुष्ठानों में संस्कृत मंत्रों और श्लोकों का प्रयोग आज भी होता है। विवाह, यज्ञ, पूजा, संस्कार और अन्य धार्मिक आयोजनों में संस्कृत का व्यापक उपयोग होता है। लेकिन यदि संस्कृत केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित रह गई तो नई पीढ़ी के लिए इसकी उपयोगिता का दायरा सीमित हो सकता है। इसलिए संस्कृत को आधुनिक शिक्षा, संवाद, तकनीक और सामान्य जीवन से जोड़ना जरूरी है। नई शिक्षा नीति में भी भारतीय भाषाओं और संस्कृत के अध्ययन को महत्व दिया गया है। यह स्वागत योग्य कदम है। लेकिन केवल पाठ्यक्रम में संस्कृत को शामिल कर देना पर्याप्त नहीं है। विद्यार्थियों को संस्कृत के प्रति रुचि पैदा करने के लिए शिक्षण पद्धति को भी सरल और संवादात्मक बनाना होगा। यदि छात्र पहले दिन से ही कठिन व्याकरण और लंबे श्लोकों में उलझ जाएंगे तो उनके मन में भय पैदा हो सकता है। इसके बजाय बातचीत, कहानी, खेल, संवाद और दैनिक जीवन के उदाहरणों से संस्कृत सिखाई जाए तो विद्यार्थी इसे सहजता से अपना सकते हैं। आज डिजिटल माध्यमों ने भाषा सीखने की संभावनाओं को और बढ़ा दिया है। ऑनलाइन कक्षाएं, मोबाइल एप, वीडियो, ऑडियो और संवाद आधारित पाठ्यक्रमों के माध्यम से संस्कृत को घर बैठे सीखा जा सकता है। संस्कृत संभाषण के लिए छोटे-छोटे पाठ तैयार कर युवाओं, बच्चों और सामान्य नागरिकों तक पहुंचाए जा सकते हैं। इससे संस्कृत का अध्ययन केवल परंपरागत गुरुकुल या विद्यालय तक सीमित नहीं रहेगा। यह भी जरूरी है कि संस्कृत को किसी वर्ग विशेष की भाषा के रूप में प्रस्तुत न किया जाए। भाषा किसी एक समुदाय, क्षेत्र या वर्ग की संपत्ति नहीं होती। संस्कृत भारत की दीर्घकालीन ज्ञान परंपरा की महत्वपूर्ण भाषा है और इसे सीखने का अधिकार तथा अवसर सभी को मिलना चाहिए। इसके प्रचार-प्रसार का उद्देश्य केवल अतीत का गौरव गाना नहीं, बल्कि उस ज्ञान परंपरा को वर्तमान और भविष्य से जोड़ना होना चाहिए। संस्कृत को सरल बनाने का अर्थ उसके शास्त्रीय स्वरूप को समाप्त करना नहीं है। उच्च अध्ययन के लिए व्याकरण, दर्शन, साहित्य और शास्त्रों का गहन ज्ञान आवश्यक रहेगा। लेकिन शुरुआती स्तर पर सरल संस्कृत और बोलचाल की भाषा के माध्यम से विद्यार्थियों को जोड़ना चाहिए। जब रुचि पैदा होगी तो विद्यार्थी स्वयं उच्च स्तर के साहित्य और शास्त्रों की ओर आगे बढ़ेंगे। आज आवश्यकता इस बात की है कि संस्कृत को कठिन भाषा की पारंपरिक छवि से बाहर निकाला जाए। इसे दैनिक संवाद, शिक्षा, तकनीक और आधुनिक जीवन के संदर्भों से जोड़ा जाए। यदि 'संस्कृत केवल कठिन है' वाली धारणा के स्थान पर 'संस्कृत सरल भी है और समृद्ध भी' का भाव विकसित किया जाए तो नई पीढ़ी इससे अधिक आसानी से जुड़ सकती है। संस्कृत हमारी सांस्कृतिक विरासत ही नहीं, बल्कि ज्ञान, साहित्य और विचार की विशाल परंपरा की भाषा है। आधुनिक युग में इसकी प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए इसे संग्रहालय की वस्तु नहीं, बल्कि जीवंत भाषा के रूप में विकसित करना होगा। बोलचाल की सरल संस्कृत इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। यही प्रयास संस्कृत को विद्वानों के अध्ययन-कक्ष से निकालकर सामान्य जनजीवन तक पहुंचाने का माध्यम बन सकता है। जयतु संस्कृतम। जयतु भारतम।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

राठ (हमीरपुर)। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उनके शीघ्र समाधान की मांग की। जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में तीन प्रमुख समस्याओं को उठाया गया। व्यापार मंडल ने बताया कि राठ नगर के अंबेडकर चौराहे पर जलभराव की समस्या बनी हुई है। बारिश से करीब एक माह पहले नाला खोदे जाने के बाद आसपास के दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों ने समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की। इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रराठ में चिकित्सकों की कमी का मुद्दा भी उठाया गया। जिला मुख्यालय से करीब 80 किलोमीटर दूर होने के कारण क्षेत्र के अधिकांश मरीज सीएचसी पर निर्भर हैं। व्यापार मंडल ने यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती की मांग की। वहीं, जिला पंचायत द्वारा ग्राम बिबांर में दुकानों पर लगे बोर्ड देखकर शुल्क की रसीद काटे जाने को व्यापारियों ने अनावश्यक उत्पीड़न बताया। इसे बंद कराने की मांग की गई। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।

### बिदोखर के झूला महोत्सव में भजनों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां



सुमेरपुर, हमीरपुर। सावन मास के अंतिम चरण में ग्राम बिदोखर में आयोजित प्रसिद्ध झूला महोत्सव में आस्था और भक्ति का जनसैलाब उमड़ रहा है। मंगलवार को स्वामी हरेराम दास जी के संरक्षण में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय और बाहरी कलाकारों ने भजन, कीर्तन, गजल और पारंपरिक सावन गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। गायक अमर सिंह, मान सिंह, राकेश सिंह, आशु सिंह, ब्रजेश शर्मा, शिवनाथ सविता, श्यामबाबू शर्मा और राजेश कुमार ने अपनी सुरीली आवाज से देर रात तक श्रोताओं को बांधे रखा। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया। महोत्सव में क्षेत्र के अलावा दूर-दराज से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। धार्मिक आस्था और लोक-संस्कृति के संगम के रूप में प्रसिद्ध यह झूला महोत्सव क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। महोत्सव का समापन 28 अगस्त को पूर्णिमा के अवसर पर होगा।

### जनपद स्तरीय कला उत्सव का आयोजन पहली को

झांसी। जनपद स्तरीय कला उत्सव 2026 थीम – विकसित भारतवर्ष 2047 भारत की परिकल्पना रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख 29 अगस्त है।कार्यक्रम की नोडल श्रीमती किरण मिश्रा ने बताया कि नृत्य, गायन, वादन, चित्रकला, मूर्ति कला, कहानी वाचन, लघु नाटक आदि विभिन्न कलाओं का जिला स्तरीय प्रतियोगिता क्राइस्ट द किंग्स अकादमी में एक सितंबर 2026 को आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम समन्वयक मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि सभी 29 अगस्त तक अपना रजिस्ट्रेशन करवा लें, जिसमें प्रत्येक विद्यालय से प्रत्येक कला में एक प्रतिभागी प्रतिभाग कर सकता है।

### मण्डलायुक्त ने किया बरल गौ-आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण



झांसी। मण्डलायुक्त बिमल कुमार दुबे ने विकासखंड चिरगांव के ग्राम बरल स्थित गौ-आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने गोवंशों की संख्या, चारा-पानी, साफ-सफाई, स्वास्थ्य एवं आश्रय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मण्डलायुक्त ने गोवंशों को बारिश से बचाने के लिए टीनशेड लगाने तथा परिसर में वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कमजोर गोवंशों के लिए पशु आहार की समुचित व्यवस्था करने के साथ ही पर्याप्त भूसा, हरा चारा एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने गौशालाओं की नियमित निगरानी के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान पंजिका में दर्ज संख्या का मौके पर सत्यापन किया गया। गौ-आश्रय स्थल में 235 गोवंश, जिनमें 105 नर एवं 130 मादा गोवंश पाए गए। मौके पर 167 कुंतल भूसा, 5 कुंतल 10 किलो पशु आहार तथा 10 कुंतल हरा चारा उपलब्ध पाया गया। अधिकारियों ने बताया कि गोवंशों को प्रतिदिन 4 किलो हरा चारा एवं 500 ग्राम पशु आहार दिया जा रहा है। मण्डलायुक्त ने तीनों जनपदों में एसडीएम एवं बीडीओ के माध्यम से गौशालाओं का साप्ताहिक निरीक्षण कर कमियों का तत्काल निराकरण कराने के निर्देश दिए।

### संदिग्ध हालत में सेल्समैन की मौत, जहर खिलाने का आरोप

बांदा। बदौसा थाना क्षेत्र के गर्गपुर के मजरा चंदौर गांव निवासी दिनेश (32) पुत्र राममिलन शराब ठेके में सेल्समैन का काम करता था। सोमवार की रात वह ठेके में बैठे शराब बेचता रहा। रात को ठेका बंद करने के बाद सो गया। सुबह देर तक जब शराब ठेके का ताला नहीं खुला तो लोग ने दरवाजा खटखटाया। शराब ठेका के पीछे के दरवाजे से अंदर दाखिल हुए कुछ लोगों ने उसका शव चारपाई पर पड़ा देखा। पुलिस ने जांच पड़ताल की। मृतक के चचेरे भाई भूपत ने बताया कि दिनेश दोनों पैरों से दिव्यांग था। शराब में जहर पिलाकर मार डालने का आरोप लगाया है। बताया कि ठेका के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे भी टूटे मिले। उधर, बदौसा थानाध्यक्ष ने बताया कि वह शराब पीने का आदी था। प्रथम दृष्टया उसकी स्वाभाविक मौत हुई है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद सच्चाई सामने आएगी।

### युवक की फांसी लगाकर की खुदकुशी

बांदा। अतर्रा थाना क्षेत्र के कस्बा स्थित सिविल लाइन निवासी बुद्धविलास (28) पुत्र राजाभइया सोमवार की शाम नशे की हालत में घर आया। किसी बात को लेकर उसका पत्नी आरती से विवाद हो गया। इसी से नाराज होकर वह कमरे के अंदर चला गया। कमरे की धन्नी में साड़ी से फंदे लगाकर खुदकुशी कर ली। कुछ देर बाद कमरे आए परिजनों ने उसका शव फंदे पर लटकता देखा। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के भाई संदीप ने बताया कि बुद्धविलास मजदूरी करता था।

### पत्नी से विवाद पर युवक ने जान दी

बांदा। तिंदवारी थाना क्षेत्र के भुजरख गांव निवासी संजय (28) पुत्र बलवीर ने कमरे के अंदर टीन शेड के एंगल में रस्सी से फंसी लगाकर खुदकुशी कर ली। कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पत्नी मुस्कान ने उसका शव फंदे पर लटकता देखा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता ने बताया कि संजय अपने बड़े भाई लक्ष्मी के साथ मुंबई में रहकर स्टील लाइन काम करता था। आशंका है कि नशे में पत्नी से विवाद के बाद नाराज होकर उसने फंसी लगाकर जान दे दी।

### धड़ल्ले से जारी है पहाड़ में अवैध ब्लास्टिंग का काम

नरैनी। तहसील क्षेत्र के नहरी गांव में पहाड़ में अवैध ब्लास्टिंग का कार्य नहीं रुक रहा। ठेकेदार के गुर्गे विरोध करने पर ग्रामीणों को फर्जी मुकदमे दर्ज करवा कर जेल भेजने की धमकी दे रहे हैं। ग्रामीणों तहसील पहुंच अधिकारियों से अवैध ब्लास्टिंग पर रोक लगाए जाने की मांग की। नहरी गांव के तमाम ग्रामीण मंगलवार को तहसील पहुंचे। यहां एसडीएम को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि पहाड़ में एनजीटी मानक के विपरीत ठेकेदार अवैध रूप से पत्थर तोड़ने का कार्य कर रहा है। बताया कि पहाड़ के पास से ही बस्ती लगी हुई है। पिछले कई वर्षों से अवैध ब्लास्टिंग का विरोध किया जा रहा है। दबंग ठेकेदार फर्जी मुकदमें में जेल भेजने की धमकी दे रहा है। ग्रामीणों ने अवैध ब्लास्टिंग पर रोक लगाने की मांग की।

# व्यापार बंधु बैठक में पांच समस्याओं का निस्तारण

समृद्धि न्यूज़, मौदहा, हमीरपुर।



जिलाधिकारी अभिषेक गोयल के निर्देश पर मंगलवार को तहसील सभागार मौदहा में मुख्य विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में व्यापार बंधु की बैठक हुई। इसमें जुलाई माह की पिछली बैठक में व्यापारियों द्वारा उठाई गई सात समस्याओं की समीक्षा की गई, जिनमें पांच का निस्तारण किया जा चुका है। बैठक में व्यापारी प्रतिनिधियों ने विभिन्न समस्याएं रखीं, जिन पर अधिकारियों ने संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। सीडीओ ने प्रभारी यातायात एवं परिवहन विभाग को लक्ष्मी तिराहा से बेतवा पुल तक खड़े वाहनों के विरुद्ध नियमित कार्रवाई करने को कहा। मंडी सचिव राठ को मंडी परिसर की आंतरिक सड़कों की मरम्मत और नालियों की सफाई कराने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम न्यायिक, उपायुक्त राज्य कर, एसडीएम मौदहा, सीओ मौदहा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व व्यापारी प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### इन्स्पायर अवार्ड-मानक में 15 सितंबर तक होंगे पांच सर्वश्रेष्ठ विचारों के नामांकन

हमीरपुर। इन्स्पायर अवार्ड-मानक योजना के तहत जनपद के विद्यालयों में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के पांच सर्वश्रेष्ठ नवाचारपूर्ण विचारों का ऑनलाइन नामांकन कराया जाएगा। विद्यालय स्तर पर विज्ञान विषय के शिक्षक को नोडल शिक्षक नामित कर आइडिया बॉक्स स्थापित किया जाएगा। छात्र-छात्राएं इसमें अपने रचनात्मक एवं नवाचारपूर्ण विचार प्रस्तुत कर सकेंगे। शिक्षकों द्वारा विचारों का मूल्यांकन कर श्रेष्ठ विचारों को योजना के पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। नामांकन के लिए छात्र के नाम से बैंक खाता एवं बैंक विवरण आवश्यक होगा। जनपद स्तरीय प्रदर्शनी के लिए चयनित प्रत्येक विद्यार्थी के खाते में भारत सरकार द्वारा 10 हजार रुपये भेजे जाएंगे। विद्यालयों को अधिक से अधिक उत्कृष्ट विचारों का चयन कर 15 सितंबर 2026 तक ऑनलाइन नामांकन सुनिश्चित करना होगा।

# स्वामी ब्रह्मानंद पुरस्कार 2026 की घोषणा शिक्षा के क्षेत्र में उत्तम टेरोन होंगे सम्मानित



राठ (हमीरपुर)। स्वामी ब्रह्मानंद पुरस्कार समिति ने वर्ष 2026 के पुरस्कार की घोषणा कर दी है। इस वर्ष शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए असम की पारिजात अकादमी के संस्थापक उत्तम टेरोन को स्वामी ब्रह्मानंद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। उन्हें यह सम्मान स्वामी ब्रह्मानंद जी के निर्वाण दिवस 13 सितंबर को प्रदान किया जाएगा। समिति के अनुसार पंजाबारी, गुवाहाटी निवासी प्राचुर्य बरूआ के प्रस्ताव पर उत्तम टेरोन का चयन किया गया है। वर्ष 2003 में पामोही में महज चार विद्यार्थियों के साथ साधारण गौशाला से शुरू हुई पारिजात अकादमी आज वंचित बच्चों के लिए शिक्षा का बड़ा केंद्र बन चुकी है। संस्था प्रतिवर्ष करीब 500 सामाजिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को निशुल्क शिक्षा, आवास, भोजन, स्वास्थ्य सुविधाएं और जीवन कौशल प्रशिक्षण देती है। अब तक करीब तीन हजार बच्चे लाभान्वित हो चुके हैं। अकादमी से जुड़े अधिकांश बच्चे गरभंगा आरक्षित वन क्षेत्र के 15 से अधिक दूरस्थ गांवों से आते हैं। पुरस्कार के तहत उत्तम टेरोन को सनद, 10 हजार रुपये नकद, स्वामी ब्रह्मानंद की कांस्य प्रतिमा, कांस्य पदक और अंगवस्त्र प्रदान किया जाएगा।

### कच्ची दीवार ढही, मलबे में दबकर 10 वर्षीय बालक की मौत

बिवार (हमीरपुर)। बिवार थाना क्षेत्र के खड़ेही जार गांव में सोमवार शाम हल्की बारिश के दौरान कच्ची दीवार और दरवाजा अचानक भरभराकर गिरने से मलबे में दबकर 10 वर्षीय बालक की मौत हो गई। हादसे में उसके पिता को भी मामूली चोटें आई हैं। खड़ेही जार निवासी वरदानी लाल सोमवार शाम अपने 10 वर्षीय पुत्र पवन के साथ घर के छप्पर के नीचे खड़े थे। इसी दौरान अचानक कच्ची दीवार और दरवाजा भरभराकर दोनों के ऊपर गिर गया। ग्रामीणों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद मलबा हटाकर पिता-पुत्र को बाहर निकाला। परिजन उसे निजी साधन से छानी स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बालक की मौत की खबर मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# लगातार बारिश से तिल की फसल बर्बाद, कच्चे मकान ढहने से बढ़ी किसानों की मुश्किलें



समृद्धि न्यूज़, सुमेरपुर।

पिछले एक सप्ताह से रुक-रुककर हो रही बारिश अब ग्रामीणों और किसानों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। खेतों में जलभराव से सैकड़ों बीघा तिल की फसल खराब होने लगी है, वहीं कच्चे मकानों में सीलन बढ़ने से उनके ढहने का सिलसिला शुरू हो गया है। ग्राम पंचायत विदोखर पुरई में छह लोगों के रिहायशी मकान अचानक ढह गए। इनमें दीपक यादव, राम सिंह, सुनील सितारे, राजकुमार यादव, रज्जन सविता और रवीन्द्र उर्फ गोरे यादव के मकान शामिल हैं। मकान गिरने से गृहस्थी का सामान भी नष्ट हो गया। ग्रामीणों के मुताबिक अभी तक लेखपाल के गांव नहीं पहुंचने से नुकसान का आकलन नहीं हो सका है। इससे प्रभावित परिवार मायूस हैं। ग्राम प्रधान सुंदरलाल प्रजापति ने बताया कि लेखपाल के आने पर क्षति का सर्वे कराया जाएगा।

### बारिश में दलदल बनी गांव की कच्ची सड़क कीचड़ और पानी से ग्रामीण बेहाल



राठ (हमीरपुर)। राठ ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम ददरी में बारिश के बाद गांव की कच्ची सड़क दलदल में तब्दील हो गई है। सड़क पर पानी और कीचड़ भरा होने से ग्रामीणों का आवागमन मुश्किल हो गया है। जगह-जगह जलभराव और गहरे कीचड़ के कारण पैदल चलना तो दूर, बाइक से निकलना भी जोखिम भरा हो गया है। ग्रामीणों के मुताबिक बारिश होते ही सड़क की स्थिति बेहद खराब हो जाती है। स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। कीचड़ के कारण बाइक फिसलने का खतरा भी बना रहता है। ग्रामीणों का आरोप है कि समस्या की जानकारी जिम्मेदार अधिकारियों को कई बार दी जा चुकी है, लेकिन सड़क की हालत सुधारने के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीण गजराज, शिवसहाय, आकाश, विपिन, नवलकिशोर, महेंद्र और खेमचंद्र ने प्रशासन से जलनिकासी की व्यवस्था कराने के साथ जल्द सड़क निर्माण कराने की मांग की है।

### बाल सुरक्षा को लेकर एसजेपीयू एवं एएचटी की समीक्षा बैठक



समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।

पुलिस लाइन सभागार में मंगलवार को एसजेपीयू (विशेष किशोर पुलिस इकाई) एवं थाना एएचटी (मानव तस्करी रोधी थाना) की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक यातायात मंजू पांडेय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश द्वारा जारी एसओपी, पॉक्सो एक्ट, किशोर न्याय अधिनियम, बालश्रम, बाल विवाह, भिक्षावृत्ति एवं मानव तस्करी की रोकथाम सहित गुमशुदा बच्चों की बरामदगी, मेडिकल परीक्षण और बच्चों को समय से बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष प्रस्तुत करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई । अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मामलों में त्वरित कार्रवाई और शत-प्रतिशत रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही स्कूल-कॉलेजों के 100 मीटर क्षेत्र में नशीले पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने को कहा गया। बैठक में सभी थानों के बाल कल्याण अधिकारी एवं संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे। हेल्पलाइन नंबर 1098, 1090, 181, 108, 102, 1076, 101, 112 एवं 1930 के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए गए।

# गौशालाओं में व्यवस्थाएं दुरुस्त करें, गड़बड़ी मिलने पर होगी कार्रवाई: सीडीओ



झांसी। मुख्य विकास अधिकारी रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड ने विकास भवन सभागार में आयोजित जनपद स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की बैठक में गौवंश संरक्षण की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौवंश संरक्षण शासन की प्राथमिकता है, इसलिए सभी गौशालाओं में व्यवस्थाएं बेहतर रखी जाएं और क्षमता के अनुसार गौवंश संरक्षित किए जाएं।सीडीओ ने गौशालाओं में हरे चारे की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए अनुबंध होने के बावजूद तीन माह बाद भी चारा उपलब्ध न होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट किया कि निरीक्षण के दौरान हरा चारा उपलब्ध न मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मुख्य मार्गों एवं हाईवे पर गोवंशों के विचरण पर रोक लगाने तथा उन्हें गौशालाओं में संरक्षित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी गो-आश्रय स्थलों के अभिलेख पूर्ण रखने और प्रत्येक गोवंश का विवरण रजिस्टर में दर्ज करने को कहा।सीडीओ ने अस्वस्थ एवं बीमार गोवंशों का प्राथमिकता से उपचार कराने तथा नोडल अधिकारियों को अपने क्षेत्र की गौशालाओं का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जल्द ही जनपद की विभिन्न गौशालाओं एवं वृहद गौ संरक्षण केंद्रों का औचक निरीक्षण किया जाएगा।

# बच्चों के शैक्षिक व बौद्धिक स्तर में सुधार के लिए निरंतर प्रयास करें शिक्षक: मण्डलायुक्त

- जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय कोछाभांवर व दुनारा का किया औचक निरीक्षण

समृद्धि न्यूज़, झांसी।



मण्डलायुक्त बिमल कुमार दुबे ने जनपद स्थित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, कोछाभांवर एवं दुनारा का औचक निरीक्षण कर पठन-पाठन, भोजन, स्वास्थ्य, छात्रावास एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मण्डलायुक्त ने कहा कि आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, भोजन, स्वास्थ्य एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। उन्होंने शिक्षकों को बच्चों के शैक्षिक एवं बौद्धिक स्तर में सुधार के लिए निरंतर प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने रसोईघर की नियमित साफ-सफाई, बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण तथा भोजन की गुणवत्ता की नियमित जांच कराने के निर्देश दिए। साथ ही राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच जिलास्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित कराने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान कक्षा 6 एवं 9 के विद्यार्थियों को जूते, ड्रेस, पुस्तकें एवं आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। विद्यालयों तक पहुंचने वाले खराब मार्गों की मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग को भी आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। कोछाभांवर विद्यालय में 439 पंजीकृत विद्यार्थियों में 423 तथा दुनारा में 345 में से 326 विद्यार्थी उपस्थित मिले। मण्डलायुक्त ने दोनों विद्यालयों की व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# शिविर में छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर ब्लड ग्रुप टेस्ट किया

- फिटनेस व स्वस्थ जीवनशैली के प्रति छात्राओं को किया जागरूक
- कनवारा स्थित कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय में लगा शिविर

समृद्धि न्यूज़, बांदा।



स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कनवारा स्थित कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए ब्लड ग्रुप की जांच की। डेंटल सर्जन ने दांतों को स्वस्थ रखने के उपाए बताए। फिजियोथेरेपिस्ट फिटनेस व स्वस्थ जीवनशैली के प्रति छात्राओं को जागरूक किया।

सदर तहसील क्षेत्र के कनवारा गांव स्थित कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय में जौरही अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा.दीपक यादव के निर्देश पर मंगलवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित हुआ। शिविर के दौरान डेंटल सर्जन डा.एसपी सिंह और फिजियोथेरेपिस्ट डा.मोहम्मद शरीफ ने विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। लैब टेक्नीशियन अभिषेक व सचिन ने छात्राओं के ब्लड ग्रुप की जांच की। डेंटल सर्जन ने छात्राओं को दांतों की उचित देखभाल के लिए नियमित ब्रश करने, मौखिक स्वच्छता बनाए रखने तथा दांतों को स्वस्थ रखने के उपायों की जानकारी दी। फिजियोथेरेपिस्ट ने छात्राओं को शारीरिक स्वास्थ्य, फिटनेस एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया। शिविर के सफल आयोजन में विद्यालय प्रधानाचार्य आशुतोष त्रिपाठी समेत विद्यालय स्टाफ का सहयोग रहा।

**स्वास्थ्य टीम ने एड्स व टीकाकरण की दी जानकारी:** नरैनी कस्बे के बांदा रोड स्थित दीनदयाल आवासीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश पांडेय के नेतृत्व में विद्यालय पहुंची स्वास्थ टीम ने छात्र-छात्राओं को हेपेटाइटिस, टीबी, खसरा, डीपीटी सहित एचआईवी व एड्स से जुड़ी जानकारी दी। आईसीटीसी परामर्शदात्री शाहीन व मनीषा गुप्ता, ने एड्स हेल्पलाइन 1097 के बारे जानकारी देते हुए बताया कि एचआईवी वायरस के कारण ही एड्स की बीमारी होती है। यह प्रतिरोधक क्षमता कमजोर करता है। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र से आलोक पाल, पवन वामरे, लकी अवस्थी, श्रीकांत आदि उपस्थित रहे। परामर्शदात्री ने बताया कि एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान लगातार दो माह तक चलेगा।

### बारिश के बीच भाजपा की निकली समरसता कलश यात्रा



बांदा। संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा के तत्वावधान में सदर विधान सभा क्षेत्र में कलश वंदन यात्रा निकाल कर समरसता का संदेश दिया। इस दौरान जगह-जगह यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत हुआ। शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करने के बाद यात्रा का समापन अंबेडकर पार्क में हुई। संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा के तत्वाधान में निकाली जा रही समरसता संकल्प कलश यात्रा सदर विधानसभा क्षेत्र में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी और जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत के नेतृत्व में खुरहंड से निकाली गई। भारी बारिश के बीच कलश यात्रा महुआ होते हुए शहर सीमा पर दाखिल हुई। अलीगंज रामलीला मैदान, जिला परिषद चौराहा, झंडा चौराहा, बलखंडी नाका चौराहा, महेश्वरी देवी मंदिर चौराहा, पीलीकोठी होते हुए जजी चौराहा पहुंची। यहां अंबेडकर पार्क में समरसता कलश यात्रा का समापन हुआ। सदर विधायक ने कहा कि संत रविदास के मानवता व भाईचारे के संदेश ने पूरे समाज को समानता का मार्ग दिखाया। उनके विचारों से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि संत रविदास ने सामाजिक भेदभाव समाप्त कर समाज को जोड़ने का काम किया। उनका जीवन सामाजिक समरसता व समानता का संदेश देने वाला था। इस मौके पर संतोष नायक, जिला उपाध्यक्ष राजभवन उपाध्याय, प्रेम स्वरुप द्विवेदी, उत्तम सक्सेना, पंकज रैकवार, राजेश गुप्ता रज्जन, चंद्र भूषण सोनी, इंद्रजीत राजपूत आदि मौजूद रहे।

# एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर बने जांच संबंधी समिति के सभापति

- आवास विकास, नगर निगम में अनियमितताओं पर अंकुश लगाने को नियुक्त

समृद्धि न्यूज़, महोबा।



उत्तर प्रदेश विधान परिषद में एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें आवास विकास परिषद, विकास प्राधिकरण, जिला पंचायत और नगर निगमों में व्याप्त अनियमितताओं की जांच एवं उन पर अंकुश लगाने संबंधी समिति का सभापति नियुक्त किया गया है। नई जिम्मेदारी के तहत समिति प्रदेश के आवास विकास परिषद, विभिन्न विकास प्राधिकरणों, जिला पंचायतों और नगर निगमों में होने वाली अनियमितताओं की जांच करेगी। साथ ही, अनियमितताओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए आवश्यक कार्रवाई और सुझाव भी देगी। इस नियुक्ति को स्थानीय निकायों और विकास संस्थाओं में पारदर्शिता तथा जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।जिम्मेदारी मिलने पर जितेंद्र सिंह सेंगर ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को भी धन्यवाद दिया। सेंगर ने कहा कि संसदीय परंपराओं और विधान परिषद की गरिमा के अनुरूप पूरी निष्ठा से कार्य करना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके प्रति शीर्ष नेतृत्व के विश्वास का प्रतीक है और वह इस विश्वास को कायम रखने का हरसंभव प्रयास करेंगे।एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने कहा कि समिति के माध्यम से हर पीड़ित व्यक्ति को सुलभ, निष्पक्ष और त्वरित न्याय दिलाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

### महिला जिला अस्पताल में डिलीवरी के नाम पर अवैध वसूली



महोबा। जिला महिला अस्पताल में प्रसव के नाम पर अवैध वसूली और मरीजों को रेफर करने की धमकी का मामला सामने आया है। यह खुलासा राज्य महिला आयोग की सदस्य अनुपमा सिंह लोधी के औचक निरीक्षण के दौरान हुआ, जब मरीजों और उनके तीमारदारों ने अपना गुस्सा व्यक्त किया। तीमारदारों ने आरोप लगाया कि डिलीवरी के लिए 1100 रुपये से लेकर 5000 रुपये तक की अवैध वसूली की जाती है। इसके अतिरिक्त, चाय-नाश्ते के नाम पर भी अलग से पैसे ऐंठे जाते हैं। पैसे न देने पर मरीजों को सीधे झांसी रेफर करने की धमकी दी जाती थी। राज्य महिला आयोग की सदस्य अनुपमा सिंह लोधी के अस्पताल पहुंचने पर तीमारदारों ने अपनी आपबीती सुनाई। उन्होंने अस्पताल के डॉक्टर और स्टाफ नर्सों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। सालट गांव के अरविंद ने बताया कि उनकी पत्नी की डिलीवरी के लिए 4000 रुपये मांगे गए थे। पैसे न देने पर उन्हें झांसी रेफर करने की धमकी दी गई, जिसके बाद मजबूरन पैसे देने पड़े। कुआं गांव के राघवेंद्र ने बताया कि चरखारी से गंभीर हालत में रेफर होकर आई उनकी पत्नी का इलाज करने के बजाय उनसे 5000 रुपये की मांग की गई। चाय-नाश्ते के नाम पर भी 500 रुपये अतिरिक्त वसूले गए। इसी तरह, पार्वती नाम की महिला की तीमारदार सुमन ने बताया कि सामान्य प्रसव के लिए भी रात में तैनात स्टाफ नर्सों ने 1100 रुपये वसूल किए। तीमारदारों का कहना है कि रात के समय मरीज की जान बचाने के लिए वे मजबूरी में पैसे देने को विवश होते हैं, क्योंकि पैसे न देने पर तुरंत रेफर का पर्चा थमा दिया जाता है।

# जनपद के सभी जीर्णशीर्ण विद्यालयों का 10 दिन के अंदर करें ध्वस्तीकरण: डीएम

- लापरवाही बरते वालों पर कार्रवाई की चेतावनी

समृद्धि न्यूज़, महोबा।



मंगलवार को कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में विद्यालयों की अवस्थापना, व्यवस्था के सम्बंध में बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें विद्यालयों में जलभराव, विद्यालय पहुंच मार्ग, विद्यालयों का कायाकल्प, जर्जर भवनों का चिन्हांकन एवं विद्यालयों के ऊपर हाईटेन्शन लाइन की समीक्षा की गई। जिला समन्वयक निर्माण एवं खण्ड शिक्षा अधिकारियों के द्वारा विद्यालयों में जलभराव, विद्यालय पहुंच मार्ग, जर्जर भवन एवं विद्यालयों के ऊपर हाईटेन्शन लाइन की स्पष्ट सूचना प्रस्तुत न कर पाने के कारण, जिलाधिकारी द्वारा रोष प्रकट किया गया और निर्देशित किया गया कि 10 दिन के अन्दर जर्जर भवनों का सत्यापन कराकर ध्वस्तीकरण कराना सुनिश्चित करें साथ ही विद्यालयों में जलभराव, विद्यालय पहुंच मार्ग, तथा विद्यालयों के ऊपर हाईटेन्शन लाइन आदि की समीक्षा करते हुये स्पष्ट कारणों सहित 10 दिन के अन्दर सूचना प्राप्त करायें। उक्त सूचना प्राप्त होने तक खण्ड शिक्षा अधिकारियों एवं जिला समन्वयक निर्माण के वेतन आहरण पर रोक लगा दी गई है। साथ ही जिलाधिकारी महोदया द्वारा दो सप्ताह के भीतर जर्जर विद्यालयों के मूल्यांकन एवं ध्वस्तीकरण का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

विधान सभा अध्यक्ष पर राष्ट्रगान के अपमान का आरोप

## कांग्रेसियों ने निकाला पैदल मार्च



समृद्धि न्यूज, रायबरेली।

उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के उन्नाव में आयोजित राष्ट्रगान कार्यक्रम के दौरान उक्त स्थल से राष्ट्रगान के बीच से चले जाने का दृश्य मीडिया और सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मों पर प्रमुखता से दिखाया गया, राष्ट्रगान के सम्मान में सी.सी.टी.वी. वीडियो फुटेज की निष्पक्ष जांच कराए जाने को लेकर जिला व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा शान्तिपूर्ण व लोकतांत्रिक तरीके से पैदल मार्च निकालकर ज्ञापन दिया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि एस.बी.एम. इंटर कालेज, पूरन नगर, जिला उन्नाव के आस्था सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शासकीय नियमों के अनुरूप विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को गॉड ऑफ ऑनर दिया गया। उसके बाद राष्ट्रगान गाया जा रहा था, उसी दरमियान महाना राष्ट्रगान को छोड़कर उपस्थित लोगों से अभिवादन करते हुए अपनी गाड़ी में बैठे, तब भी राष्ट्रगान चल रहा था। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष के पद पर रहते हुए, उन्होंने राष्ट्रगान का अपमान किया तथा आम जनमानस को राष्ट्रगान के प्रति ऐसा व्यवहार करके गलत संदेश भी दिया है। शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस कमेटी रायबरेली महामहिम से मांग करती है। कि विधानसभा अध्यक्ष जी ने राष्ट्रगान का जो अपमान किया, सोशल मिडिया में सी.सी.टी.वी./विडियों फुटेज की जांच कराकर उनके विरूद्ध संविधान में प्रदत्त धाराओं के अनुरूप मुकदमा पंजीकृत कराने तथा अध्यक्ष पद से हटाने की भी कार्यवाही की जाए। जिला कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने कहा कि एक ओर भाजपा सरकार वंदे मातरम पर देश भक्ति का ज्ञान बांट रही है।

इस अवसर पर ब्लाक सतांव महिला अध्यक्ष श्रीमती मंजू पासवान, सुमित्रा रावत, प्रीता नेथन, हेमलता पासवान, विजयशंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ला, पदाधर सिंह, प्रमोद पाण्डेय, अभय त्रिवेदी, मनोज मिश्रा, आर.के. सिंह, कल्यान चन्द्र श्रीवास्तव, मनोज तिवारी, अजय सिंह, प्रमोद वाजपेयी, गिरीश बहादुर सिंह, मुन्ना घोसी, हाजी उस्मान, राजकुमार दीक्षित, आशीष द्विवेदी, सर्वोत्तम मिश्रा, गरिमा त्रिवेदी, ज्ञानवती, सरला देवी, प्राची, तारादेवी, रेखा, शीला देवी, बिट्टन, अखिलेश अवस्थी, आदि लोग रहे।

## पृथ्वीगंज बाजार में मारपीट पिता समेत तीन घायल

**पट्टी प्रतापगढ़।** पृथ्वीगंज बाजार में सोमवार रात करीब 9:30 बजे दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। आरोप है कि एक पक्ष के विनय उमरवैश्य, हरिओम और गोपाल को विपक्षियों ने लाठी-डंडे से पीटकर घायल कर दिया। गोपाल को पिटता देख उसके पिता विनय उसे बचाने के लिए, उसके ऊपर लेट गए, लेकिन आरोपियों ने उन पर भी लाठियां बरसाईं, जिससे उनका सिर फट गया। मारपीट का लाइव वीडियो भी सामने आया है। घायल पक्ष रात में पट्टी कोतवाली पहुंचा और विपक्षियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाल आनंदपाल सिंह ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है, मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## समरसिबल पंप में उतरा करंट, पति की मौत, पत्नी झुलसी

▸ प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कराया गया शव का पंचनामा



मृतक उदय भान तिवारी

**चांदा, सुल्तानपुर।** चांदा क्षेत्र के मधुपुरी गांव में मंगलवार सुबह समरसिबल पंप से पानी भरने के दौरान करंट उतरने से करीब 60 वर्षीय उदयभान तिवारी की मौत हो गई। पति को बचाने पहुंची उनकी पत्नी मंजू तिवारी भी करंट की चपेट में आकर झुलस गईं। उनका उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा में चल रहा है। मधुपुरी गांव निवासी उदयभान तिवारी पुत्र केदारनाथ तिवारी मंगलवार सुबह स्नान के बाद समरसिबल पंप चालू कर बाल्टी में पानी भर रहे थे। इसी दौरान पानी में करंट उतरने से वह उसकी चपेट में आ गए। पति को छटपटाता देख मंजू तिवारी उन्हें बचाने पहुंचीं, लेकिन वह भी करंट की चपेट में आकर झुलस गईं। आसपास के लोगों ने तत्काल बिजली आपूर्ति बंद कर दोनों को सीएचसी प्रतापपुर कमैचा पहुंचाया। चिकित्सकों ने उदयभान तिवारी को मृत घोषित कर दिया, जबकि मंजू का उपचार जारी है। बताया गया कि उदयभान तिवारी के पड़ोस स्थित शिव मंदिर में मंगलवार को श्रीरामचरितमानस पाठ शुरू होना था। परिवार कार्यक्रम की तैयारियों में जुटा था, लेकिन हादसे से खुशियां मातम में बदल गईं। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक चांदा राजकुमार वर्मा सीएचसी पहुंचे और घायल महिला के उपचार की जानकारी ली। बाद में गांव पहुंचकर परिजनों से घटना की जानकारी ली। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव का पंचनामा कराया गया है। परिजनों ने लिखित रूप से पोस्टमार्टम नहीं कराने की बात कही है।

## भूमिधरी जमीन पर कब्जे का आरोप, विरोध पर दी धमकी

**पट्टी प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के भाटी गांव निवासी रेखा देवी चौहान पत्नी अनिल कुमार चौहान ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि परिवार के कुछ लोग उनकी भूमिधरी जमीन पर घर की नींव खोदकर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। विरोध करने पर आरोपी लाठी-डंडे लेकर गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हैं। रेखा देवी का कहना है कि उनके पति और परिवार के अन्य सदस्य रोजी-रोटी के सिलसिले में बाहर रहते हैं। वह अपनी सास के साथ घर पर रहती हैं। आरोप है कि उनकी गैरमौजूदगी का फायदा उठाकर आरोपी उनकी जमीन पर निर्माण कर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। महिला ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।थानाध्यक्ष राकेश चौरसिया ने बताया कि शिकायती पत्र प्राप्त हुआ है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## ईद-ए-मिलादुन्नबी की तैयारियां तेज, रोशनी से जगमग होंगे शहर



समृद्धि न्यूज,सुल्तानपुर।

बारह रबीउल अव्वल के अवसर पर मनाए जाने वाले ईद-ए-मिलादुन्नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को लेकर शहर में तैयारियां तेज हो गई हैं। प्रमुख चौराहों, मोहल्लों और सड़कों के किनारे बिजली की झालरों और आकर्षक रोशनी से सजावट की जा रही है। विभिन्न अंजुमनों और कमेटियों की ओर से कार्यक्रमों के लिए मंच तैयार किए जा रहे हैं।

डाकखाना, गंदानाला रोड चौक, खौराबाद, शाहगंज, ईदगाह रोड और गभड़िया समेत कई इलाकों में सजावट का काम चल रहा है। बुधवार रात भी आयोजक तैयारियों में जुटे रहे। जगह-जगह रोशनी और सजावट को अंतिम रूप देने का काम किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार, ईद-ए-मिलादुन्नबी के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से संपन्न कराने की तैयारी की जा रही है। आयोजकों ने शहरवासियों से कार्यक्रमों में आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांति बनाए रखने की अपील की है। त्योहार को लेकर शहर के प्रमुख इलाकों में चहल-पहल बढ़ गई है।

## चीनी का पर्याप्त भंडार जमाखोरी पर होगी कार्रवाई

**सुल्तानपुर।** जिले में चीनी की पर्याप्त उपलब्धता होने का दावा करते हुए जिलाधिकारी ने लोगों से सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आमजन अपनी आवश्यकता के अनुसार खुले बाजार से चीनी खरीद सकते हैं। जिलाधिकारी ने जिले के सभी थोक चीनी व्यापारियों से भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के पोर्टल पर अपने स्टॉक की स्थिति तत्काल दर्ज कराने और उसे नियमित रूप से अपडेट करने को कहा है। उन्होंने बताया कि थोक व्यापारियों के चीनी स्टॉक की आकस्मिक जांच कराई जाएगी। जांच के दौरान किसी व्यक्ति या व्यापारी के जमाखोरी अथवा कालाबाजारी में संलिप्त पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के प्रावधानों के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि चीनी की उपलब्धता को लेकर किसी तरह की अफवाह पर भरोसा न करें और अपनी आवश्यकता के अनुरूप ही खरीदारी करें।

## कार पुल की रेलिंग से टकराई डॉक्टर की मौत, दो घायल

समृद्धि न्यूज,सुल्तानपुर।

अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर दरियापुर रेलवे ओवरब्रिज के पास सोमवार देर रात तेज रफ्तार कार पुल की रेलिंग से टकरा गई। हादसे में कार चला रहे 34 वर्षीय डॉक्टर की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो अन्य चिकित्सक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा रात करीब 11:30 बजे हुआ। लोहरमऊ निवासी डॉ. अख्तर कार चला रहे थे। बताया गया कि वह गभड़िया क्षेत्र के निवासी थे। कार में सर्जन डॉ. शैलेंद्र जायसवाल निवासी दरियापुर और डॉ. राशिद निवासी हरखपुर, थाना कुड़वार भी सवार थे। दोनों घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉ. राशिद की हालत गंभीर होने पर उन्हें ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। बताया गया कि तीनों चिकित्सक अमहट स्थित एक निजी नर्सिंग होम में मरीज का ऑपरेशन करने के बाद दरियापुर स्थित ममता हॉस्पिटल जा रहे थे। वहां एक अन्य गंभीर मरीज का ऑपरेशन किया जाना था। इसी दौरान हाईवे पर ओवरटेक करते समय कार अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि डॉ. अख्तर की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। डॉ. अख्तर की मौत की खबर मिलते ही चिकित्सा जगत में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के मुताबिक मृतक के परिवार में पत्नी, एक बेटा और दो बेटियां हैं।

## व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर एसपी से मिले पदाधिकारी

▸ जिलाध्यक्ष व महामंत्री ने एसपी को अभिनंदन पत्र सौंपा



नवागत एसपी से मुलाकात करते व्यापारी

समृद्धि न्यूज,सुल्तानपुर।

सुलतानपुर। काउंसिल ऑफ उद्योग व्यापार मंच के जनपद पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरदार बलदेव सिंह के नेतृत्व में नवागत पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल से मुलाकात कर उनका स्वागत किया। जिलाध्यक्ष कुलदीप गुप्ता और महामंत्री राजेश माहेश्वरी ने एसपी को अभिनंदन पत्र सौंपा।

मुलाकात के दौरान व्यापारियों ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था और बाजारों में जाम की समस्या का मुद्दा उठाया। उन्होंने बाजार क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ व्यापारियों को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने की मांग की। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने व्यापारियों को उनकी समस्याओं के चरणबद्ध समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन व्यापारियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करेगा और उन्हें भयमुक्त वातावरण में व्यापार करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने समस्याओं के समाधान में व्यापारियों से भी सहयोग की अपेक्षा की। प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरदार बलदेव सिंह, जिलाध्यक्ष कुलदीप गुप्ता, महामंत्री राजेश माहेश्वरी, जिला उपाध्यक्ष विजय टंडन व संतोष जायसवाल, नगर अध्यक्ष रवि सोनी, नगर उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता, माणिक लाल समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### अजगरा संवाद का शुभारंभ वरिष्ठ नागरिकों ने लिया भाग



**समृद्धि न्यूज,रानीगंज-प्रतापगढ़।** मंगलवार को प्राथमिक बिधालय बीजेमऊ पूरेचन्दन में अजगरा संवाद 2026 के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम सभा बीजेमऊ पूरेचन्दन के ग्राम वासियो ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों से महाभारत, धर्म और समाज से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रतिभागियों ने अपनी सूझ-बूझ से प्रश्नों के तर्कसंगत उत्तर दिए। यह संवाद कार्यक्रम प्राथमिक विद्यालय पूरेचन्दन यह संवाद 26 अगस्त तक चलेगा। जिले से आई निर्णायक मंडली ने प्रतिभागियों से धर्म, राजनीति और सामाजिक विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे। प्रत्येक वार्ड से चयनित प्रतिभागी को अजगरा महोत्सव के फाइनल में प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा। फाइनल में पहुंचे तीन विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत अधिकारी योगेश सिंह ने बताया की हमारे सभी ग्राम सभाओ मे चौपाल लगाकर सभी को बिजेता टीम को बुलाकर पुरस्कार दिया जायेगा। प्रधाना अध्यापक राकेश कुमार मिश्रा सहायक पंचायत श्वेता मिश्रा, रत्नाकर मिश्रा सुमित सरोज, सतीश कुमार मिश्रा, अंबुज मिश्रा, महेन्द्र कुमार, श्वेता मिश्रा डेविड प्रतिभागी अर्चना मिश्रा, दीपक मिश्रा ,बन्दना कश्यप उपस्थित रहे।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**पट्टी- प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने और बाद में गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने के मामले में वांछित आरोपी को आसपुर देवसरा पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को जौनपुर मोड़ ढकवा कट के पास से पकड़ा। पुलिस के अनुसार, युवती की इंस्टाग्राम के माध्यम से जौनपुर के बदलापुर थाना क्षेत्र के शाहपुर निवासी विशाल गौतम से जान-पहचान हुई थी। आरोप है कि शादी का झांसा देकर आरोपी ने 16 नवंबर 2025 को उसे नासिक बुलाया और किराये के कमरे में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाए। युवती के पिता की 14 दिसंबर 2025 को मौत के बाद आरोपी उसे बदलापुर लाकर घर भेज दिया। बाद में शादी से इनकार करते हुए गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है।तहरीर के आधार पर आसपुर देवसरा थाने में धारा 69, 352 और 351(3) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने वांछित आरोपी विशाल गौतम (21) को जौनपुर मोड़ ढकवा कट नेशनल हाईवे के पास से गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक शिवम त्रिपाठी, कांस्टेबल शिवम यादव और अजीत चौहान शामिल रहे।

### पैदल निकले मंडलायुक्त, जलभराव का लिया जायजा

**प्रयागराज।** शहर में जलभराव और साफ-सफाई की व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने मंगलवार को जमीनी निरीक्षण किया। मंडलायुक्त डॉ. लोकेश एम., जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा और नगर आयुक्त साईं तेजा मंगलवार को सिविल लाइंस क्षेत्र में पैदल निरीक्षण के लिए निकले। अधिकारियों ने सड़क पर उतरकर सफाई व्यवस्था, जलनिकासी और जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सड़कों, नालियों और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई की स्थिति देखी। जहां भी जलभराव या जलनिकासी से जुड़ी समस्या नजर आई, वहां संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों का ध्यान सड़क की पटरियों पर लगने वाली अवैध दुकानों और ठेलों की ओर भी गया। मंडलायुक्त, जिलाधिकारी और नगर आयुक्त ने सड़क किनारे अव्यवस्थित तरीके से लगने वाली दुकानों और ठेलों का जायजा लिया। अधिकारियों ने संबंधित नगर निगम अधिकारियों को सड़क और फुटपाथ पर अतिक्रमण कर लगाई जा रही दुकानों तथा ठेलों को हटाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सड़क और पटरी पर अतिक्रमण के कारण आम लोगों के आवागमन में परेशानी नहीं होनी चाहिए।

## जिलाधिकारी को भाकियू अराजनैतिक ने सौंपा ज्ञापन



समृद्धि न्यूज,प्रतापगढ़।

भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक), प्रतापगढ़ के जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश पटेल के नेतृत्व में किसान प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी प्रतापगढ़ से भेंट वार्ता की तथा क्षेत्र के किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन पत्र सौंपा। वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश पटेल ने प्रशासन को अवगत कराया कि जनपद के किसान खाद, सिंचाई, बिजली आपूर्ति तथा आवारा पशुओं से फसलों के नुकसान जैसी कई समस्याओं से जूझ रहे हैं। संगठन ने किसानों की इन समस्याओं के शीघ्र व प्रभावी निस्तारण की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित पदाधिकारी व किसान साथी अजय पटेल युवा मंडल अध्यक्ष, प्रयागराज अजीत मिश्रा जिला मीडिया प्रभारी, श्याम लाल यादव जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजकुमार सिंह जिला उपाध्यक्ष, बाज बहादुर सिंह तहसील अध्यक्ष, लालगंज सहित कई अन्य किसान साथी उपस्थित रहे।

## दहेज में दो लाख रुपये न देने पर विवाहिता को पीटा

**पट्टी प्रतापगढ़।** दहेज में दो लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को प्रताड़ित करने और मारपीट कर घर से निकालने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पट्टी कोतवाली पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।अमी सराय गांव निवासी स्वाती शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 20 अप्रैल 2026 को जौनपुर जिले के हमजापुर निवासी शुभम राय के साथ हुई थी। शादी के बाद वह ससुराल में रहने लगी। आरोप है कि कुछ समय बाद पति और ससुराल के लोग दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे।पीड़िता के अनुसार, मायके वालों ने शादी के दौरान रुपये, आभूषण और घरेलू सामान दिया था। इसके बावजूद ससुराल पक्ष के लोग दो लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग करते रहे। मांग पूरी न होने पर उसे अपशब्द कहे गए और मारपीट की गई।

## रानीगंज इलाके में जारी है पेड़ों की अवैध कटान

समृद्धि न्यूज,रानीगंज प्रतापगढ़।



रानीगंज थाना क्षेत्र के जामताली बाजार से इन दिनों हरे-भरे पेड़ों की कटान और लकड़ी की ढुलाई का मामला चर्चा में है। स्थानीय लोगों के मुताबिक आए दिन कमासिन बाजार से दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियां हरे-भरे आम और महुआ के पेड़ों की लकड़ी लादकर गुजरती दिखाई देती हैं। ताजा मामला मंगलवार का बताया जा रहा है, जब कमासिन बाजार से एक ट्रैक्टर पर भारी मात्रा में फलदार महुआ के पेड़ की लकड़ी लादकर ले जाई जा रही थी। बाजार जैसे सार्वजनिक स्थान से खुलेआम लकड़ी की ढुलाई को लेकर स्थानीय लोगों में सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में हरे-भरे पेड़ों की कटान लगातार जारी है और जिम्मेदार विभाग इस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। स्थानीय स्तर पर लकड़ी के ठेकेदार के रूप में एक नाम सामने आ रहा है आरोपों की आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। इस मामले में स्थानीय लोगों ने वन विभाग और पुलिस प्रशासन से हरे-भरे पेड़ों की कटान की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बताया जा रहा है कि वन विभाग के अधिकारियों को भी मामले की जानकारी दी गई।

## चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया के बिशप समेत पांच पर मुकदमा

**समृद्धि न्यूज़,प्रयागराज।** सेंट एंड्रयूज डिग्री कॉलेज गोरखपुर में कार्यवाहक प्राचार्य की नियुक्ति को लेकर कथित फर्जीवाड़े के मामले में कैंट थाने में चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया के पदाधिकारियों समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मुकदमा कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. एस. डोमिनिक राजकुमार की शिकायत और न्यायालय के आदेश के बाद दर्ज हुआ है।
आरोपियों में सीएनआई की लखनऊ डायसिस के बिशप मॉरिस एडगर दान का नाम भी शामिल है।
शिकायतकर्ता के मुताबिक सेंट एंड्रयूज कॉलेज एसोसिएशन नामक सोसायटी के माध्यम से कॉलेज का संचालन होता है। सोसायटी की पंजीकृत नियमावली में प्रबंध समिति को कॉलेज के प्राचार्य की नियुक्ति, निलंबन और बर्खास्तगी का अधिकार दिया गया है। वर्तमान में सोसायटी की प्रबंध समिति को लेकर विवाद हाईकोर्ट में विचाराधीन है।

## हिजाब पहनना इस्लामिक आस्था का हिस्सा नहीं : हाईकोर्ट

▸ स्कूल यूनिफार्म के साथ हिजाब पहनकर प्रवेश की अनुमति वाली याचिका की खारिज



समृद्धि न्यूज,प्रयागराज।

हाईकोर्ट ने कहा कि विभिन्न उच्च न्यायालयों की भी यही राय रही है कि हिजाब पहनना इस्लामिक आस्था का अनिवार्य हिस्सा नहीं है, जिसके बिना वह अपने धर्म से बाहर हो जाएं।

हाईकोर्ट ने कहा कि जब तक किसी शैक्षणिक संस्थान की यूनिफार्म नीति निष्पक्ष, गैर-भेदभावपूर्ण और अनुशासन बनाए रखने के लिए लागू की गई है, तब तक संस्थान के ड्रेस कोड का पालन करना अनिवार्य है। यह आदेश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर व न्यायमूर्ति इंद्रजीत शुक्ला की खंडपीठ ने एक छात्रा की याचिका पर दिया है।

याची छात्रा ने प्रयागराज के अतरसुइया स्थित एक स्कूल में कक्षा 11 में दाखिला लेते समय यूनिफार्म के साथ हिजाब पहनने की अनुमति मांगी थी। छात्रा का कहना था कि वह कक्षा 6 से 10 तक इसी स्कूल में हिजाब पहनकर पढ़ती रही है। इसलिए उसे आगे भी इसकी छूट मिलनी चाहिए। याचिका में कहा गया था कि हिजाब पहनना उसके धार्मिक अधिकार, निजता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अंतर्गत संरक्षित है।प्रतिवादी स्कूल व अन्य की ओर से अधिवक्ताओं ने दलील दी कि ड्रेस का उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच एकरूपता बनाए रखना है। इसमें धर्म का पालन करने, प्रचार करने या धर्म को मानने की स्वतंत्रता से संबंधित मौलिक अधिकार के उल्लंघन का कोई मामला नहीं बनता है। याची को विद्यालय के अनुशासन का पालन करना चाहिए। हाईकोर्ट ने कहा कि स्कूल ने पहले नहीं रोका तो यह छात्रा का कानूनी या स्थायी अधिकार नहीं है। सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने कहा कि अतीत में यदि स्कूल ने सौहार्द या लापरवाही के कारण हिजाब पहनने से नहीं रोका तो इसका मतलब यह नहीं है कि यह छात्रा का कानूनी या स्थायी अधिकार बन गया है।

## मासिक प्रदर्शन मूल्यांकन में रायबरेली ने प्रदेश में हासिल किया द्वितीय स्थान

**रायबरेली।** बच्चों के समग्र विकास एवं आंगनवाड़ी केंद्रों को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से रॉकेट लर्निंग एवं बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार (आई.सी.डी.एस) विभाग के संयुक्त प्रयासों से जनपद में निरंतर प्रभावी कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रत्येक माह आयोजित होने वाले मासिक प्रदर्शन मूल्यांकन में जुलाई माह में जनपद ने पूरे प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि यह उपलब्धि जनपद के आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, बाल विकास परियोजना अधिकारियों, मुख्य सेविकाओं सुपरवाइजर्स सहित पूरी टीम के निरंतर प्रयास, समर्पण और बेहतर टीमवर्क का परिणाम है और आगे भी सभी के सामूहिक प्रयासों से जनपद प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा एवं बच्चों के समग्र विकास के क्षेत्र में भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नई उपलब्धियां हासिल करेगा।

## अंबेडकर प्रतिमा पर अराजक तत्व ने पोता कीचड़, आक्रोश

समृद्धि न्यूज, डलमऊ रायबरेली।



गदागंज थाना क्षेत्र के बबुरिहा मजरे कजियाना गांव में आज मंगलवार को उस वक्त लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया, जब अराजक तत्वों ने गांव में लगी बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर कीचड़ पोत दिया। सुबह जब ग्रामीणों ने प्रतिमा पर कीचड़ लगा देखा तो अनुयायियों में भारी आक्रोश फैल गया। देखते ही देखते मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई घटना की सूचना मिलते ही गदागंज थाना प्रभारी बालेन्दु गौतम पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्काल प्रतिमा पर लगे कीचड़ को साफ कराया और लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया घटना को लेकर दलित समुदाय में काफी नाराजगी देखी गई। ग्रामीणों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने गुस्साए लोगों से शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की और अराजकतत्वों के खिलाफ कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## दो दशक से झोपड़ी में गुजर बसर कर रहा बुजुर्ग दंपति परिवार

समृद्धि न्यूज, डलमऊ रायबरेली।



पिछले कई वर्षों से सरकारी सिस्टम ने एक बुजुर्ग दंपत्ति को मायूस कर दिया। सरकारी आवास की आस में वर्ष बीत गए लेकिन उसे पक्की छत का सपना साकार नहीं हो सका।

बुजुर्ग ने अपने दो बेटियों की शादी भी इसी झोपड़ी से की कोई बेटी ले जाने को तैयार नहीं था लेकिन किसी तरीके से लोगों के सहयोग से उसने बेटियों को विदा किया। हर साल बरसात का मौसम मे आने पर भी आवास का सपना पूरा होता नहीं दिखाई देता है। बरसात का मौसम चल रहा है। ऐसे में बुजुर्ग दंपत्ति को रात जाग कर बितानी पड़ती है। डलमऊ तहसील क्षेत्र के धमधमा गांव में बुजुर्ग महताब अंसारी अपनी पत्नी के साथ फूश की बनी हुई झोपड़ी में पिछले 20 वर्षों से गुजर बसर कर रहे हैं। कई बार उसे आवास का आश्वासन दिया गया लेकिन सरकारी सिस्टम से उसकी हर बार मायूसी ही हाथ लगी ग्राम प्रधान से लेकर तहसील स्तर के अधिकारियों से उसने कई बार गुहार लगाई लेकिन उसको आवास नहीं मिला। धूप हो या गर्मी बरसात हो या ठंड हर मौसम में उसे झोपड़ी में गुजर बसर करना पड़ रहा है सरकार का दावा है कि हर जरूरतमंद को आवास मुहैया कराया जा रहा है।

लेकिन बुजुर्ग महताब अंसारी सरकारी व्यवस्था से वंचित हैं। झोपड़ी के पास लगा हुआ इंडियामार्का हैंडपंप भी खराब है जिससे पेयजल की भी समस्या बनी हुई है।

## भाजपा की नवनियुक्त जिला पदाधिकरियां की हुई बैठक

समृद्धि न्यूज, रायबरेली।

भारतीय जनता पार्टी रायबरेली के नवनियुक्त जिला पदाधिकारी की प्रथम बैठक आज अटल भवन त्रिपुला सभागार में संपन्न हुई। प्रथम बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने की इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिले के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह उपस्थित रहे। प्रथम बैठक में मंच पर सुरेंद्र सिंह दाढ़ी, विनोद वाजपेई, पूर्व जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह पप्पू लोहिया रहे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री शरद सिंह ने किया। बैठक के उपरांत स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को शुभकामनाएं प्रेषित की और उनको अंग वस्त्र द्वारा सम्मानित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने कार्यकर्ताओं को संगठन में संगठित होकर आगामी अभियानों को सफल बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि आप सभी पदाधिकारी आने वाले विधानसभा 2027 के चुनाव के लिए तैयारी में जुट जाए और प्रदेश और क्षेत्र से दिए गए अभियानों को सफल बनाएं।

## प्रा.वि. खरहरा में हुआ 'तिथि भोजन' कार्यक्रम

बच्चों के साथ जन्मदिन की खुशियां साझा कर दिया सामाजिक सरोकार का संदेश



समृद्धि न्यूज, रायबरेली।

जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में जनपद के परिषदीय विद्यालयों में सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने तथा बच्चों के साथ विशेष अवसरों की खुशियां साझा करने के उद्देश्य से 'तिथि भोजन' कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में विकास खण्ड शिवगढ़ के प्राथमिक विद्यालय खरहरा में मंगलवार को 'तिथि भोजन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक आशीष कुमार द्वारा अपने पुत्र के जन्मदिवस के अवसर पर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को स्वादिष्ट, पौष्टिक एवं स्वच्छ भोजन कराया गया। बच्चों को पूरी, सब्जी, खीर एवं फल परोसे गए।

स्वादिष्ट भोजन पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने उत्साहपूर्वक जन्मदिन की खुशियों में सहभागिता की। 'तिथि भोजन' के माध्यम से अभिभावक, शिक्षक एवं समाज के अन्य लोग बच्चों के विशेष अवसरों को उनके साथ साझा कर विद्यालय से अपने जुड़ाव को और मजबूत कर रहे हैं।

# हमारी संस्कृति का प्रतीक है रामलीला: विधायक

**भरत मिलाप पर रामलीला के पात्रों का सम्मान**

समृद्धि न्यूज़,छिबरामऊ।



नगर पालिका सभागार में श्रीरामलीला कमेटी की ओर से भरत मिलाप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पिछले वर्ष दिन की रामलीला में मंचन करने वाले सभी पात्रों को सम्मानित किया गया।

विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने राम दरबार की आरती की। उन्होंने कहा कि रामलीला हमारी संस्कृति और आस्था का प्रतीक है। पात्रों के समर्पण से समाज में राम के आदर्श जीवंत होते हैं। ऐसे कार्यक्रम युवाओं को संस्कार देते हैं। रामलीला कमेटी के संयोजक एवं नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने आरती के बाद कहा कि कमेटी निरंतर रामलीला का भव्य रूप देने का प्रयास कर रही है। पिछले वर्ष के कलाकारों का सम्मान उनकी मेहनत का फल है। आगे भी सभी का सहयोग अपेक्षित है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं श्रीरामकथा वाचक आचार्य प्रशांतानंदजी महाराज चंदन ने कहा कि भरत मिलाप प्रेम, त्याग और एकता का संदेश देता है। रामलीला मंचन से भक्ति और नैतिक मूल्यों का प्रसार होता है। इस दौरान राम बने हर्ष शुक्ला, लक्ष्मण बने आदित्य चौहान, भरत स्वरूप में वासु दीक्षित, शत्रुघ्न स्वरूप में तृषा अग्निहोत्री, सीता स्वरूप में ध्रुव दीक्षित और हनुमान बने राजीव मिश्रा सहित सभी स्वरूपों को विधायक अर्चना पांडेय, पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे, कमेटी अध्यक्ष देवकीनंदन मिश्रा एवं महामंत्री श्यामू चौहान ने अंगवस्त्र व माल्यार्पण से सम्मानित किया। पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राजीव नयन त्रिपाठी, प्रेममुरारी दुबे, टीटू अग्निहोत्री, अनुराग अग्निहोत्री, दिलीप गुप्ता, बब्बा यादव, पिंकी गुप्ता समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ग्रा.पं अधिकारी बनने पर रजत शाक्य सम्मानित

समृद्धि न्यूज़,छिबरामऊ।



नगर में तालग्राम चौराहे के पास आयोजित कार्यक्रम में माल्यार्पण के साथ अंगवस्त्र एवं चित्र भेंट कर ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर चयनित रजत शाक्य को सम्मानित किया गया।

ग्राम ज्योति के नगला धर्मपाल निवासी भूपेंद्र शाक्य एवं मीना कुमारी के पुत्र रजत शाक्य ने 2017 में फर्रुखाबाद से इंटरमीडिएट और 2024 में मैनपुरी से बीएड पास किया। उन्होंने 2022 से तैयारी शुरू की। 2023 में 1468 पदों का नोटिफिकेशन जारी हुआ और 2025 में परीक्षा हुई।

17 अगस्त को फाइनल रिजल्ट आने पर रजत ने सफलता हासिल की। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने कहा कि रजत की मेहनत और लगन युवाओं के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास में ऐसे योग्य अधिकारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम की आयोजक भाजपा जिला मंत्री अरुणा शाक्य ने कहा कि रजत का चयन पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सावित्री पांडेय, उषा उपाध्याय, पूजा पांडेय, दीपमाला शाक्य, मोनी, ममता, रेखा, रानी शाक्य, मोनिका, जूली, डॉ. स्वाती शाक्य एवं जितेंद्र कुमार शाक्य ने भी रजत के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पूर्व प्रधानाध्यापक सूरजभान त्रिपाठी का निधन के निधन

**छिबरामऊ, कन्नौज।** मोहल्ला बनवारी नगर निवासी सेवानिवृत प्रधानाध्यापक सूरजभान त्रिपाठी (80) का हृदय गति रुकने से निधन हो गया।



उनके निधन की सूचना मिलते ही उनके आवास पर पहुंचकर शिक्षकों व नागरिकों ने शोक व्यक्त किया। सूरजभान काफी समय से गायत्री परिवार से जुड़े हुए थे। सोमवार को वह गंगेश्वरनाथ मंदिर में पूजा करने भी गए थे। विधायक अर्चना पांडेय, पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे, पूर्व पालिकाध्यक्ष राजीव दुबे, गायत्री परिवार से जुड़े सुप्रसिद्ध राम कथा वाचक आचार्य प्रशातानंद चंदन, शिक्षक राहुल मिश्रा, समाजसेवी विपिन दीक्षित, वरिष्ठ कवि ओमप्रकाश शुक्ल अज्ञात आदि ने उनके पुत्र उमाकांत त्रिपाठी को ढांढस बंधाया।

# सर्वजन सुखाय पार्टी ने उठाई बेरोजगारों की समस्याएं



समृद्धि न्यूज़,छिबरामऊ।

सर्वजन सुखाय पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रांशू यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने किसानों, बेरोजगारों और ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में फार्मर रजिस्ट्री की अनिवार्यता समाप्त कर किसानों को आसानी से खाद उपलब्ध कराने की मांग की गई। साथ ही खाद, बीज और कीटनाशकों की बिक्री में कथित मिलावट पर रोक लगाने की मांग उठाई गई। पार्टी ने आलू किसानों को राहत देने के लिए प्रति पैकेट 500

**मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम स्टेनो को सौंपा**

रुपये अनुदान देने की मांग की। ज्ञापन में सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, जौहर विश्वविद्यालय रामपुर को संरक्षित किए जाने, ग्रामीणों और किसानों समेत पात्र नागरिकों की वृद्धावस्था पेंशन बढ़ाकर 20 हजार रुपये प्रतिमाह करने की मांग की गई। सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर आरक्षण के अनुसार पारदर्शी भर्ती कराने तथा अग्निवीर और आउटसोर्सिंग के माध्यम से भर्ती बंद करने की मांग भी रखी गई। कन्नौज में जमीन कब्जे से संबंधित शिकायतों के लिए विशेष प्रकोष्ठ गठित कर पीड़ितों को न्याय दिलाने और शराब से बढ़ रही सामाजिक बुराइयों पर रोक लगाने की मांग की गई।

## आज निकलेगा ईद-ए-मिलादुन्नबी का जुलूस, तैयारियां पूरी



**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।** पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद मुस्तफा की यौमे विलादत के मौके पर 26 अगस्त को सुबह आठ बजे नगर में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला जाएगा। इसको लेकर आयोजकों ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। जुलूस निर्धारित मार्गों से होकर गुजरेगा, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल होंगे। जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन भी सतर्क रहेगा।

आयोजकों ने लोगों से अनुशासन बनाए रखने और आपसी भाईचारे के साथ जुलूस में शामिल होने की अपील की है। मार्गों पर साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त कराई जा रही हैं। जगह-जगह लोगों ने स्वागत की तैयारियां की हैं। जुलूस में नात-ए-पाक और दरूदो सलाम का आयोजन होगा। यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो, इसके लिए पुलिस द्वारा आवश्यक इंतजाम किए जाएंगे। वहीं नगर के मेन बाजार जामा मस्जिद के पास, चूड़ी वाली गली, सब्जी मंडी सहित मुस्लिम बहुल इलाकों में रंग-बिरंगी लाइटों और रंगीन पन्नी की झालरों से गलियों-मोहल्लों और घरों को सजाया गया है। रोशनी से रात में नगर जगमगाता नजर आएगा।

# संस्कृति बोधमाला पुस्तिका का किया विमोचन

समृद्धि न्यूज़,छिबरामऊ।



श्रीमती गंगा देवी चतुर्वेदी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज में विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित संस्कृति बोधमाला महाभियान के अन्तर्गत पुस्तिका विमोचन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

संस्कृति बोध परियोजना के प्रान्त प्रमुख अनिल कुमार शुक्ला ने परियोजना के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान संक्रमण काल में समाज में अपनी संस्कृति के प्रति लगाव बहुत जरूरी है। जागरूक समाज ही अपने धर्म और अपनी संस्कृति की रक्षा करने में समर्थ होता है। गत वर्ष इस अभियान में नगर के 10 विद्यालयों वीरेन्द्र पब्लिक स्कूल, सुनीता कान्वेंट, आर्यन पब्लिक स्कूल, आरबीएस विद्यालय, गर्ल्स इण्टर कालेज, दयाल पब्लिक स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, जेबीएस विद्यालय, चन्द्रावती पब्लिक स्कूल और सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर के छात्र छात्राओं एवं अध्यापकों ने प्रतिभाग किया था। अपने वर्ग में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अच्युत त्रिपाठी, प्रधानाचार्य अनिल कुमार शुक्ल, कमल किशोर वर्मा, श्रीमती सुनीता शर्मा, अभियान टोली के सदस्य, समस्त आचार्य, आचार्या, अभिभावक एवं पूर्व छात्र उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य ने अभिभावकों व अध्यापकों को अनुभव पत्रिका एवं पञ्चांग भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने सभी से इस महाभियान से जुड़ने का आग्रह किया।

## खबरें एक नजर में

### युवक लापता, परिजनों ने पुलिस से लगाई गुहार



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला बरतीराम स्थित स्वाती हॉस्पिटल के पीछे रहने वाले 38 वर्षीय विजय राना के लापता होने का मामला सामने आया है। उनकी पत्नी लता राना ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर गुमशुदगी दर्ज करने की मांग की है। प्रार्थना पत्र के अनुसार विजय राना की लंबाई करीब छह फीट, रंग सांवला और वजन लगभग 60 किलो है। 21 अगस्त 2026 को शाम करीब पांच बजे वह स्वाती हॉस्पिटल के पीछे से कहीं चले गए। देर रात तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उनके मोबाइल फोन पर कई बार संपर्क किया, लेकिन फोन नहीं उठा। इसके बाद परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों के यहां काफी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से युवक की तलाश कर गुमशुदगी दर्ज करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### रक्षाबंधन में बाजारों में रौनक, राखियों से सजी दुकानें



**गुरसहायगंज।** नगर मे रक्षाबंधन के पर्व को लेकर बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। भाई-बहन के प्रेम और स्नेह के प्रतीक इस त्योहार को लेकर दुकानों पर तरह-तरह की आकर्षक राखियां सजाई गई हैं। रंग-बिरंगी राखियों के साथ कार्टून, मोती, रुद्राक्ष और डिजाइनर राखियां बहनों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। बाजारों में राखियों की दुकानों पर सुबह से ही ग्राहकों की आवाजाही देखने को मिल रही है। दुकानदार सिंकू प्रजापति व राजू भाई ने त्योहार को देखते हुए राखियों की अलग-अलग वैरायटी उपलब्ध कराई है। बच्चों के लिए खास तौर पर आकर्षक डिजाइन वाली राखियां भी बाजार में मौजूद हैं। रक्षाबंधन को लेकर बहनों में खासा उत्साह है। बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधने के लिए पसंदीदा राखियों की खरीदारी कर रही हैं। वहीं, मिठाई और उपहारों की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ बढ़ने लगी है। पर्व को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक से कारोबारियों के चेहरे भी खिले हुए हैं।

### महिला आयोग की सदस्य के सामने रो पड़ी महिलाएं, सुनाया दर्द



**कन्नौज।** राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर कन्नौज पहुंचीं। उन्होंने जनसुनवाई कर महिलाओं की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अपनी फरियाद लेकर पहुंचीं कई महिलाएं आयोग की सदस्य के सामने फफक-फफक कर रो पड़ीं और अपनी पीड़ा सुनाई। पीड़िता जुली पाल ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि वह पिछले करीब एक साल से न्याय के लिए भटक रही है। उसका आरोप है कि गुरसहायगंज थाने जाने पर उसे सौरिख थाने भेज दिया जाता है, जबकि सौरिख थाने पहुंचने पर फिर दूसरे थाने जाने की बात कही जाती है। लगातार थानों के चक्कर लगाने के बावजूद उसकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। इसी तरह एक पीड़ित दंपति ने रोते हुए शिकायत की कि उन्हें रास्ते से निकलने नहीं दिया जा रहा है। कई बार अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद उनकी सुनवाई नहीं हुई। जनसुनवाई के दौरान महिलाओं ने पुलिस और अन्य मामलों से जुड़ी अपनी समस्याएं भी आयोग की सदस्य के सामने रखीं। शिकायतें सुनने के बाद सदस्य पुष्पा पांडेय ने संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीड़ितों की शिकायत पर पहले एफआईआर दर्ज की जाए। इसके बाद मामलों की निष्पक्ष जांच कराकर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# पीएमश्री विद्यालय में 100 से अधिक नवीन नामांकन

**340 पहुंची छात्र संख्या**

समृद्धि न्यूज़, जलालाबाद।



विद्यालय के बच्चों के साथ प्रधानाध्यापिका रेनू कमल व मौजूद शिक्षक

छात्र- छात्राओं को बेहतर शिक्षा के साथ- साथ डिजिटल टीवी, बास्केटबॉल कोर्ट और टेबल टेनिस जैसी आदि सुविधाएं उपलब्ध हैं। जिससे कि छात्र- छात्रा प्रेरित होकर शिक्षण कार्य पर केंद्रित रहे।

ब्लॉक क्षेत्र के जसपुरापुर सरैया स्थित पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय प्रथम में शैक्षिक सत्र 2026-27 में 100 से अधिक बच्चों का नवीन नामांकन हुआ है।

विद्यालय में लगातार पांच वर्षों से प्रतिवर्ष सौ से अधिक नए प्रवेश हो रहे हैं। प्रधानाध्यापिका रेनू कमल ने बताया कि विद्यालय का बेहतर शैक्षिक वातावरण और शिक्षक-शिक्षिकाओं के सामूहिक प्रयास इसका प्रमुख कारण है। विद्यालय में नवोदय और विद्या ज्ञान प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए शिक्षकों द्वारा अतिरिक्त कक्षाएं संचालित की जाती हैं। इसके परिणाम स्वरूप पिछले कई वर्षों से विद्यार्थियों का नवोदय में चयन हो रहा है। इस वर्ष विद्यालय के एक विद्यार्थी का नवोदय व विद्या ज्ञान प्रवेश परीक्षा तथा 12 विद्यार्थियों का सर्वोदय आवासीय विद्यालय में चयन हुआ है। इसमें शिक्षक लोकेंद्र, जसवीर और सौरभ द्विवेदी का विशेष योगदान रहा। प्रधानाध्यापिका ने बताया कि वर्तमान में विद्यालय में 340 छात्र- छात्राएं अध्ययनरत हैं। इस बार कक्षा एक में सर्वाधिक बच्चों ने प्रवेश लिया है। विद्यालय में डिजिटल टीवी, सोलर पैनल, उत्कृष्ट फर्नीचर, बाल वाटिका, बास्केटबॉल कोर्ट और टेबल टेनिस जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। विद्यालय परिसर की 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों से ऑनलाइन निगरानी की जाती है।

# ईवीएम की सुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : जिलाधिकारी

समृद्धि न्यूज़, कन्नौज।

**सीसीटीवी और डबल लॉक व्यवस्था परखी**

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। डीएम ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित सुरक्षा मानकों के तहत वेयरहाउस की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कंट्रोल रूम, विद्युत आपूर्ति, बैलट यूनिट और कंट्रोल यूनिट कक्ष, डबल लॉक प्रणाली, सीलिंग व्यवस्था तथा अग्निशमन उपकरणों की जांच की गई। कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता भी परखी गई, जो सभी सुचारु मिले। डीएम ने 24 घंटे निगरानी और नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। ईवीएम की सुरक्षा निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन की महत्वपूर्ण कड़ी है। सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने साफ-सफाई, विद्युत एवं अग्नि सुरक्षा समेत सभी निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान एडीएम वि.रा. देवेंद्र सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार समेत संबंधित अधिकारी-कर्मचारी और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# कांवड़ियों को हलुआ खिलाकर किया स्वागत

**स्वयं दुर्घटना से बचने के साथ दूसरों की सुरक्षा का रखें ध्यान**

समृद्धि न्यूज़, समधन।



शासन के दिशा-निर्देशों के तहत पुलिस ने सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए श्रृंगीरामपुर घाट पर गंगा जल लेने जा रहे कांवड़ियों का स्वागत किया। पुलिस ने कांवड़ियों को रोककर प्रसाद के रूप में हलुआ खिलाया और उन्हें यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया। रामाश्रम चौकी प्रभारी सुरेन्द्र पाल सिंह की मौजूदगी में गुरसहायगंज कोतवाली प्रभारी अजय कुमार अवस्थी ने कांवड़ियों के काफिले को रोककर उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद कांवड़ियों को हलुआ खिलाकर सुरक्षित यात्रा के लिए यातायात नियमों की जानकारी दी गई। कोतवाल अजय कुमार अवस्थी ने कांवड़ियों से कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतें और तेज गति व जल्दबाजी से बचें। स्वयं दुर्घटना से बचने के साथ ही दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी लापरवाही और जल्दबाजी किसी की जिंदगी को खतरे में डाल सकती है। सभी कांवड़ियों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई।

इस दौरान हेड कांस्टेबल अवधेश कुमार, सिपाही अभिषेक चौधरी, सूरज सिंह, जाकिर अहमद आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# त्योहारों में खलल डालने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

समृद्धि न्यूज़, कन्नौज।

आगामी बारावफात, रक्षाबंधन और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मंगलवार को कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। डीएम ने कहा कि त्योहारों को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं। शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

डीएम ने 26 अगस्त को बारावफात, 28 अगस्त को रक्षाबंधन और 29 अगस्त को तालग्राम के रोहली मेले को लेकर सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी कराने के निर्देश दिए। जुलूस मार्गों पर पुलिस बल, प्रकाश, सफाई और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने को कहा। जुलूस में आपत्तिजनक सामग्री, भड़काऊ नारे या विवादित गीतों के इस्तेमाल पर पूरी तरह रोक रहेगी। लाउडस्पीकर निर्धारित मानकों के अनुसार ही बजेंगे। संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी होगी। सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जाएगी। एसपी विनोद कुमार ने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। बैठक में एडीएम देवेंद्र सिंह, एसडीएम तिर्वा वैशाली समेत धर्मगुरु और पीस कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

## नए प्राविधिक सहायकों से गांवों में बढ़ेगी कृषि योजनाओं की पहुंच

**कन्नौज।** कृषि विभाग को 26 नवचयनित प्राविधिक सहायक मिले हैं। मंगलवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में नवचयनित 3446 प्राविधिक सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इनमें 26 प्राविधिक सहायक कन्नौज को मिले हैं। इनके आने से कृषि विभाग के कामकाज में तेजी आने की उम्मीद है। नवचयनित सहायकों की तैनाती से ग्राम पंचायत स्तर पर किसानों तक कृषि विभाग की योजनाओं और आधुनिक तकनीकी जानकारी पहुंचाने में सहूलियत होगी। साथ ही योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, कृषि कार्यों के अनुश्रवण और किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान में भी मदद मिलेगी। उप निदेशक कृषि संतोष कुमार ने बताया कि नए प्राविधिक सहायकों के मिलने से गांवों में विभागीय योजनाओं की पहुंच और मजबूत होगी।

# जलभराव की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज़, समधन।



शासन के निर्देश के बावजूद तालाब के पानी के निकासी की नाली का निर्माण न कराये जाने से गलियों में जलभराव की समस्या उत्पन्न होने से लोगों को अपने घरों तक पहुंचने के लिये पानी में घुसकर आवागमन करने से नाराज़ ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर विरोध जताया है। तालग्राम विकास खंड के ग्राम अनीभोज में स्थित तालाब उफनाने के बाद गलियों में लबालब पानी भरने से लोगों को अपने घरों तक पहुंचने के लिये घुसकर आवागमन करने को मजबूर होने से नाराज़ ग्रामीणों ने मंगलवार को पानी में खड़े होकर प्रदर्शन किया गया इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुऐ गांव के अभिनेन्द्र कुमार, नीतीश कुमार, आलोक कुमार, अमीर सिंह, बबलू यादव, मुन्ना सिंह, राहुल यादव, करन सिंह आदि ग्रामीणों ने बताया कि बीते करीब एक माह से इस जलभराव की समस्या से हम लोग त्रस्त है जिसकी कई बार प्रधान से लेकर बीडीओ तक लिखित व मौखिक रूप से अवगत करा चुके लेकिन परिणाम बिल्कुल सिफर साबित होने दुषित पानी से घुसकर अपने घरों तक पहुंच रहे है जिससे संक्रामक बीमारी फैल रही है उधर तालग्राम बीडीओ उमाशंकर साहू का कहना है कि ग्राम अनीभोज में जलभराव की समस्या के समाधान के लिये सचिव भेजकर जांच कराकर तालाब के पानी के निकासी की व्यवस्था कराई जायेगी ग्राम के सपा छात्र सभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नितिन यादव ने बताया कि इस जलभराव की समस्या को लेकर बीते एक वर्ष पहले प्रदेश के पंचायती राज विभाग के सचिव अशोक कुमार राम को एक पत्र देकर अवगत कराया गया था जिस पर उन्होंने जिले के अफसरों को तालाब के पानी निकासी के लिये नाली निर्माण कराने का निदेश भी दिया गया फिर भी अफसरों की अनदेखी के चलते आज तक नाली निर्माण न कराये जाने पर नाराजगी जताते हुऐ तत्काल समस्या के निदान के लिये नाली निर्माण की मांग उठाई है।

## कांवड़ यात्रा से लौटे भक्तों ने कराया वार्षिक भंडारा



**समधन,समृद्धि न्यूज़।** कांवड़ यात्रा से गंगाजल लेकर लौटे भक्तों की ओर से सोमवार को समधन नगर स्थित ठाकुर द्वारा मंदिर में वार्षिक भंडारा आयोजित किया गया। देर शाम को झमाझम बारिश के बीच आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। बारिश के कारण भंडारा कार्यक्रम देर शाम शुरू हो सका। इसके बावजूद भक्तों में उत्साह बना रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में पहुंचे। आयोजकों ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। भंडारे के दौरान मंदिर परिसर में धार्मिक वातावरण बना रहा। कांवड़ यात्रा से लौटे भक्तों ने बताया कि गंगाजल चढ़ाने के बाद हर वर्ष की तरह इस बार भी ठाकुर द्वारा मंदिर में वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया है। श्रद्धालुओं ने भगवान से नगर में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

# जलभराव से मिलेगी राहत, बनेंगी सीमेंट पुलिया : ईओ

समृद्धि न्यूज़, समधन।



नगर में जलभराव की समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए नगर पंचायत प्रशासन ने जलनिकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने की कवायद तेज कर दी है। सोमवार को नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता ने सब्जी मंडी, मेन सड़क समेत नगर के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण कर नालों और नालियों की स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर नालों के ऊपर टूटे पड़े क्रॉसर जाल दिखाई दिए। इस पर अधिशासी अधिकारी ने संबंधित कर्मचारियों को क्षतिग्रस्त जाल हटाने और आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देश पर नगर में नालों और नालियों पर पड़े टूटे क्रॉसर जाल जल्द हटवाए जाएंगे। इनके स्थान पर सीमेंटेड पुलिया का निर्माण कराया जाएगा, जिससे नालों की जलनिकासी सुचारु बनी रहे और बारिश के दौरान पानी के रुकने की समस्या न हो। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि नगर की साफ-सफाई और जलनिकासी व्यवस्था को बेहतर बनाना नगर पंचायत की प्राथमिकता है। नालों की नियमित सफाई कराने के साथ ही क्षतिग्रस्त स्थानों को चिन्हित कर आवश्यक निर्माण कार्य कराया जाएगा। उन्होंने कर्मचारियों को जलभराव वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान जलभराव की समस्या न हो, इसके लिए नालों और नालियों की सफाई के साथ उनके ऊपर बने क्षतिग्रस्त क्रॉसर जाल को हटाकर मजबूत एवं स्थायी व्यवस्था की जाएगी। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ लिपिक राजेश वर्मा, दीपक श्रीवास्तव, कासिम खां, रियाज, मतलूब, सफाई नायक नरेश कुमार, नरेश चंद्र व सुनील कुमार सहित नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहे।

# किसानों का दूसरे दिन भी जारी रहा धरना

**भाकियू ने दी आरपार की लड़ाई की चेतावनी**

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

थाना क्षेत्र में राजस्व और चकबंदी कर्मियों के साथ हुए विवाद के बाद दर्ज मुकदमे के विरोध में भारतीय किसान यूनियन टिकैत का अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। धरने के दूसरे दिन भी प्रशासन का कोई अधिकारी या कर्मचारी किसानों की फरियाद सुनने नहीं पहुंचा। इससे आक्रोशित किसानों ने अब प्रशासन के खिलाफ आरपार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है।

बीते 5 दिन पूर्व नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव नगला जब्ब में राजस्व कर्मियों चकबंदी अधिकारी/कर्मचारी और किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोकझोंक और विवाद हुआ था। कानूनगो द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार, चकबंदी कर्मियों ने अपनी जान बचाने के लिए एक स्थानीय ग्रामीण के घर में शरण ली थी। आरोप है कि वहां भी किसान यूनियन की महिला और पुरुष कार्यकर्ताओं ने उनके साथ जमकर मारपीट की और चकबंदी की जरीब तथा जरूरी सरकारी अभिलेख छीन लिए। चकबंदी के सीओ और अन्य कर्मचारियों की संयुक्त तहरीर के आधार पर उच्च अधिकारियों के परामर्श के बाद थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने 21 नामजद और 100 अज्ञात लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अपने साथियों पर दर्ज हुए इस मुकदमे की जानकारी मिलते ही भाकियू टिकैत के कार्यकर्ता गांव के समीप अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। जिलाध्यक्ष अजय कटिहार ने चेतावनी देते हुए कहा अब प्रशासन से हमारी आरपार की लड़ाई होगी। इस मौके पर छविनाथ शाक्य, अरविंद गंगवार, अरविंद शाक्य, अफरोज मंसूरी, ब्रजेश गंगवार, अशोक यादव, संजीव सोमवंशी, अभय यादव, अनुज राजपूत, संजीव यादव, गुड्डू यादव, दिनेश सिंह, सुग्रीव पाल, बिजनेस यादव, बबलू खटीक, दीपू राठौर, शिवराम शाक्य, पप्पू यादव, प्रेम चंद्र मौजूद रहे।



धरने पर बैठे किसान नेता

# अभिभावक-शिक्षक संगठन की कार्यकारिणी गठित



बैठक में मौजूद शिक्षिकायें व अभिभावक

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

सिटी गर्ल्स इंटर कॉलेज में अभिभावक-शिक्षक संगठन की कार्यकारिणी का गठन किया गया तथा सामान्य सभा का भी आयोजन किया गया। अध्यक्ष रजनी की स्वीकृति से संगठन की उपाध्यक्ष प्रधानाचार्य ऐस्टर रोज़ दयाल ने उपस्थित सभी अभिभावकों एवं शिक्षिकाओं का परिचय कराया। सभी अभिभावकों एवं शिक्षिकाओं की सहमति से कार्यकारिणी के सदस्यों ने अपने-अपने पदभार ग्रहण किए। ऐस्टर रोज़ दयाल ने कार्यकारिणी के कर्तव्यों एवं दायित्वों के संबंध में सभी को विस्तृत जानकारी प्रदान की। सामान्य सभा का आयोजन किया गया। शिवानी ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता छात्रवृत्ति के संबंध में अभिभावकों को जानकारी दी। मनीला ने कक्षा 9 से 12 तक की छात्रवृत्ति तथा कन्या सुमंगला योजना के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की। राधा ने बच्चों के अनुशासन, स्वच्छता एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने तथा बच्चों की गतिविधियों एवं आवश्यकताओं पर उचित निगरानी रखने के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया। ऐस्टर रोज़ दयाल ने कहा कि सभी अभिभावक आपस में एक-दूसरे का सम्मान करें और सहयोग की भावना बनाए रखें। उन्होंने घर में अच्छा एवं सकारात्मक वातावरण बनाए रखने, बच्चों की प्रेमपूर्वक देखभाल करने तथा विशेष रूप से बालिकाओं में आत्मविश्वास की भावना विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि वे बच्चों को अच्छे-बुरे का ज्ञान कराएँ, उन्हें उचित संस्कार दें तथा उनकी सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। सभा की रिकॉर्डिंग सेक्रेटरी शिवानी ने बैठक में हुई समस्त चर्चाओं एवं महत्वपूर्ण बिंदुओं का विधिवत अभिलेख तैयार किया तथा उसका रिकॉर्ड सुरक्षित रखा। प्रधानाचार्य ऐस्टर रोज दयाल द्वारा सभी उपस्थित एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## करंट लगने से बिजली मिस्त्री की मौत

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। घर में बनी छोटी सी दुकान पर बिजली का काम करते समय करंट की चपेट में आने से एक बिजली मिस्त्री की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार थाना कंपिल क्षेत्र के रूदायन निवासी मिंटू उर्फ रजनीश शर्मा बिजली मैकेनिक का काम करते थे। उन्होंने अपने घर पर ही एक छोटी सी दुकान बना रखी थी। मंगलवार को वह रोज की तरह दुकान पर काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक वह विद्युत करंट की चपेट में आ गए। करंट इतना तेज था कि वह चिपक गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिजन उन्हें सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ0 अमरेश कुमार ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी नीरू शर्मा आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# राखी बनाओ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




प्रतियोगिता में मौजूद छात्रायें व विद्यालय स्टाफ

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

**पर्यावरण संरक्षण का संदेश देकर आशना ने जीता प्रथम स्थान**

आवास विकास लोहियापुरम स्थित कृष्णा देवी डिग्री कॉलेज में रक्षाबंधन के पावन पर्व के उपलक्ष्य में राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय में अध्ययनरत सभी विषयों और संकायों की छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। छात्राओं ने अपनी कला, गहरी रुचि और रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने राखी बनाने के लिए विभिन्न मनमोहक थीम और विविध प्रकार की सामग्रियों का प्रयोग कर अपनी कलात्मकता को प्रस्तुत किया। छात्राओं द्वारा बनाई गई रंग-बिरंगी और आकर्षक राखियों ने सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के सभी शिक्षक निर्णायक मंडल ज्यूरी के रूप में उपस्थित रहे, जिन्होंने छात्राओं के हुनर और उनकी रचनात्मक सोच को बारीकी से परखा। प्रथम स्थान पर कुमारी आशना चौरसिया बीए प्रथम वर्ष रहीं। आशना ने पर्यावरण बचाओ की थीम पर आधारित अत्यंत सुंदर राखी बनाई, जिसे निर्णायक मंडल और उपस्थित सभी लोगों द्वारा सबसे ज्यादा पसंद किया गया। द्वितीय स्थान पर कुमारी स्वाति सिंह बीए छात्रा व तृतीय स्थान कुमारी जागृति बीएड छात्रा रही। शिक्षकों ने विजेता छात्राओं को बधाई दी और प्रतियोगिता में शामिल होने वाली सभी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।



बैठक में मौजूद अधिवक्ता

## तहसील सदर में आम सहमति से चुनाव समिति का हुआ गठन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। तहसील सदर बार एसोसिएशन चुनाव के संबंध में अधिवक्ताओं की बैठक सम्पन्न हुई। मंगलवार को तहसील सदर स्थित अधिवक्ता सभागार में आयोजित आम सभा की बैठक में अधिवक्ताओं के चुनाव से संबंधित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। सर्वप्रथम सदस्यता सूची पढ़कर सदस्यों की घोषणा की गई। जिसमें सदस्यों की संख्या 105 बताई गई। आम सभा की में आम सहमति से एल्डर्स/चुनाव समिति का गठन किया गया। जिसमें देव प्रकाश अवस्थी, अनीस सिंह चौहान, उमाशंकर कटियार, संजीव शाक्य, राहुल दीक्षित को निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु नियुक्त किया गया। सर्व सम्मति सदस्यों द्वारा निर्णय लिया गया कि जल्द ही नामित सदस्यों द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया को शुरू कर तहसील सदर बार एसोसिएशन का चुनाव कराया जाए। बैठक में अतुल मिश्रा, ओम प्रकाश दुबे, विकाश सक्सेना, रविनेश यादव, राजीव चौहान, अतुल शाक्य, अनूप कटियार, सुनील सक्सेना, आकाश दीक्षित, अभिनय गुप्ता, रामेन्द्र कटियार आदि लोग मौजूद रहे।

# किरण पब्लिक स्कूल में मना रक्षाबंधन पर्व

समृद्धि न्यूज,कायमगंज।

पट्टिया लेन कम्पिल रोड स्थित किरण पब्लिक स्कूल में 24 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। उत्सव के दौरान विद्यार्थियों के विभिन्न वर्गों के बीच राखी बनाओ, मेहंदी रचाओ और पतंग बनाओ प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। छात्रों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का परिचय देते हुए सुंदर राखियां और रंग-बिरंगी पतंगें तैयार कीं। वहीं छात्राओं ने हथेलियों पर भारतीय संस्कृति को दर्शाती मनमोहक मेहंदी रचाई। प्रबंधक कल्पना गंगवार, प्रधानाचार्या राधिका नायर एवं विद्यालय के कोऑर्डिनेटर जयन राजन की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रबंधक कल्पना गंगवार ने कहा कि यह केवल धागों का त्योहार नहीं, बल्कि परस्पर प्रेम, विश्वास, स्नेह और सामाजिक समरसता का प्रतीक है।



प्रतियोगिता में राखी दिखाती छात्रायें

**छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में दिखाया हुनर**

ऐसे आयोजन बच्चों को हमारी समृद्ध भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़े रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बाँधकर माहौल को खुशहाल बना दिया। इस दौरान विक्रांत सिंह व अंजना जयन, कला एवं रचनात्मक प्रभारी शिवानी राठौर, आरजू गंगवार व आकांक्षा सैनी, हीरा अंसारी, शिक्षक शाहरुख अली, अजमत अली, अतुल प्रताप, हरिद्वार, निखिल, नीरज अग्निहोत्री तथा शिक्षिका अंजू बाथम, आशिका, मंजू, पूजा, पूनम, खुशी, फराह खान, लिपिक उमाकांत वर्मा एवं कंप्यूटर संचालक रवि कुमार मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### ताइक्वांडो प्रतियोगिता में आर्मी प्री-प्राइमरी स्कूल व ऑफिसर्स क्लब ने मारी बाजी



सम्मानित होते खिलाड़ी व रेफरी

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद। जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में फतेहगढ़ स्थित ब्रह्मदत्त स्टेडियम में चौथी इंटर-स्कूल एवं जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में सब-जूनियर, जूनियर, कैडेट एवं सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और पदक हासिल किए। योगाचार्य अमित सक्सेना ने बच्चों को निरोग रहने के लिए नियमित योग और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की जानकारी दी। ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्यप्रकाश अग्रवाल ने विजयी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। विद्यालय वर्ग में प्रथम स्थान आर्मी प्री-प्राइमरी स्कूल व द्वितीय स्थान डॉ0 वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर तथा तृतीय स्थान पर माउंट लिटरा जी स्कूल, चतुर्थ स्थान ज्ञानफोर्ट इनोवेटिव स्कूल रहा। अकादमी वर्ग में प्रथम स्थान पर ऑफिसर्स क्लब, द्वितीय स्थान पर कायमगंज ताइक्वांडो अकादमी, तृतीय स्थान स्टेडियम, चतुर्थ स्थान सनशाइन ताइक्वांडो अकादमी रहा। कोषाध्यक्ष अवनेन्द्र कुमार, अंतरराष्ट्रीय कोच सुशांत गुप्ता, कानपुर से आए वासुकी नाथ ओझा, विशाल तथा रेफरी मंडल की मुख्य भूमिका रही। उपाध्यक्ष प्रिया साध, शीश मेहरोत्रा मौजूद रहे। सचिव अजय प्रताप ने सभी आभार व्यक्त किया। वहीं भारतीय महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रो0 के पुत्र काव्यांश गुप्ता ने 65 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर परिवार व जनपद का नाम रोशन किया। उनकी जीत पर पिता सहित परिजनों ने खुशी जाहिर की।

### सपा कार्यालय में मनाई गई बीपी मण्डल की जयंती

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद। आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं मण्डल कमीशन के अध्यक्ष बिंदेश्वरी प्रसाद यादव की जयंती पर गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा बीपी मंडल सामाजिक न्याय के पुरोधा के रूप में जाने जाते हैं। उनकी अध्यक्षता में ही मंडल कमीशन का गठन किया गया था। पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बीपी मण्डल के चित्र पर माल्यार्पण कर सामाजिक न्याय के प्रति उनके योगदान एवं उनकी जीवनी पर विचार व्यक्त किए। इस दौरान जिला महासचिव इलियास मंसूरी, जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव, डॉ0 जेपी वर्मा, अरविंद यादव, पवन कठेरिया, विनीत परमार, रामपाल सिंह यादव, शिवम पटेल, अर्चित शर्मा, गौतम कुशवाहा, राजन शर्मा, प्रशांत, सतेंद्र जाटव, शशांक तिवारी, विपिन पाल, अथक पटेल, अर्शित रस्तोगी, हेमन्त दुबे, शिवम गंगवार, शीलू खां, विवेक भारद्वाज, राधेश्याम सविता मौजूद रहे।

# दबंगों ने रोका नाली का पानी, जलभराव से करंट का खतरा

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

फतेहगढ़ के भोलेपुर स्थित अम्बेडकर कॉलोनी में दबंगों द्वारा अवैध रूप से गली का अतिक्रमण कर नाली का पानी रोके जाने का मामला सामने आया है।

जलभराव के कारण स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और पास ही लगे बिजली के पोल से घरों में करंट फैलने का गंभीर खतरा बना हुआ है। इस संबंध में पीड़िता विधवा महिला और अन्य मोहल्लेवासियों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

अम्बेडकर कॉलोनी भोलेपुर निवासी गीता देवी पत्नी स्व0 अमर सिंह ने अपने शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि मोहल्ले के ही कुछ दबंगों ने उनकी गली में अवैध अतिक्रमण कर लिया है और पानी की निकासी बंद कर दी है। नीलेश श्रीवास्तव, मुन्नालाल बाथम, रामजीत, धीरज और रूबी पर नाली का निर्माण जबरन रोकने और अतिक्रमण करने का आरोप है। पीड़िता ने बताया कि जब उन्होंने पहले शिकायत दर्ज कराई थी, तो नगर पालिका के जेई ने गलत आख्या देते हुए कहा कि नाली का पानी पॉलिटेक्निक कॉलेज में जाना चाहिए। पॉलिटेक्निक कॉलेज में न तो पानी निकलने की कोई व्यवस्था है और न ही प्रशासन से पानी छोड़ने की कोई अनुमति ली गई है, बल्कि वहां पहले से ही काफी जलभराव है। गली का पानी रुकने से लोगों के घरों के पास भारी कीचड़ और जलभराव की स्थिति बन गई है। पत्र में एक बेहद गंभीर समस्या की ओर ध्यान आकर्षित किया गया है। जलभराव वाले स्थान पर एक बिजली का पोल लगा हुआ है। घरों में बिजली का करंट आ रहा है, जिससे किसी भी समय बड़ी जनहानि या हादसा होने की संभावना बनी हुई है। पीड़िता का कहना है कि उसने पहले भी कई बार प्रार्थना पत्र दिए, लेकिन उक्त दबंगों ने नाली का निर्माण कार्य जबरन रुकवा दिया। गीता देवी सहित मोहल्ले के अन्य लोगों आकाश सिंह, पूजा, साधना, मंजू कटियार, रिंकू ठाकुर आदि ने जिलाधिकारी को पत्र सौंपा।



शिकायत करने के बाद जानकारी देते पीड़ितायें

**विधवा ने डीएम से लगाई न्याय की गुहार**

# प्रा.वि. और आंगनवाड़ी केंद्र का किया गया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

ब्लॉक बढ़पुर की ग्राम पंचायत पिथूपुर मेंहदिया के प्राथमिक विद्यालय और आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया गया। प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान मिड डे मील योजना अंतर्गत बनाए गए भोजन को बच्चों के साथ खाकर चेक किया गया। दाल पतली बनी हुई थी। ग्राम प्रधान के माध्यम से बच्चों को फल का वितरण भी कराया गया। प्राथमिक विद्यालय में निरीक्षण के दौरान पाया गया कि तीन दिनों से विद्युत आपूर्ति बंद होने के कारण समरसेबल नहीं चल रहा है, जिससे शौचालय आदि गंदे हैं और टंकियां में पानी नहीं आ रहा है। पठन-पाठन व्यवस्था समुचित पाई गई सभी अध्यापक उपस्थित पाए गए। आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि केंद्र भवन के रंगाई पुताई एवं मरम्मत की आवश्यकता है, परिसर में झाड़ियां हैं, जिन्हें सफाई किए जाने की आवश्यकता है। आंगनबाड़ी केंद्र में ब्लैक बोर्ड स्थापित नहीं हुआ है, अन्य उपकरण सक्रिय पाए गए। आंगनबाड़ी के बच्चों के लिए पृथक से शौचालय एवं पेयजल की व्यवस्था नहीं है उन्हें सड़क पार करके प्राथमिक विद्यालय में जाना पड़ता है। कमियों को ठीक करने के लिए ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव तथा प्रधानाचार्य को निर्देश दिए गए, साथ ही विद्युत आपूर्ति बहाल करने के लिए अधिशासी अभियंता विद्युत ग्रामीण से वार्ता की गई।

## किशोरी को भगा ले जाने वाला आरोपी गया जेल



पुलिस हिरासत में आरोपी

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद। शमसाबाद थाना क्षेत्र में एक किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और अपहृत किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया है। जांच के बाद मामले में पॉक्सो एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराएं भी जोड़ दी गई हैं। बीते 13 अगस्त को पीड़िता के पिता ने थाना शमसाबाद में तहरीर दी थी कि उनकी पुत्री को कुछ लोग बहला-फुसलाकर भगा ले गए हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने थाना शमसाबाद में धारा 137(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया था। इसमें सुनील कुमार सहित कुल 6 लोगों को आरोपी बनाया गया था। मुख्य आरोपी सुनील कुमार पुत्र महावीर निवासी ग्राम भुक्सी खरेटा थाना शमशाबाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़िता को बरामद कर लिया। इसके बाद पीड़िता के दर्ज किए गए बयानों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मुकदमे में धारा 87/64(1) बीएनएस और 3/4 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की। पुलिस ने मुख्य आरोपी सुनील कुमार को गिरफ्तार कर लिया है और उसे न्यायालय के समक्ष पेश करने की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति और अपराध

**समाज में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को भी है समान अधिकारों का हक**

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

जिला जज एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में मंगलवार को राजकीय बालिका इन्टर कॉलेज फतेहगढ़ में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को बाल विवाह के दुष्परिणामों, इससे जुड़े कानूनी प्रावधानों और ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। मुख्य अतिथि बिंदिया भटनागर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बाल विवाह और ट्रांसजेंडर समुदाय के कानूनी अधिकारों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति होने के साथ-साथ एक कानूनी अपराध भी है। इसके पूर्ण उन्मूलन के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग का जागरूक होना नितांत आवश्यक है। 12 सितम्बर को आयोजित होने वाली आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के विषय में भी जानकारी साझा की। गुंजा जैन पर्यावरण विशेषज्ञ ने बाल विवाह से होने वाले गहरे सामाजिक, शैक्षणिक और व्यक्तिगत दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला और छात्राओं को इसके विरुद्ध आवाज उठाने का संदेश दिया। विद्यालय की छात्राओं ने पोस्टर और नुक्कड़ नाटक/नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से समाज में जागरूकता का संदेश दिया।



छात्राओं को संबोधित करती गुंजा जैन

प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत ने अन्य शिक्षकों और उपस्थित सभी छात्राओं ने बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता फैलाने तथा समाज में सभी के प्रति समानता एवं सम्मान का सकारात्मक वातावरण निर्मित करने का संकल्प लिया। इस दौरान सीता असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल आदि मौजूद रहे।

# राज्य महिला आयोग की सदस्या ने पीड़िताओं की सुनीं समस्यायें

**महिला आयोग की सदस्या ने जेल, स्कूल और अस्पताल का किया निरीक्षण**

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या सुनीता सैनी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में महिला जनसुनवाई एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

उन्होंने महिलाओं की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को न्यायसंगत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आयोजित जनसुनवाई में कुल 5 पीड़ित महिलाओं ने प्रार्थना पत्रों के माध्यम से अपनी-अपनी शिकायतें सदस्या के समक्ष प्रस्तुत कीं। सदस्या ने प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जनसुनवाई में मौजूद संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि इन समस्याओं का जल्द से जल्द और प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए ताकि महिलाओं को त्वरित न्याय मिल सके।

## जेल, स्कूल व अस्पताल का किया सघन निरीक्षण

जनसुनवाई कार्यक्रम के पश्चात सदस्या सुनीता सैनी ने जमीनी हकीकत परखने के लिए विभिन्न स्थानों का औचक निरीक्षण भी किया। विकास खंड बढ़पुर के अमेठी कोना स्थित प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण कर शिक्षा और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला जेल का निरीक्षण कर वहां महिला बंदियों की स्थिति और व्यवस्थाओं को परखा। वहीं संयुक्त चिकित्सालय डॉ0 राममनोहर लोहिया का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली और अस्पताल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक दुरुस्त करने के सख्त निर्देश दिए। जनसुनवाई एवं समीक्षा बैठक में जिला प्रशासन और पुलिस के कई प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला बाल विकास परियोजना अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, महिला थाना अध्यक्ष और परियोजना निदेशक उपस्थित थे। इनके अतिरिक्त, महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए काम करने वाली संस्थाओं जैसे चाइल्ड हेल्पलाइन, वन स्टॉप सेंटर, जिला बाल संरक्षण इकाई के कार्मिक और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण भी इस दौरान मौजूद रहे।




बच्चों को पढ़ाती महिला आयोग की सदस्य

# दलित छात्र को पीटने और बंधक बनाने का आरोप

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

**प्रधानाचार्य पर लगाये गंभीर आरोप**

जनपद में एक निजी स्कूल के प्रिंसिपल की गुंडई और अमानवीयता का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां कक्षा 1 के एक दलित छात्र को केवल इसलिए चप्पलों से पीटा गया और कमरे में बंधक बनाया गया, क्योंकि उसने अपनी शिक्षिका की शिकायत प्रिंसिपल से कर दी थी। आरोप है कि शिक्षिका क्लास में मोबाइल पर रील देखने में व्यस्त थीं। पीड़ित छात्र के पिता ने स्थानीय पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर अब पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। यह पूरी घटना थाना कमालगंज क्षेत्र के रानूखेड़ा स्थित दयाल एजुकेशन सेंटर की है।

शिकायती पत्र के अनुसार 21 अगस्त को कक्षा 1 का छात्र शनि जाटव अपनी क्लास टीचर राखी के पास कॉपी चेक कराने गया। आरोप है कि टीचर फोन पर रील देखने में मशगूल थीं और उन्होंने छात्र को झिड़क कर बैठा दिया। जब छात्र ने इसकी शिकायत स्कूल के प्रधानाचार्य जगदीश वर्मा से की, तो वे आगबबूला हो गए। आरोप है कि उन्होंने छात्र को जातिसूचक गालियां देते हुए अपमानित किया। इसके बाद सुबह करीब 9 बजे खुले मैदान में अन्य बच्चों के सामने छात्र को जमीन पर गिराकर चप्पलों और थप्पड़ों से बुरी तरह पीटा गया, जिससे उसे अंदरूनी चोटें आईं। हद तो तब हो गई जब मासूम को दोपहर 1 बजे तक एक कमरे में बंधक बनाकर रखा गया। छुट्टी के बाद जब बच्चा घर पहुंचा और उसने अपने पिता जितेन्द्र कुमार जाटव निवासी ग्राम छेदासिंह पटिट्या थाना जहानगंज को आपबीती बताई, तो वे स्कूल पहुंचे। पिता का आरोप है कि शिकायत करने पर प्रिंसिपल जगदीश वर्मा ने उनके साथ भी मां-बहन की भद्दी गालियां दीं और यह कहकर भगा दिया कि तुझे जो करना है कर ले जाकर। पीड़ित पिता ने उसी दिन थाना कमालगंज में मामले की लिखित तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और कोई कार्रवाई नहीं की। स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली से निराश होकर पीड़ित पिता जितेंद्र कुमार ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# जनपदीय शतरंज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



सम्मानित हुए विद्यार्थी

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज में जनपदीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह एवं खेल भावना के साथ किया गया। प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी शतरंज प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा एवं जिला क्रीड़ा सचिव अतुल दास ने किया।

खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि शतरंज केवल मनोरंजन का खेल नहीं, बल्कि यह एकाग्रता, धैर्य, तर्कशक्ति, निर्णय क्षमता एवं रणनीतिक सोच को विकसित करने वाला महत्वपूर्ण खेल है। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने विभिन्न चरणों में एक-दूसरे को कड़ी चुनौती दी। प्रत्येक मुकाबले में खिलाड़ियों ने अपनी चालों और रणनीति से दर्शकों को प्रभावित किया। निर्णायकों ने निर्धारित नियमों के अनुसार प्रतियोगिता का निष्पक्ष संचालन कराया। प्रवक्ता बृजमोहन एवं पवन शर्मा ने निर्णायक मण्डल के लोगों का बैज लगाकर स्वागत किया। निर्णायक मण्डल में अखिलेश अवस्थी, सतेन्द्र सिंह, अभिनव कुमार दीक्षित, देवाशीष पाठक, संजीव कुमार, केशव गंगवार रहे। प्रतियोगिता के परिणामों में अंडर-14 बालक वर्ग में भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज के कुशाग्र शर्मा ने प्रथम, इसी विद्यालय के आदित्य सक्सेना ने द्वितीय तथा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के विनायक पाण्डेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 बालक वर्ग में भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज के आदित्य मिश्रा प्रथम, कर्नल ब्रह्मानंद इंटर कॉलेज के अरुण द्वितीय तथा भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज के अनमोल तृतीय स्थान पर रहे। अंडर-17 बालिका वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागी का वाणी पांडे सरस्वती विद्या मंदिर, इसी वर्ग में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की रिया वर्मा ने द्वितीय तथा सिटी गर्ल्स इंटर कॉलेज की इकरा खान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों, निर्णायकों, शिक्षकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। निर्णायक मंडल में सत्येंद्र सिंह, अभिषेक अवस्थी, अभिनव दीक्षित, देवाशीष पाठक, संजीव कुमार, केशव गंगवार, रजनीश शिवा, सुनील पाल, मनीष कुमार आदि रहे।

## एनसीसी एलवाई डिग्री कॉलेज के लिए एनसीसी कैडेट्स चयनित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एलवाई डिग्री कॉलेज कायमगंज में 12यूपी बीएन एनसीसी फतेहगढ़ के अंतर्गत एनसीसी बी एवं एनसीसी सी सर्टिफिकेट के लिए कैंडिडेट का सिलेक्शन कमांडिंग ऑफिसर अमरजीत सिंह मालिक के नेतृत्व में किया गया। प्रक्रिया में कैडेट्स का शारीरिक माप (लम्बाई, वजन) एवम् शारीरिक दक्षता दौड़, पुशअप एवं लिखित परीक्षा कराई गई। एनसीसी बी एवं एनसीसी सी सर्टिफिकेट के लिए 17-17 कैडेट्सों का चयन किया गया। एनसीसी केयर टेकर असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 विपिन सिंह ने बताया कि ये चयन प्रक्रिया प्रत्येक वर्ष होने वाली एक रूटीन प्रक्रिया है। ये उन विद्यार्थियों के लिए बेहद लाभकारी है जो देशसेवा में जाना चाहते हैं। देश के लिए कुछ करना चाहते हैं। प्राचार्य प्रो डॉ विनय कुमार सिंह ने कमांडिंग ऑफिसर की टीम का आभार प्रकट किया।

# प्राचीन पांडेश्वरनाथ मंदिर में रामकथा ने पाया विराम



कथाव्यास को स्मृति चिन्ह देते अतिथि

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

प्राचीन पांडेश्वरनाथ मंदिर में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा का विधि-विधान के साथ समापन हुआ। कथा के अंतिम दिन मुख्य यजमान बका सिंह राठौर एवं किरण राठौर रहे। कथा व्यास आचार्य मदन मुरारी मिश्रा ने भगवान श्रीराम के वनवास से अयोध्या लौटने के दिव्य प्रसंग का वर्णन किया। भगवान श्री राम 14 वर्ष का वनवास पूर्ण कर जब भगवान श्रीराम, सीता और लक्ष्मण के साथ पुष्पक विमान से अयोध्या लौटे तो पूरी अयोध्या नगरी दीपों से जगमगा उठी। भरत ने नंदीग्राम में भगवान की चरण पादुकाओं की पूजा कर राज्य का भार संभाला था। भगवान के आगमन पर भरत मिलाप के करुणामय दृश्य ने सभी को भावुक कर दिया। गुरु वशिष्ठ मुनि ने सर्वप्रथम भगवान श्रीराम का राजतिलक किया। देवताओं ने पुष्पवर्षा की, अयोध्या वासियों ने जय श्रीराम के जयघोष से आकाश गुंजा दिया। भगवान राम के राजा बनते ही रामराज्य की स्थापना हुई, जहां सभी सुखी और निरोगी थे। भगवान श्रीराम का राजाभिषेक, पूजन, महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कथा को विराम दिया गया। श्रद्धा रानी संस्थान द्वारा संस्था के अध्यक्ष संजय गर्ग, श्याम जी गर्ग एवं अतिथि सभासद मीरा सिंह, ममता सक्सेना, श्वेता दुबे, अनु शुक्ला, सुदेश दुबे ने कथा व्यास आचार्य मदन मुरारी मिश्रा को स्मृति चिन्ह एवं तुलसी का पौधा भेंट कर सम्मानित किया। अध्यक्ष संजय गर्ग ने प्रतिभा मिश्रा को तुलसी का पौधा भेंट का सम्मानित किया। साथ ही सभी श्रद्धालु भक्तों को भी पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ तुलसी के पौधे भेंट किए गए। इस मौके पर सह आचार्य अखिल पांडे, भगवान स्वरूप दीक्षित सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।

## डीएम के निर्देश पर नोडल अधिकारी ने प्रा.वि. अलीगढ़ का किया निरीक्षण



निरीक्षण करते नोडल अधिकारी

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में 25 अगस्त को विकास खण्ड राजेपुर के प्राथमिक विद्यालय अलीगढ़ का नोडल अधिकारी एडीओ पंचायत अजीत पाठक द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय अध्यापकों की उपस्थिति, बच्चों की उपस्थिति, बच्चों के लिए शौचालय, सफाई, पेयजल, विद्युतीकरण, रोशनी, पंखे, पठन पाठन, शैक्षणिक स्तर आदि व्यवस्थाएं देखी गई। पठन-पाठन का वातावरण ठीक पाया गया। शौचालय, पेयजल, मध्यान भोजन योजना अंतर्गत पका भोजन ठीक पाया गया। सभी बच्चों को वंदे मातरम पूरा राष्ट्रगीत याद है, सुना गया। आंगनबाड़ी केंद्र में विद्युतीकरण नहीं हुआ है पंखे ट्यूब लाइट आदि नहीं लगी है। आंगनबाड़ी केंद्र में वजन मशीन, ब्लैकबोर्ड नहीं पाया गया। परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था आदि का गहनता का निरीक्षण किया और व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए निर्देश दिया गया। वहीं नोडल अधिकारी ने व्यवस्थायें देखकर प्रशंसा जाहिर की। प्रधानाध्यापक संतोष गुप्ता ने निरीक्षण करने आये अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# अधिवक्ता परिषद की बैठक में साइबर क्राइम की दी जानकारी



संबोधित करती अधिवक्ता उमा मिश्रा

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

अधिवक्ता परिषद काशी जनपद इकाई के द्वारा अधिवक्ता संघ सभागार में स्वाध्याय मंडल का आयोजन किया गया। संरक्षक राजेंद्र कुमार त्रिपाठी एवं प्रदेश कार्य समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य भानु प्रकाश मिश्रा, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में कार्यक्रम किया गया। जिसमें साइबर क्राइम के विषय में अधिवक्ता परिषद की उपाध्यक्ष उमा मिश्रा ने प्रकाश डाला एवं मीना चौहान ने साइबर क्राइम की बारीकियां से अवगत कराया।

स्वाध्याय मंडल के प्रमुख अभिषेक मिश्रा ने साइबर क्राइम की विस्तृत जानकारी दी एवं कानून की बारीकी से अवगत कराया। स्वाध्याय मंडल के सहप्रभारी दिवाकर द्विवेदी ने अपने विचार व्यक्त किये।

अभिषेक शर्मा ने साइबर क्राइम के बारीक विषयों को विशेष रूप से अलग-अलग समझते हुए सभा में विचार व्यक्त किया। अजय दुबे, आशुतोष, शरद शुक्ला, मोहित यादव, सूरज प्रताप सिंह, अभिषेक मिश्रा, अमन सिंह, विवेक कुमार, शिवम त्रिपाठी, अमन सिंह, दिनेश द्विवेदी आदि लोग उपस्थित रहे। एवं विचार व्यक्त किया। सचिव हरि प्रकाश मिश्र ने संचालन किया।

## निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर में 59 छात्रों का हुआ परीक्षण

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय कड़हार द्वारा जनपद के अति महत्वाकांक्षी ब्लॉक राजेपुर में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु एक निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्साधिकारी डॉ0 सुरेंद्र सिंह ने कुल उपस्थित 59 छात्रों का विधिवत परीक्षण कर रोग ग्रस्त पाये गए कुल 33 छात्रों को मौके पर ही निःशुल्क होम्योपैथिक उपचार उपलब्ध करवाया। स्वास्थ्य शिविर में ज्यादातर छात्र छात्राएं जुकाम, खांसी, सरदर्द, चक्कर, चर्म रोग एवं दंत रोगों से पीड़ित पाए गए। चिकित्सा अधिकारी ने सभी छात्रों को शिविर के दिन में दो बार सही तरीके से दांत साफकरने की विधि समझाई एवं हाथ साफ करने के वैज्ञानिक तरीके का सजीव प्रदर्शन कर समझाया। साथ ही खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों एवं तंबाकू युक्त दंत मंजनों से परहेज करने की सलाह देते हुए बाढ़ के समय पानी हमेशा उबालकर पीने की एवं साफसफाई रखने की महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस मौके पर प्राध्यापक विजय कुमार एवं अनीश यादव उपस्थित रहे।



मौजूद विजेता कराटे खिलाड़ी

## कराटे टीम ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मेडल प्राप्त कर जिले का नाम किया रोशन

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** वर्ल्ड मॉडर्न शोटोकन फेडरेशन की टीम ने लखनऊ में केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 21 अगस्त से 23 अगस्त को आयोजित हुई प्रतियोगिता मेडल प्राप्त कर अपने जिले का नाम रोशन किया। मेडल प्राप्त करने वाले छात्रों में अर्पिता भारद्वाज गोल्ड मेडल, तनिष्का दीक्षित गोल्ड मेडल, आदित्य चतुर्वेदी गोल्ड मेडल व उमंग तिवारी सिल्वर मेडल, अभ्या मिश्रा सिल्वर मेडल, आरव रस्तोगी ब्रॉउन मेडल, आरव राठौर ब्रॉउन मेडल, श्रुति राठौर ब्रॉउन मेडल, शेरेस्ट वर्मा ब्रॉउन मेडल, आदित्य पाल ब्रॉउन मेडल, नैतिक यादव ब्रॉउन मेडल, आर्या दुबे ब्रॉउन मेडल, करिन ब्रॉउन मेडल, पाखी सक्सेना ब्रॉउन मेडल प्राप्त किया। टीम के कोच सेंसई पुष्कर भारद्वाज रहे। टीम के मुख्य प्रशिक्षक पारस भारद्वाज व आरती भारद्वाज ने कहा किसी भी टीचर के लिए वो पल बहुत ही उत्साह बढ़ाने वाले होते हैं, जब बच्चे किसी मुकाम पर पहुंचते हैं, इसलिए बच्चों को शुभकामनायें दी। संस्था की संरक्षक मिथलेश अग्रवाल ने बच्चों को आशीर्वाद दिया।

# खबरें एक नजर में

## सचिव प्राधिकरण ने आठ बीघे में अवैध प्लाटिंग को कराया ध्वस्त



**उन्नाव।** उन्नाव शुक्ला गंज विकास प्राधिकरण के सचिव नगर मजिस्ट्रेट मनोज कुमार सिंह, द्वाराउन्नाव-शुक्लागंज विकास प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत बिना मानचित्र स्वीकृत कराये अनाधिकृत रूप से की जा रही अवैध प्लाटिंगध्अवैध निर्माण को ध्वस्त कराने की कार्यवाही की गई। ध्वस्तीकरण कार्यवाही के अन्तर्गत गंगा विहार कालोनी आटा बंथर कड़ेर पतारी आजाद मार्ग में 08 बीघे में बिना ले आउट पास कराए की गई अवैध प्लाटिंग को जेसीबी चलाकर ध्वस्त किया गया है। सचिव प्राधिकरण ने कहा कि किसी भी स्थिति में उन्नाव शुक्लागंज विकास प्राधिकरण में बिना मानचित्र स्वीकृत कराए अवैध निर्माण प्लाटिंग करने वालों को बख्सा नहीं जाएगा कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कहा यह अभियान रेगुलर चलता रहेगा ऐसे कार्य में संलिप्त माफ़ियाओं चिन्हित कर प्राथमिकता के साथ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ध्वस्तीकरण का कार्य सचिव उन्नाव शुक्लागंज विकास प्राधिकरण मनोज कुमार सिंह जे ई कमल दीप प्राधिकरण की टीम व पुलिस द्वारा कराया गया है।

## छात्राओं ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उन्नाव को बांधी राखी

**उन्नाव।** रक्षाबंधन पर्व के पावन अवसर पर आज प्राथमिक विद्यालय कटरी पीपरखेड़ा की छात्राओं द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, उन्नाव पहुंचकर श्री जय प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उन्नाव को राखी बांधकर भाई-बहन के पवित्र एवं स्नेहपूर्ण रिश्ते का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा पुलिस अधिकारियों के प्रति सम्मान एवं आत्मीयता व्यक्त करते हुए रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने भी छात्राओं को रक्षाबंधन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य, सफलता एवं सुख-समृद्धि की कामना की।

## दो वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**थाना सोहरामऊ, जनपद उन्नाव।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सोहरामऊ पुलिस द्वारा दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। आज दिनांक 25.08.2026 को प्रभारी निरीक्षक अरविन्द पाण्डेय मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्तगण 1. कल्लू पुत्र नूरहसन निवासी ग्राम सहरावां थाना सोहरामऊ जनपद उन्नाव उम्र करीब 57 वर्ष संबंधित धारा- 138(1) ईसी एक्ट थाना सोहरामऊ जनपद उन्नाव ,कृष्ण कुमार पुत्र स्व0 सुखलाल निवासी ग्राम भूडनखेडा मजरा महनौरा उम्र करीब 31 वर्ष सम्बन्धित वाद संख्या भादवि को गिरफ्तारी कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## नगर निगम प्रकरण में कार्रवाई, छह मुकदमें दर्ज

**कानपुर।** नगर निगम में अवैध वसूली, डराने-धमकाने और ठेकों में अनियमितता के मामले में अब तक कुल 6 अभियोग दर्ज किए जा चुके हैं। मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि आरोपी गोविंद शर्मा फरार है। उसकी लोकेशन राजस्थान में मिलने की जानकारी के बाद जल्द गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। जांच में ठेकों को प्रभावित करने, ठेकेदारों पर दबाव बनाने और अवैध वसूली के तथ्य सामने आए हैं। इसके बाद नगर निगम की पुरानी ठेका प्रक्रिया समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। अब लंबित और आगामी कार्यों के लिए ऑनलाइन ई-टेंडरिंग प्रक्रिया अपनाई जाएगी। करीब 100 करोड़ रुपये के टेंडर निरस्त कर दिए गए हैं और शीघ्र ही उनकी री-टेंडरिंग की कार्रवाई शुरू की जाएगी। मामले में संबंधित फर्मों, बैंक खातों और वित्तीय लेन-देन की भी गहन जांच चल रही है। अब तक लगभग 7 फर्मों को ब्लैकलिस्ट किया गया है। साथ ही इस पूरे प्रकरण में अधिकारियों की संभावित संलिप्तता की भी जांच की जाएगी।

# एम्बिशन पब्लिक स्कूल में हुई राखी प्रतियोगिता



**छात्राओं ने हाथों पर मनमोहक मेहंदी डिजाइनों को उकेरा**

समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।

शान्तिनगर स्थित एम्बिशन पब्लिक स्कूल में राखी मेकिंग एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। विद्यार्थियों में रचनात्मकता, कला-कौशल एवं भारतीय संस्कृति के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से एम्बिशन पब्लिक स्कूल में राखी मेकिंग एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। राखी मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगी राखियों को आकर्षक एवं रचनात्मक ढंग से तैयार किया। वहीं मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन करते हुए हाथों पर मनमोहक मेहंदी डिजाइनों को उकेरा। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह और उमंग देखने को मिली। विद्यालय के प्रबंधक दिलशाद अहमद व प्रधानाचार्य आरती सोनी ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उन्हें हमारी समृद्ध भारतीय परंपराओं एवं संस्कारों से जोड़ती हैं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया तथा सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकायें में पूजा सोनी, शगुफ्ता परवीन, समाना ज़हरा, जैस्मिन बेगम, श्रेया यादव, अनामिका विश्वकर्मा, हिना परवीन, नूर शिफा, पूजा गौतम व सय्यद अदनान आदि समस्त स्टाफ उपस्थित उपस्थित रहा।

# साईं सिटी, मां सरस्वती ज्ञान मंदिर में मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित



समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।

साईं सिटी इंटर कॉलेज/मां सरस्वती ज्ञान मंदिर साईं विहार जयराम नगर में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय की निदेशक रेखा सिंह गौर की देखरेख में किया गया। जिसमें प्राइमरी, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रथम स्थान सुहानी, अंजना, सुचेता व द्वितीय स्थान ईशानी,श्रेया, महिमा तथा तृतीय स्थान दिव्यांशी, आकांक्षा, शुभी ने प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को प्रबंधक पवन सिंह गौर ने सांत्वना पुरस्कार देते हुए कहा कि हमें जीवन में होने वाली सभी प्रतियोगिताओं में शामिल होना चाहिए जिससे उनमें निखार लाया जा सके। इस मौके पर प्रधानाचार्य अरविंद पटेल, संजय सिंह, चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव, रेखा श्रीवास्तव, जयश्री, प्रतिभा, पूजा, प्रिन्सी, संजना, दुर्गेश, रागिनी, शिवानी आदि लोग उपस्थित रहे।

**सूचना**

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरे पिता का नाम भूलवश सुमन बाबू अंकित हो गया है, जबकि मेरे अन्य दस्तावेजों में पिता का नाम सुमन बाबू त्रिपाठी दर्ज है, जो सही है। यह दोनों नाम मेरे पिता के ही है। मेरे डीएल में मेरे पिता का सही नाम सुमन बाबू त्रिपाठी दर्ज किया जाये। **राजेश त्रिपाठी पुत्र सुमन बाबू त्रिपाठी निवासी दहेलिया, फर्रुखाबाद।**

# दबंगों ने किया युवक पर हमला आंख फोड़ने का लगा आरोप

समृद्धि न्यूज,कानपुर।



ग्वालटोली थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ मारपीट कर धारदार हथियार से उसकी आंख पर गंभीर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घायल युवक की पहचान मो. तौहीद के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, घटना के बाद तौहीद को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। बताया जा रहा है कि तौहीद क्षेत्र में बिक रही बड़े की बिरयानी में कथित रूप से गाय का मांस मिलाए जाने का विरोध करता था। इसी विवाद को लेकर समाजवादी पार्टी से जुड़े मो. उस्मान पर कई बार जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। परिजनों के मुताबिक, घर के सामने मरा हुआ कुत्ता पड़े मिलने के बाद विवाद की शुरुआत हुई। आरोप है कि इसके बाद तौहीद के साथ बेरहमी से मारपीट की गई और धारदार हथियार से उसकी आंख पर हमला किया गया। मामला ग्वालटोली थाने से महज करीब 200 मीटर की दूरी का बताया जा रहा है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस अधिकारियों से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष जांच और सुरक्षा की मांग की है।

## दो पशुओं की मौत पर बीडीओ ने मांगा जवाब

**उन्नाव।** गोवंश मरणासन्न हालत में मिलने से आसपास के गाँवों में सनसनी फैल गई । गौवंशो की हालत इतनी दयनीय थी कि इलाज के दौरान दो पशुओं की मौत हो गई । घटना के बाद ग्राम प्रधान ने आनन फानन में अपना बचाव करने के लिए सोशल मीडिया पर बयान देते हुए वीडियो वायरल कर दिया इस घटना से क्षेत्र में चर्चाओं का दौर बना हुआ है। ज्ञात हो मंगलवार की सुबह क्षेत्र के ग्राम सिंघूपुर बेरिया गाड़ा से शहबाजपुर जाने वाले मार्ग किनारे गहरी खाई में चार गोवंश पड़े हुए देखे गए । ग्रामीणों के अनुसार गौवंशों की हालत इतनी दयनीय थी कि वह ठीक से खड़े तक नहीं हो पा रहे थे । इस मामले का वीडियो बनाकर किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया । जिसके बाद मौके पर पहुंचकर पशु चिकित्सकों द्वारा इलाज शुरू किया गया। लेकिन एक गोवंश की मौत हो गई।

**कार्यालय नगर पंचायत कम्पिल, जनपद-फर्रुखाबाद।**

पत्रांकः 1065/न0पं0 कम्पिल/रा0वि0-न0नि0/ ई0नि0सू0/2026-27 दिनांक 25/08/ 2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत कम्पिल, फर्रुखाबाद को राज्य वित्त आयोग/नगर निधि के अन्तर्गत निम्नलिखित डिवाइडर विकास कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके लिए ई-निविदा नगर पंचायत कम्पिल में वित्तीय वर्ष 2026-27 में समस्त ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं हेतु ई टेण्डर की वेबसाइट www.etender.up.nic.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। बिना किसी कारण बताए किसी भी निविदा/समस्त निविदाओं को अस्वीकृत करने का कार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा डाउनलोड एवं अपलोड करने का विवरण निम्न प्रकार है-

विस्तृत शर्तें विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| E-Bid Referance | /न0पं0 कम्पिल/2026-27 |
|---|---|
| Publish Date And Time For E-Bids | 27.08.2026 10:00 A.M. |
| Start Date And Time For E-Bids | 27.08.2026 10:00 A.M. |
| Last Date & Time For Submission of E-Bids | 05.09.2026 03:00 P.M. |
| Date And Time of Opening E-Bids | 05.09.2026 04:00 P.M. |
| Palace Of Opening of E-Bids | Bid Opening Online at Executive Officer Office, Nagar Panchayat Kampil, Farrukhabad. |

(अवनीश कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कम्पिल, फर्रु0

(राजवती यादव)
अध्यक्षा
नगर पंचायत कम्पिल, फर्रु0

# अभियान के तहत हुआ सुन्दर काण्ड का पाठ



समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।

महर्षि विश्व शान्ति आन्दोलन के तत्वावधान में महर्षि विद्या मन्दिर विद्यालय परिसर में संगीतमय सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य लोककल्याण की भावना जन-जन में विकसित हो जिससे आनन्द, उत्साह और समृद्धि सम्पूर्ण वातावरण में दृश्यमान हो और सामाजिक और राष्ट्रीय जीवन में सतोगुणी चेतना विकसित हो। आज इस वैज्ञानिक युग में भौतिक विकास तो सर्वत्र दिख रहा है किन्तु आध्यात्मिक विकास का क्षरण हो रहा है। श्री रामचरित मानस हमें अपने दैनिक जीवन में कर्तव्यों को सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुये स्वान्तः सुखाय का पाठ पढ़ाता है। इससे भय, निराशा, नकारात्मकता दूर होती है और हम अपनी सेवा निष्ठा और समर्पण से सभी बाधाओं को पार कर जाते है। इसके नियमित पाठ से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। महर्षि विद्या मन्दिर विद्यालय समूह के अध्यक्ष वेद विद्या मार्तण्ड ब्रम्हचारी गिरीश के जन्मोत्सव पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने कहाकि परमपूज्य महर्षि जी के पद चिन्हों का अनुकरण करते हुये ब्रम्हचारी जी इस अभियान को निरन्तर आगे बढ़ा रहे हैं। सैकड़ों की संख्या में शिक्षक, शिक्षिकाए व श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने ब्रह्मचारी गिरीश जी के सुखद दीर्घायु मंगलमय जीवन की कामना की कार्यक्रम के अन्त में आरती और प्रसाद वितरण हुआ जिसका सभी लोगो ने आनन्द उठाया।

## सीने में दर्द, सांस फूले तो तत्काल लें चिकित्सकीय सलाह



**समृद्धि न्यूज, भरावन, हरदोई।** रक्षाबंधन का त्योहार भाई-बहन के प्रेम और मिठास का पर्व है। इस अवसर पर घरों में तरह-तरह की मिठाइयां आती हैं और लोग एक-दूसरे का मुंह मीठा कराते हैं। हालांकि, मिठाइयों में अधिक मात्रा में चीनी, घी और वसा होने के कारण हृदय रोग, मधुमेह और उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। कंसल्टेंट इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. राहुल यादव ने बताया कि त्योहार के दौरान मिठाई का सेवन पूरी तरह बंद करने की जरूरत नहीं है, लेकिन मात्रा का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। अत्यधिक मीठा और तला-भुना भोजन शरीर में शुगर और कैलोरी की मात्रा बढ़ा सकता है, जो लंबे समय में हृदय स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है।उन्होंने सलाह दी कि रक्षाबंधन पर मिठाई खाते समय कम मात्रा में सेवन करें और संभव हो तो ताजी एवं कम चीनी वाली मिठाइयों को प्राथमिकता दें। हृदय रोगी, मधुमेह और उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोग डॉक्टर द्वारा बताई गई डाइट और दवाओं का नियमित रूप से पालन करें।डॉ. राहुल यादव ने कहा कि त्योहार के उत्साह में लोग अक्सर भोजन की मात्रा और समय का ध्यान नहीं रखते। ऐसे में भारी भोजन, अधिक मिठाई और शारीरिक गतिविधि की कमी से परेशानी बढ़ सकती है। पर्याप्त पानी पीना, संतुलित भोजन लेना और भोजन के बाद हल्की सैर करना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हो सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि रक्षाबंधन पर मिठाई के साथ-साथ सेहत की मिठास का भी ध्यान रखें। यदि किसी व्यक्ति को सीने में दर्द या भारीपन, सांस फूलना, अत्यधिक पसीना, चक्कर या असामान्य धड़कन जैसी शिकायत हो तो इसे सामान्य न समझें और तत्काल चिकित्सकीय सलाह लें।

**कार्यालय-नगर पंचायत-खिमसेपुर, जनपद-फर्रुखाबाद।**

पत्रांक 309/न0पं0खिम0/ई0नि0सू0/2026-27 दिनांकः- 25/08/2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत खिमसेपुर जनपद फर्रुखाबाद को वित्तीय वर्ष 2026-27 में **'पं0 दीन दयाल उपाध्याय नगर विकास योजना अनुदान संख्या.37'** के अन्तर्गत शासनादेश संख्या-265/2026/आर0एफ0-1557/नौ-9-2026/001-ई-2076208, नगर विकास अनुभाग-9 लखनऊ दिनांक 19 अगस्त, 2026 द्वारा अवस्थापना सुविधाओं के विकास से संबंधित विभिन्न निम्न कार्यों को कराने की स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिसके लिए ई-निविदा नगर पंचायत खिमसेपुर जनपद फर्रुखाबाद में वर्ष 2026-27 में समस्त ठेकेदारों/फर्मों/सप्लायर्स से ई-टेण्डर की वेबसाइट www.etender.up.nic.in के माध्यम से **दिनांक 27/08/2026 समय प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 16/09/2026 को समय अपरान्ह 12:00 बजे तक** आमंत्रित की जाती हैं। टेण्डर मूल्य नगर पंचायत खिमसेपुर द्वारा संचालित खाता संख्या-SB041810210000036, IFS Code-BKID0ARYAGB आर्यावर्त बैंक खिमसेपुर में आर.टी.जी.एस./डी.डी. द्वारा जमाकर निविदा के साथ अपलोड करेंगें एवं निविदा की जमानत धनराशि एफ.डी.आर./एम.एस.सी.05 के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत खिमसेपुर के पक्ष में बन्धक बनाकर अन्य आवश्यक अभिलेखों के साथ संलग्न कर निविदा के साथ अपलोड करने के पश्चात मूल अभिलेखों को लिफाफे में बन्द कर **दिनांक 16/09/2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक** कार्यालय नगर पंचायत खिमसेपुर जनपद फर्रुखाबाद के कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में डाला जाना अनिवार्य हैं। ऑनलाईन निविदा **दिनांक 16/09/2026 को समय अपरान्ह 04:00 बजे** समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष www.etender.up.nic.in पर कार्यालय नगर पंचायत खिमसेपुर में खोली जाएगी। किसी भी निविदा को स्वीकृति/अस्वीकृति करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी महोदय/अध्यक्ष महोदय नगर पंचायत खिमसेपुर में निहित है। विस्तृत शर्तें, विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| E-Bid Referance | 309/न0पं0खिम0/2026-27 |
|---|---|
| Publish and Start Date And Time For E-Bids | 27.08.2026 10:00 A.M. |
| Last Date Time For Submission of E-Bids | 16.09.2026 12:00 P.M. |
| Date And Time of Opening E-Bids | 16.09.2026 04:00 P.M. |
| Palace Of Opening of E-Bids | Executive Officer Nagar Panchayat Khimsepur, Frukhabad |

(प्रवीण कुमार सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत खिमसेपुर
जनपद- फर्रुखाबाद

(पुष्पराज सिंह)
अध्यक्ष
नगर पंचायत खिमसेपुर
जनपद- फर्रुखाबाद

# डिप्टी सीवीओ ने शिक्षार्थियों का किया मार्गदर्शन

समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।



जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा विद्यालयों में जाकर छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनके भविष्य एवं कैरियर के बारे में संवाद किया जा रहा है। इस क्रम में डिप्टी सीवीओ डॉ विनोद कुमार विश्वकर्मा ने घुघली स्थित डी ए वी नारंग इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं से आपका भविष्य एवं आपका कैरियर विषय पर संवाद किया। इस दौरान कुछ छात्र/ छात्राओं ने कुछ विषय की जानकारी चाही। जिसके बारे मे डॉक्टर विश्वकर्मा द्वारा मार्गदर्शन किया गया। संवाद के दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं को बताया कि वह अपनी रुचि क्षमता और उसे क्षेत्र में स्कोप को ध्यान में रखते हुए कठिन परिश्रम करें तथा अपने सिलेबस तैयार करें। और गुरुजनों के द्वारा दी गई नई-नई शिक्षागत जानकारी को सीखें। और अपने रुची के अनुसार अपना लक्ष्य निर्धारित करें। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए किस प्रकार से तैयारी की जानी चाहिए इसके बारे में डॉक्टर विश्वकर्मा ने छात्रों का मार्गदर्शन किया।

## उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग का जनपद भ्रमण आज

**महाराजगंज।** जसवंत सिंह उर्फ अतुल सिंह उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग 26 अगस्त 2026 को जनपद में आ रहे हैं। जो विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगे। मिली जानकारी के अनुसार श्री सिंह पूर्वांनह 10 बजे कलेक्ट्रेट सभागार जनपद महाराजगंज में रक्षाबंधन पर्व पर परिवहन विभाग द्वारा निःशुल्क सेवा कार्यक्रम में वातौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होंगे। तदोपरांत जनपद की गौशालाओं का निरीक्षण करेंगे। उक्त जानकारी नोडल अधिकारी उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग लखनऊ ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

# बालिकाओं ने डीएम को राखी बांध आत्मीयता जतायी

समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।



रक्षाबंधन के पावन पर्व से पूर्व जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आईं बालिकाओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल को राखी बांधी और मिठाई खिलाकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। इस आत्मीय अवसर पर डीएम ने सभी बहनों का स्नेहपूर्वक स्वागत किया और उन्हें आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल एवं सुखद भविष्य की कामना की। जिलाधिकारी ने बच्चियों और युवतियों से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी शिक्षा, रुचियों तथा भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने उनकी पढ़ाई और कैरियर को लेकर चर्चा करते हुए कहा कि जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने सभी को बेहतर शिक्षा प्राप्त करने तथा अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। और उन्होंने कहा कि जनपद की बेटियां और बहनें परिवार एवं समाज की महत्वपूर्ण शक्ति हैं। उनकी सुरक्षा, शिक्षा और प्रगति प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने बच्चियों से कहा कि उन्हें किसी भी प्रकार की सहायता या समस्या हो तो वे बेहिचक उनसे संपर्क कर सकती हैं। जिला प्रशासन उनकी हरसंभव मदद के लिए सदैव तत्पर रहेगा। रक्षाबंधन के इस भावनात्मक अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी बहनों को राखी का शगुन भी प्रदान किया। शगुन पाकर बच्चियां और युवतियां बेहद खुश और भावुक थीं। उन्होंने डीएम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस आत्मीय मुलाकात को अपने लिए यादगार बताया।

## खबरें एक नजर में

### मानसिक प्रताड़ना से मृत्यु के मामले में एक गिरफ्तार

**महाराजगंज।** पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन मे थाना सिन्दुरिया पुलिस द्वारा मानसिक प्रताड़ना के कारण हुई मृत्यु से संबंधित मुकदमे में नामित अभियुक्त को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई हेतु माननीय न्यायालय रवाना किया। बीते 24 अगस्त 2026 को आवेदिका श्रीमती कुसुम देवी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मामला संज्ञान में आया कि उनके पति रामआसरे के साथ गांव के रिजवान, अली मोहम्मद व मोहम्मद रजा द्वारा कहासुनी के बाद फोन पर गाली–गलौज, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग व मानसिक उत्पीड़न किया गया, जिससे क्षुब्ध होकर रामआसरे ने आत्महत्या कर ली। प्रकरण में थाना सिन्दुरिया पर मु0अ0सं0 173/2026 धारा 105, 351(3), 352 BNS व 3(1)(ध), 3(2)(1) SC/ST Act पंजीकृत कर क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा विवेचना की जा रही थी। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम मे अभियुक्त अली मोहम्मद उपरोक्त को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम मे उनि मनोज कुमार यादव हे.का. रविप्रकाश व हे.का. दीपक यादव शामिल रहे।

### 45 लीटर नेपाली शराब के साथ 2 गिरफ्तार

**महाराजगंज।** पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में जनपद में अपराधों की रोकथाम एवं अवैध तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना ठूठीबारी पुलिस को नेपाली शराब के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 25 अगस्त 2026 को उपनिरीक्षक मनीष कुमार तिवारी मय पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमण, संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग एवं तस्करी की रोकथाम हेतु मामूर थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर लक्ष्मीपुर खुर्द नाका पर करीब 00-15 बजे दो व्यक्तियों को दो बोरों में किस–मिक्स सौंफ ब्रांड की नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 05 पेटी में कुल 150 शीशी नेपाली शराब, प्रत्येक शीशी 300 एमएल, कुल 45 लीटर बरामद हुई। बरामदगी के आधार पर थाना ठूठीबारी पर धारा 60/63 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ में अभियुक्त राजू नट, पुत्र वोदानट, ग्राम मधौली कला, थाना निचलौल, जनपद महराजगंज, उम्र करीब 28 वर्ष व अशोक यादव, पुत्र जनार्दन यादव, ग्राम डिगही, थाना ठूठीबारी, जनपद महराजगंज, उम्र करीब 27 वर्ष ज्ञात हुआ है।

### सौरभ साहल की तलाश, सूचना देने वाले को 50 हजार का इनाम



**सहजनवां, गोरखपुर।** सौरभ साहल (32 वर्ष) की तलाश को लेकर परिजनों की ओर से सूचना देने वाले को 50 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की गई है। मिली जानकारी के अनुसार सौरभ साहल पुत्र श्याम सुंदर साहल, निवासी ग्राम कैशोपुर, जिला गोरखपुर हैं। परिजनों द्वारा पोस्टर जारी कर उनकी पहचान संबंधी जानकारी साझा की है। परिजनों ने अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को सौरभ के बारे में कोई जानकारी मिलती है तो तत्काल दिए गए संपर्क नंबरों पर सूचना दें। सूचना देने के लिए उनकी बहन स्नेहा शर्मा के मोबाइल नम्बर तथा पिता श्याम सुंदर साहल के मोबाइल नंबर पर संपर्क करने की अपील की गई है। पोस्टर में स्पष्ट किया गया है कि सौरभ की तलाश में मदद करने वाले अथवा सही जानकारी देने वाले व्यक्ति को 50,000 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। परिजनों ने लोगों से पोस्टर को अधिक से अधिक साझा करने की भी अपील की है, ताकि सौरभ के संबंध में जल्द से जल्द कोई जानकारी मिल सके। वहीं पुलिस द्वारा लापता सौरभ की तलाश की जा रही है।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।

**बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम व यातायात व्यवस्था को प्रभावी बनाने पर जोर**

जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, ब्लैक स्पॉट के सुधार, यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने तथा सड़क सुरक्षा के उपायों को प्रभावी ढंग से लागू किए जाने के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में ट्रैफिक इंस्पेक्टर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद के कुछ स्थानों पर सड़क सुरक्षा की दृष्टि से स्पीड ब्रेकर की आवश्यकता है तथा ऐसे स्थानों की सूची तैयार की गई है। इस पर जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मार्गों की स्थिति एवं आवश्यकतानुसार निर्धारित स्पीड लिमिट की सूचना पुलिस विभाग को उपलब्ध कराई जाए, ताकि निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई प्रभावी एवं त्वरित ढंग से की जा सके। जिलाधिकारी ने ट्रैफिक इंस्पेक्टर एवं एआरटीओ को निर्देश दिया कि जनपद के सभी ब्लैक स्पॉट का संयुक्त रूप से निरीक्षण करते हुए जहां सड़क सुरक्षा की दृष्टि से सुधारात्मक कार्य आवश्यक हों, उनका चिन्हांकन किया जाए तथा की गई कार्रवाई एवं प्रस्तावित सुधार कार्यों की प्रगति से अगली बैठक में अवगत कराया जाए। अपर पुलिस अधीक्षक ने ट्रैफिक इंस्पेक्टर को निर्देशित किया कि सड़क दुर्घटनाओं की दैनिक प्रगति एवं कार्रवाई की निगरानी के लिए एक निर्धारित प्रोफार्मा एवं गूगल शीट तैयार कर सभी थानों को उपलब्ध कराई जाए, ताकि दुर्घटनाओं एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्रवाई की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो सके।उन्होंने विशेष रूप से ऐसे स्थानों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए, जहां सड़क किनारे खड़े ट्रकों अथवा अन्य भारी वाहनों से टकराने के कारण दुर्घटनाएं होती हैं। ऐसे मामलों में दुर्घटना के वास्तविक कारणों का स्थलीय निरीक्षण कर संयुक्त टीम द्वारा जांच किए जाने तथा आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि सड़क सुरक्षा से संबंधित सीसीटीवी/संबंधित टीम के व्हाट्सऐप ग्रुप में एनएचएआई के अधिकारियों को भी जोड़ा जाए, ताकि राष्ट्रीय राजमार्गों पर होने वाली दुर्घटनाओं की सूचना एवं आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई तत्काल सुनिश्चित की जा सके। चिकित्सा विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सड़क सुरक्षा की दृष्टि से प्रत्येक माह आई कैंप आयोजित कराया जाए, ताकि वाहन चालकों के दृष्टि परीक्षण सहित आवश्यक स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित की जा सके। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने एनएचएआई के अधिकारियों को पटहेरवा क्षेत्र में निर्माणाधीन सड़क संबंधी कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने तथा निर्माण कार्यों के दौरान सड़क सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें तथा चिन्हित कमियों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता मुकेश वर्मा, वरिष्ठ सहायक अमन सिन्हा, ट्रैफिक इंस्पेक्टर, एआरटीओ दिलीप कुमार, एनएचएआई के साइट इंजीनियर, एनएच पीडब्ल्यूडी गोरखपुर के अवधेश गुप्ता, शिक्षा विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सैनिक बंधु की बैठक संपन्न

**पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों की समस्याओं का हो निस्तारण: एडीएम**

समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।

जिला मुख्यालय स्थित जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा की अध्यक्षता मे सैनिक बंधु की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के प्रारम्भ में अपर जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों का अभिनन्दन किया गया तथा पिछली बैठकों में प्राप्त प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके उपरान्त बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई, जिसमें कुल 25 पूर्व सैनिक एवं विधवाएं उपस्थित रहीं।

बैठक में पूर्व सैनिकों द्वारा 7 तथा सेवारत सैनिक द्वारा 2 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए। प्राप्त प्रार्थना पत्रों में न्यायालय में लंबित विवाद, भूमि की पैमाइश, चकरोड निर्माण, शस्त्र लाइसेंस तथा सैनिक परिवार की सुरक्षा, प्रोटेक्शन से संबंधित समस्याएं शामिल थीं। अपर जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। बैठक में जितेन्द्र टण्डन एसएचओ अहिरौली बाजार, सूबेदार संतोष पोद्दार, एनसीसी बटालियन पडरौना सहित पूर्व सैनिक कैप्टन लाल बहादुर त्रिपाठी, कैप्टन शमसुद्दीन अंसारी, कैप्टन दयाशंकर पाण्डेय, हवलदार शारदा प्रसाद तथा अन्य पूर्व सैनिक एवं विधवाएं सहित जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के प्रभाकर नाथ तिवारी, कनिष्ठ सहायक, राजेश कुमार गुप्त, धर्मशीला, जालंधर प्रसाद एवं कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कासिमाबाद पुलिस ने अवैध असलहे संग दो वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**गाजीपुर।** अपराधियों/वांछित अभियुक्तो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत कासिमाबाद थाना पुलिस द्वारा वांछित दो अभियुक्तों को अवैध असलहा मय कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफल रही।

प्रभारी निरीक्षक कासिमाबाद राजेश कुमार त्रिपाठी व उपनिरीक्षक पुष्पेश चन्द्र दुबे मय टीम द्वारा नसरतपुर/नसरुद्दीनपुर थाना बरेसर के बार्डर से संदिग्ध वाहन/संदिग्ध व्यक्ति की चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों की जामा तालाशी में दोनों के पास से अवैध तमंचा मय कारतूस बरामद किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में आजाद राजभर उर्फ गुड्डू पुत्र राजकुमार राजभर निवासी ग्राम दुबियां थाना करीमुद्दीनपुर जनपद गाजीपुर तथा रोहित राय उर्फ आदित्य राय पुत्र लवकुश राय निवासी ग्राम असावर थाना करीमुद्दीनपुर जनपद गाजीपुर रहे। दोनों शातिर अपराधी हैं। आजाद राजभर उर्फ गुड्डू पर चौदह तथा रोहित राय उर्फ आदित्य राय पर आठ अपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए उन्हें न्यायालय के सुपुर्द किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी मय हमराह थाना कासिमाबाद तथा चौकी प्रभारी बहादुरगंज उपनिरीक्षक पुष्पेश चन्द्र दुबे मय हमराह शामिल रहे।

# एनएच 28 पर भीषण सड़क हादसा, तेज रफ्तार लग्जरी कार ने छात्राओं को कुचला, दो की दर्दनाक मौत

समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।

**हादसे में एक की हालत गंभीर**

जनपद के तमकुहीराज थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-28 पर मंगलवार को एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया। थाना क्षेत्र के माधोपुर कट के पास तेज रफ्तार लग्जरी कार ने स्कूटी सवार तीन छात्राओं को रौंद दिया। हादसे में दो छात्राओं की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल छात्रा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) तमकुहीराज में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार तीनों छात्राएं विद्यावती देवी महाविद्यालय, झरही से पढ़ाई कर स्कूटी से अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार लग्जरी कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद घटना स्थल पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जुट गए। प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि घटना के करीब एक घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची, जिससे लोगों में भारी नाराजगी रही। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद कार चालक फरार होने की कोशिश कर रहा था, लेकिन स्थानीय लोगों ने पीछा कर पटहेरवा थाना क्षेत्र के डुमरभार स्थित शाही पेट्रोल पंप के पास कार को पकड़ लिया। मौके से दो लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया, जबकि कुछ अन्य लोग भाग निकले। कार से पीले वस्त्र, शराब की खाली बोतलें और बीयर का खाली गत्ता बरामद हुआ है। वाहन पर पुलिस का लोगो भी पेंट किया गया था। मौजूद लोगों का दावा है कि कार सवारों के पास हथियार भी थे, हालांकि पुलिस ने इस संबंध में अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। भागने के दौरान लग्जरी कार ने एक अन्य बाइक सवार युवक कमलेश यादव (22 वर्ष), निवासी उदयपुरा, जिला सीकर (राजस्थान) को भी टक्कर मार दी। टक्कर से कार का अगला बायां पहिया ब्लास्ट हो गया, फिर भी चालक तेज गति से वाहन भगाता रहा। हादसे में कमलेश यादव भी घायल हो गया है। इस दर्दनाक दुर्घटना में निशा गिरी पुत्री ओमप्रकाश गिरी तथा अनामिका ठाकुर पुत्री हरेंद्र ठाकुर, निवासी सुखदेव पट्टी, थाना गोपालपुर, जिला गोपालगंज (बिहार) की मौत हो गई। वहीं आलिसा खातून गंभीर रूप से घायल हैं और उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद मृतक छात्राओं के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घायल छात्रा को बेहतर इलाज के लिए विद्यावती देवी महाविद्यालय के प्रबंधक बबलू राय ने निजी एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजवाया।

# डग्गामार स्कूली वाहनों पर होगी कड़ी कार्रवाई, विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोपरि: डीएम

समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।




जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में जिला विद्यालय ज्ञान समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जनपद में छात्र-छात्राओं की सुरक्षित परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विद्यालय स्तर पर परिवहन समिति का गठन करते हुए नियमित बैठक आयोजित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, विद्यालयों से समन्वय स्थापित करने हेतु कंट्रोल रूम की स्थापना भी सुनिश्चित की जाएगी। विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया गया है कि विद्यालय में संचालित सभी वाहनों के फिटनेस प्रमाण-पत्र, परमिट एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों की जांच अनिवार्य रूप से कराई जाए। साथ ही, वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस एवं पुलिस सत्यापन सहित अन्य आवश्यक अभिलेखों की जांच सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि वाहन चालकों को ड्राइविंग संबंधी बेसिक गाइडलाइन की जानकारी अवश्य होनी चाहिए, बस में फर्स्ट एड बॉक्स, सीपीआर विधि की जानकारी, पेयजल की व्यवस्था रहे। इस संबंध में उन्हें ट्रेनिंग दी जाए तथा स्कूलों से इस संबंध में प्रमाण पत्र भी लिया जाए। राजमार्गों पर स्थित विद्यालयों के पास ब्लिंक इंडिकेटर भी लगाई जाए। विद्यालयों को यह भी निर्देशित किया गया है कि निर्धारित सुरक्षा मानकों को पूरा न करने वाले किसी भी वाहन का संचालन छात्र-छात्राओं के परिवहन में न किया जाए। वाहनों की नियमित जांच एवं परिवहन व्यवस्था की निगरानी करते हुए किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। परिवहन व्यवस्था से संबंधित सूचनाओं एवं समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए विद्यालय प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों के मध्य निरंतर समन्वय स्थापित किया जाएगा। छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, अतः इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इस अवसर पर संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बरेसर पुलिस ने किया हत्याकांड का खुलासा चार अभियुक्त गिरफ्तार, आला कत्ल बरामद

समृद्धि न्यूज़, गाज़ीपुर।



जनपद के थाना बरेसर, गाजीपुर पुलिस द्वारा हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में संलिप्त 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है आला कत्ल बरामद किया गया है। अवगत कराना है कि दिनांक 21.08.2026 को अभियुक्तगण द्वारा थाना बरेसर क्षेत्रांतर्गत वादी श्री रविन्द्र राजभर पुत्र बुझावन राजभर निवासी ग्राम सिपाह थाना बरेसर के पुत्र प्रमोद राजभर (मृतक) उम्र लगभग 26 वर्ष की हत्या कर देने के सम्बंध में थाना बरेसर पर मुअसं 169/2026 धारा 103(1),352,351(3) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया था। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष बरेसर ओमप्रकाश मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त का सफल अनावरण करते हुए घटना में संलिप्त वांछित अभियुक्तगण 1.मुन्ना राजभर उर्फ राजकुमार 2.शिवकुमार राजभर 3.बृजेश राजभर 4.अंदीप कुमार समस्त निवासीगण ग्राम सिपाह थाना बरेसर जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त मुन्ना राजभर उर्फ राजकुमार राजभर उपरोक्त के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आला कत्ल एक अदद बांस की लाठी बरामद किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## पुलिस मुठभेड़ में घायल गो तस्कर साथी सहित गिरफ्तार

**गाजीपुर।** जिले के रामपुर मांझा थाना पुलिस टीम द्वारा शातिर गौ तस्कर को पुलिस मुठभेड़ में घायलावस्था में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा .315 बोर मय खोखा कारतूस व एक जिंदा कारतूस और बोलेरो गाड़ी पर लदे तीन गोवंश बरामद कर लिया। बताया गया कि अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष रामपुर मांझा थानाध्यक्ष कौशलेन्द्र प्रताप सिंह मय टीम रात्रि गश्त में थे। रात में ही चीता मोबाइल से सूचना प्राप्त हुई कि एक संदिग्ध बोलेरो गाड़ी पियरी से चकेरी की तरफ जा रही है। इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा ग्राम चकेरी चौराहा मंदिर के पास घेराबंदी कर रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया जाने लगा, पुलिस टीम द्वारा जवाबी फायरिंग की गयी तो एक बदमाश बायें पैर में गोली लगने से घायल हो गया व एक बदमाश को मौके से गिरफ्तार किया गया। गिरफ़्तार अभियुक्तों में घायल कमलेश बिंद पुत्र पंचम बिंद ग्राम सहेड़ी थाना नंदगंज जनपद गाज़ीपुर का तथा मौके से पकड़ा गया सोनू यादव पुत्र रामअवध यादव ग्राम पचरासी थाना नंदगंज जनपद गाज़ीपुर का निवासी है। घायल कमलेश बिंद को इलाज हेतु तत्काल सीएचसी देवकली भेजा गया।

# गोपीनाथ पीजी कॉलेज में सावन उत्सव की धूम, हरियाली और उल्लास से सराबोर हुआ परिसर

समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।





गोपीनाथ पीजी कॉलेज, देवली में सावन उत्सव 2026 का आयोजन हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। सावन की हरियाली, लोक परंपराओं और सांस्कृतिक रंगों से सजे महाविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे परिसर में उत्सव का माहौल रहा और विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर को सावन की थीम के अनुरूप आकर्षक ढंग से सजाया गया। हरियाली, झूले, रंग-बिरंगे परिधानों और पारंपरिक सजावट ने वातावरण को मनमोहक बना दिया। छात्राओं ने सावन के पारंपरिक परिधानों में पहुंचकर उत्सव की खूबसूरती बढ़ाई, वहीं विद्यार्थियों ने लोकगीत, नृत्य और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सावन की जीवंत परंपरा को प्रस्तुत किया। सावन उत्सव में मेहंदी, झूला, लोकगीत, नृत्य तथा विभिन्न मनोरंजक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। छात्राओं में मेहंदी प्रतियोगिता को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। हाथों पर सजी आकर्षक मेहंदी की डिजाइनों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। वहीं सावन के गीतों और लोकधुनों पर विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने वातावरण को खुशनुमा बना दिया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए यह संदेश भी दिया कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सावन उत्सव के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय लोक संस्कृति, परंपराओं और आपसी सौहार्द से जुड़ने का अवसर मिला। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुधा त्रिपाठी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के अंदर छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने के साथ-साथ उन्हें अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी विशेष महत्व दिया जाता है, ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। महाविद्यालय के प्रबंधक शिवम त्रिपाठी ने सावन उत्सव में विद्यार्थियों की सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति की खूबसूरती उसकी विविध लोक परंपराओं और उत्सवों में दिखाई देती है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और टीम भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे के साथ सावन की खुशियां साझा करते हुए कार्यक्रम को यादगार बनाया। पूरे आयोजन के दौरान परिसर में हंसी-खुशी और उत्साह का वातावरण बना रहा। सावन उत्सव के समापन अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया गया। आयोजकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले महाविद्यालय परिवार, शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

गोपीनाथ पीजी कॉलेज में आयोजित सावन उत्सव 2026 ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि संस्कृति, परंपरा, कला और रचनात्मकता से जुड़कर ही विद्यार्थी का व्यक्तित्व पूर्ण रूप से विकसित होता है। सावन की फुहारों के बीच आयोजित यह उत्सव विद्यार्थियों के लिए आनंद, उमंग और यादगार पलों से भरा रहा।